## जबलपुर के ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में धमाका, दो कर्मचारियों की मौत

- एरियल बम में अचानक विस्फोट से हुआ धमाका, 10 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल
- लड़ाकू विमान और टैंकों के लिए बनाए जाते हैं बम

**भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आती है यह फैक्ट्री**

**फैक्ट्री के अंदर किसी बाहरी व्यक्ति को आने की नहीं है अनुमति**





**एजेंसी/जबलपुर**

मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित सेना के ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में जोरदार धमाका हो गया। इसके कारण दो कर्मचारियों की मौत हो गई, वहीं 10 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हैं। यह धमाका फैक्ट्री के एफ 6 सेक्शन में हुआ है। बताया जा रहा है कि एरियल बम में अचानक विस्फोट हुआ। धमाका इतनी तेज था कि पूरी बिल्डिंग धराशाई हो गई। मलबे में कई कर्मचारी भी दबे हैं और राहत बचाव का कार्य जारी है। फैक्ट्री प्रबंधन ने ही बचाव कार्य शुरू किया।

जिस फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ है, उसे ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया के नाम से जाना जाता है। यहां पर लड़ाकू विमान और टैंकों के लिए भी बम बनाए जाते हैं। बताया जाता है कि हजार पाउडर बम की यूनिट में ब्लास्ट हुआ है। घायलों को जबलपुर के एक अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है। फैक्ट्री के अंदर किसी बाहरी व्यक्ति को आने की अनुमति नहीं हुई है। ऐसे में अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि कितने का नुकसान हुआ है।

इसके बाद राहत और बचाव की टीम भी मौके पर पहुंची। पूरी घटना पर जबलपुर प्रशासन नजर बनाए हुए है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। यह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है। यह इलाका सेंसेटिव जोन में आता है। इसकी स्थापना ब्रिटिश काल के दौरान हुई थी। घटनास्थल पर मौजूद एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि यह धमाका बिल्डिंग नंबर 201 में हुआ। इस घटना में चार लोगों की हालत काफी गंभीर है। यह धमाका सुबह 11 बजे हुआ। सभी कर्मचारी अपने काम में व्यस्त थे और ऐसे में अचानक धमाका हो गया। वरिष्ठ अधिकारी मौके की जांच कर रहे हैं और हादसे की वजह जानने की कोशिश कर रहे हैं।

## हमारे संबंध इतने गहरे हैं कि बिना अनुवादक ही मेरी बात अच्छे से समझ सकते हैं पीएम मोदी: पुतिन

**एजेंसी/नई दिल्ली**



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए मंगलवार को रूस पहुंच गए हैं। रूस के कजान शहर पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान हंसी मजाक के क्षण भी देखे गए। दरअसल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बैठक की शुरूआत में कहा कि भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी को अनुवादक की जरूरत ही नहीं है। पुतिन ने पीएम मोदी से कहा कि हमारे संबंध तो इतने पुराने हैं कि मुझे नहीं लगता कि आपको मुझे समझने के लिए किसी अनुवादक की जरूरत है। पुतिन ने मुस्कुराते हुए ये बात कही तो मोदी भी इस पर हंस पड़े।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस दौरान कहा, 'मुझे याद है कि हम जुलाई में मिले थे और कई मुद्दों पर बहुत अच्छी चर्चा हुई थी। हमने कई बार टेलीफोन पर भी बात की। कजान आने के निमंत्रण को आपने स्वीकार किया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।' पुतिन ने कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते लगातार अच्छे हो रहे हैं। भारत ने कजान में भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है। हम इसका स्वागत करते हैं। भारत की नीतियों से हमारे सहयोग को फायदा होगा।

### खबरें फटाफट

#### लॉरेंस का एनकाउंटर करने पर 1 करोड़ के इनाम का ऐलान

**जयपुर।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी के बाद से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई लगातार चर्चा में हैं। करणी सेना ने अब घोषणा की है कि जो पुलिसकर्मी लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करेगा, उसे 1,11,11,111 रुपए (एक करोड़ ग्यारह लाख ग्यारह हजार ग्यारह सौ ग्यारह) का इनाम दिया जाएगा। करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि अमर शहीद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारे लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मी को यह पुरस्कार मिलेगा। उन्होंने कहा, हम उस बहादुर पुलिसकर्मी के परिवार की सुरक्षा और सभी व्यवस्थाओं का जिम्मा भी लेंगे। जय मां करणी। लॉरेंस बिश्नोई वर्तमान में गुजरात की साबरमती जेल में बंद है और वहां से भी वह अपने करीब 700 गुर्गों के साथ गैंग चला रहा है।

#### मप्र में एक लाख पदों पर होगी बहाली

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मध्य प्रदेश कैबिनेट बैठक में राज्य के बेरोजगार युवाओं के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। बैठक में विभिन्न विभागों के खाली पड़े एक लाख सरकारी पदों पर जल्द भर्ती करने का निर्णय लिया गया। इसमें दिसंबर 2024 तक एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती में तेजी लाने का निर्णय लिया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के 6388 नवीन पद (5936 नियमित एवं 452 संविदा) शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया राज्य लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से की जाएगी।

**सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 25 एजेंडों पर लगी मुहर**

# मुंबई में कैंसर मरीजों के रुकने के लिए बनेगा 22 मंजिला बिहार निवास

- दीपावली में सरकारी कर्मचारियों को नहीं मिला है डीए का गिफ्ट
- होमगार्ड के जवानों को अवकाश के दिनों में काम करने पर मानदेय के अलावे एक महीने का अतिरिक्त वेतन दिया जाएगा

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 25 एजेंडों पर मुहर लगी है। इस बार की दीपावली में सरकारी कर्मचारियों को डीए का गिफ्ट नहीं मिला है। एजेंडों में होमगार्ड के जवानों को बड़ी राहत दी गई है। अवकाश के दिनों में काम करने पर मानदेय के अलावे उन्हें एक महीने का अतिरिक्त वेतन दिए जाने का कैबिनेट में निर्णय लिया गया है। इसके अलावा जवानों को 20 दिनों के क्षतिपूर्ति अवकाश की अनुमान्यता प्रदान की गई है। मुंबई में 22 मंजिला बिहार निवास बनेगा। जिसमें सबसे निचले फ्लोर पर कैंसर मरीज रुक सकेंगे और सबसे ऊपरी मंजिल पर अधिकारी रुकेंगे।



**इन परियोजनाओं को मिली नीतीश कैबिनेट से मंजूरी**

कैबिनेट की बैठक में लखीसराय में 15 किलोमीटर पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य के लिए 59 करोड़ 56 लाख 50 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। लखीसराय-जमुई-बांका एवं अररिया जिले के चार कुल परियोजनाओं के निर्माण के लिए 175 करोड़ 28 लाख 91 हजार रुपए की मंजूरी दी गई है। सारण तटबंध के 40 किलोमीटर से 72 किलोमीटर के बीच तटबंध के मजबूतीकारण के लिए 60 करोड़ 92 लाख 38000 का प्रावधान को अनुमति दी गई है। तिरहुत मुख नहर के 223.11 किलोमीटर से 240.85 किलोमीटर तक नहर का पुनर्स्थापना एवं लाइनिंग कार्य के लिए 181 करोड़ 76 लख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

बिहार स्थानीय क्षेत्र अभियंतन सेवा संशोधन नियमावली 2024 की स्वीकृति दी गई है। बिहार कृषि विभागीय लिपिक संवर्ग भर्ती प्रोन्नति एवं सेवा शर्त नियमावली 2024 के गठन की स्वीकृति दी गई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग बिहार पटना के अंतर्गत बिहार परिधापक संवर्ग के मूल कोटी एवं प्रोन्नति के पदों पर नियुक्ति एवं उनकी सेवा शर्तों के निर्धारण हेतु बिहार परिधापक संवर्ग नियमावली 2024 के गठन की मंजूरी मिली है। वित्त विभाग के अंतर्गत वित्तीय विशेषज्ञ एवं बजट सलाहकार के एक-एक पद का दो वर्षों के लिए अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई है।

**बीसीसीआई करेगी मोइनुल हक स्टेडियम का पुनर्निर्माण**

पटना के राजेंद्र नगर स्थित मोइनुलहक स्टेडियम को पुनर्निर्माण के लिए भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) को बिहार सरकार लंबे समय के लिए लीज पर देगी। इसके लिए एमओयू साइन करने की अनुमति कैबिनेट की बैठक में दी गई है। साथ ही तिरहुत मुख्य नहर के पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्य प्राक्कलित राशि 18176.00 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। एमओयू साइन हो जाने के बाद स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के कई क्रिकेट मैच आयोजन होने की संभावना है। साथ ही क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा और राज्य में खेल का विकास में भी बल मिलेगा। एमओयू 1 प्रति वर्ष 7 साल के लिए एग्रीमेंट होगा और 7 साल के बाद 50-50 प्रॉफिट का एग्रीमेंट होगा। स्टेडियम के पुनर्निर्माण में सारा खर्व बीसीसीआई करेगी। इसमें रात्रि में भी खेल की व्यवस्था की जाएगी। लीज 30 साल का होगा। इसमें होटल की व्यवस्था भी की जाएगी। 40000 क्षमता का स्टेडियम बनाया जाएगा। सारा खर्चा बीसीसीआई करेगी।

## देश के सभी सीआरपीएफ के स्कूल को बम से उड़ाने की मिली धमकी

- सोमवार रात ये मेल देश के कई स्कूलों को आया
- जांच के बाद स्कूलों में कुछ नहीं मिला
- धमकी मिलने के बाद बढ़ाई गई स्कूलों की सुरक्षा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सीआरपीएफ के दिल्ली समेत देशभर में स्थित कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी का मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक देश के सभी सीआरपीएफ के स्कूल्स को बम से उड़ाने का धमकी भरा ईमेल आया है। सोमवार रात ये मेल देश के कई स्कूलों को आया। जांच के बाद स्कूलों में कुछ नहीं मिला। मेल भेजने वाले ने सुबह 11 बजे तक सभी सीआरपीएफ स्कूलों में बम से उड़ाने की धमकी दी थी। मेल भेजने वाले ने पूर्व डीएमके लीडर जफर सादिक की अरेस्ट का जिक्र किया था जिसको एनसीबी और फिर ईडी ने अरेस्ट किया था।

**जांच में अफवाह निकली धमाके की जानकारी:** दिल्ली के जिन दो सीआरपीएफ स्कूलों को बम ले उड़ाने की धमकी मिली थी उनमें से एक रोहिणी और एक द्वारका में है। इस मेल का रोहिणी के प्रशांत विहार में हुए धमाके से कोई लिंक नही है। जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी का सोमवार रात मेल मिला। सूत्रों के मुताबिक, यह धमकी सोमवार देर रात इन स्कूलों के प्रबंधन को भेजे गए एक ईमेल के जरिए दी गई। जांच में बम धमाके की जानकारी अफवाह निकली।

सीआरपीएफ ने इस धमकी के बाद अपने सभी स्कूलों को अलर्ट पर रहने के लिए बोला है। दिल्ली पुलिस ने भी सीआरपीएफ स्कूलों के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**पहले भी मिल चुकी है इस तरह की धमकी**

बता दें कि चार अक्टूबर को बेंगलुरु के तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली थी। इससे परिसरों में दहशत फैल गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बसवनगुड़ी में बेंगलुरु इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और सदाशिवनगर में एमएस रमैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को दोपहर करीब 1 बजे ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली।

## लालू यादव के करीबी अमित कात्याल की 56 करोड़ से अधिक की संपत्ति को ईडी ने किया जब्त

**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी अमित कात्याल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ईडी ने अमित कत्याल की 56 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को जब्त किया है। यह कार्रवाई धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत की गई है, और बताया जा रहा है कि ये संपत्तियाँ गुड़गांव और दिल्ली में स्थित हैं। बताया जा रहा है कि ये संपत्तियाँ गुड़गांव और दिल्ली में स्थित हैं। ईडी ने यह कार्रवाई धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत की है। ईडी ने पहले अमित कात्याल को गिरफ्तार भी किया था, लेकिन उन्हें कोर्ट से जमानत मिल गई।

आपको बता दें कि अमित कात्याल एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) हैं। उन पर प्लॉट खरीदारों के पैसे की हेराफेरी करने और उसे अवैध तरीके से डायवर्ट करने का आरोप है। ईडी ने उनके खिलाफ मेसर्स कृष रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई की है। ईडी ने 18 अक्टूबर को उनके दो परिसरों में छापेमारी की, जहां से 35 लाख रुपये नकद और कुछ आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। उनके भाई राजेश कात्याल को 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया और उन्हें ईडी की रिमांड पर भेजा गया है।

### जूनियर डॉक्टर्स की भूख हड़ताल खत्म

**कोलकाता।** कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर्स से दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में जारी जूनियर डॉक्टर्स की भूख हड़ताल खत्म हो गई है। इसके साथ ही डॉक्टरों ने हेल्थ स्ट्राइक भी वापस ले ली है। सोमवार को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ हुई बैठक के बाद जूनियर डॉक्टर्स ने भूख हड़ताल वापस ले ली। आंदोलनकारी डॉक्टर्स ने कहा, बैठक में हमें कुछ आश्वासन तो मिला, लेकिन राज्य सरकार का हाव-भाव सकारात्मक नहीं था।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर, सलोनी हार्ट सेंटर का किया शिलान्यास**

## एसजीपीजीआई में 1,147 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

**केटी न्यूज/लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2017 से पहले जहां प्रदेश के 18 जिलों में ही मेडिकल कॉलेज थे, वहीं आज प्रदेश के 64 जिलों में मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर की आवश्यकता काफी समय से थी क्योंकि प्रदेश में बच्चों से जुड़ी बीमारियों को मैंने नजदीक से देखा है। इसको लेकर सांसद रहने के दौरान संसद और सड़क पर आंदोलन भी किया। वहीं, सरकार आने के बाद डबल इंजन के प्रयास से जल्द ही एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर मूर्त रूप लेगा। हमने जापानी इंसेफेलाइटिस का समाधान करने में सफलता पायी है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि इससे सबसे ज्यादा बच्चे प्रभावित होते थे।



ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एसजीपीजीआई की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में कही। इससे पहले सीएम ने सलोनी हार्ट सेंटर, एडवांस डायबिटीज सेंटर, टेली आईसीयू का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसजीपीजीआई में 1,147 करोड़ रुपये की एडवांस डायबिटीज सेंटर, टेली आईसीयू, सलोनी हार्ट सेंटर (प्रथम चरण), कॉलेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी का छात्रावास का उद्घाटन और एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर, सलोनी हार्ट सेंटर (द्वितीय चरण), रैन बसेरा का शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर में 575 बेड्स के निर्माण की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जा रहा है। यहां 22 विभागों की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसमें हार्मोंस, डायबिटीज, पीडियाट्रिक आईसीयू, इमरजेंसी पीडियाट्रिक जेनेटिक, पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी समेत अन्य बीमारियों का इलाज एक छत के नीचे होगा। सीएम योगी ने कहा कि सलोनी हार्ट सेंटर के पहले चरण की शुरूआत हो गयी है। वहीं, सेंटर के दूसरे चरण का एमओयू साइन हो गया है। इसके जरिये सलोनी हार्ट सेंटर 200 बेड की विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ हर साल 5 हजार बच्चों की हार्ट से जुड़ी हुई गंभीर सर्जरी कर उन्हे सुखमय जीवन देगा। साथ ही, हर साल दस हजार बच्चों को सेकेंड ओपिनियन आदि उपलब्ध कराएगा।

**रैन बसेरे में तीमारदारों को 20 रुपये में भोजन:** मुख्यमंत्री ने कहा कि ओएनजीसी के 51 करोड़ के सीएसआर फंड से एक हजार बेड के रैन बसेरा के निर्माण की कार्रवाई शुरू हो गयी है। इसमें जहां तीमारदारों को 15 से 20 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। वहीं, 200 छात्रों के लिए कॉलेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी छात्रावास का निर्माण पूरा हो चुका है।




# पटना में सीएम नीतीश ने किया ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर-2024 का उद्घाटन

- बिहार बनेगा देश का टूरिज्म कैपिटल
- आने वाले पांच सालों में भारत का पर्यटन उद्योग 500 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मंगलवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन में पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर-2024 का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने फीता काटकर फेयर का शुभारंभ किया और विभिन्न प्रदर्शनी का निरीक्षण कर संबंधित उत्पाद और सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, बिहार के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा सहित अन्य प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। टूरिज्म कैपिटल बनने की पूरी क्षमता है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के पास देश का टूरिज्म कैपिटल बनने की पूरी क्षमता है। बिहार की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर इसे देश में पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बना



सकती है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने गया, बोधगया, राजगीर और नालंदा के विकास के लिए विशेष योजनाएं बनाई हैं।उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा कर रही है। आने वाले पांच सालों में भारत का पर्यटन उद्योग 500 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। इस क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेगें। जिससे उनकी आर्थिक आय विकसित होगी।

## बिहार सरकार कर रही है पर्यटन का सतत विकास

बिहार के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार लगातार पर्यटन के क्षेत्र को समृद्ध कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच के तहत नालंदा, गया, बोधगया और राजगीर जैसे स्थलों का विकास किया जा रहा है। साथ ही, मेरा प्रखंड, मेरा गौरव जैसी योजनाओं के जरिए ग्रामीण पर्यटन स्थलों का भी विकास किया जा रहा है। उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने भी बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों की सराहना करते हुए कहा कि बिहार आत्मज्ञान का केंद्र रहा है और यहां का भ्रमण ज्ञान में वृद्धि का माध्यम है।इस कार्यक्रम में पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर राज्य के पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कारगर माध्यम साबित होगा। इस मौके पर कई राज्यों के प्रतिनिधि, पर्यटन उद्योग से जुड़े संगठन और कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जो आने वाले दो दिनों तक फेयर में हिस्सा लेंगे। इस दौरान उन्होंने बताया कि टूरिज्म के विकास के लिए राज्य के साथ अन्य कंपनियों के साथ भी संपर्क भी स्थापित किया जा रहा है। ताकि वह बिहार में अपने व्यापार को बढ़ावा दें। इसके लिए सरकार की ओर से हर कंपनी को सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि उन्हें परेशानी नहीं हो।

# जनसुराज से रामगढ़ सीट पर चुनाव लड़ेगे सुशील कुशवाहा

**केटी न्यूज/पटना**

चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की अगुवाई वाली जन सुराज पार्टी ने बिहार की रामगढ़ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए सुशील कुशवाहा को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। किशोर ने कैमूर जिले में म्यह घोषणा की। पूर्व बसपा नेता कुशवाहा ने 2019 का लोकसभा चुनाव बक्सर से लड़ा था। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र बक्सर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। राजद विधायक सुधाकर सिंह के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद रामगढ़ सीट पर उपचुनाव जरूरी हो गया। बिहार की चार सीटों- रामगढ़, तरारी, बेलागंज और इमामगंज सीट के लिए उपचुनाव होंगे। मतदान 13 नवंबर को होगा और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। इन चारों सीट पर उपचुनाव इसलिए हो रहे हैं क्योंकि वहां के विधायक लोकसभा के लिए निर्वाचित हो गए हैं। जन सुराज पार्टी ने पहले ही थल सेना के पूर्व उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल कृष्ण सिंह को तरारी विधानसभा सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

## अररिया के भाजपा सांसद के विवादित बयान से गर्मायी सियासत

# अररिया में रहना है तो हिंदू बनना होगा : सांसद प्रदीप

**केटी न्यूज/पटना**

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के द्वारा बिहार के सीमांचल इलाके में निकाली गई हिन्दू स्वाभिमान यात्रा के अररिया पहुंचने पर अररिया के भाजपा सांसद प्रदीप सिंह ने अपने संबोधन में कह दिया कि अगर अररिया में रहना है तो हिंदू बनना होगा। उन्होंने कहा कि कोई बोलता है गर्व से कहो हम मुसलमान हैं तो हमें हिंदू कहने में क्या शर्म है। हम सबको कहते हैं चुनाव में भी कि अररिया में रहना है तो हिंदू बनना होगा। जब बेटा-बेटी का ब्याह करना होगा तो परिवार, जाति, खानदान खोज लिजिएगा। आज देश की रक्षा कौन करेगा। हिंदू स्वाभिमान यात्रा के दौरान अररिया प्रदीप सिंह ने कहा कि देश का कोई भी नेता जो हिम्मत नहीं दिखा सका। भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज ने हिंदू स्वाभिमान यात्रा के माध्यम से वो साहस व पराक्रम दिखाया। इसके लिए तहेदिल से बधाई के पात्र हैं। उन्होंने गिरिराज सिंह को हिंदुओं के हृदय का सम्राट बताया। प्रदीप सिंह ने कहा कि हिंदू स्वाभिमान यात्रा के नाम से ही विरोधियों को मिर्ची लगी हुई है। आज हमें वो अवसर प्राप्त हुआ है, जब हम गर्व से ये कह सकें कि हम हिंदू हैं। उन्होंने देश को तरक्की को नित नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तमाम हिंदुओं को एकजुट होने का आह्वान किया। प्रदीप सिंह ने कहा कि खुद को हिन्दू बोलने में भला कैसी शर्म। इसके आगे वह बोलते हैं कि हम तो कहते हैं कि अगर अररिया में रहना है तो हिन्दू बनना होगा। जब बेटा-बेटी का शादी करना हो, तब जात-पात खोज लीजिए। लेकिन जब हिन्दुओं की एकजुटता की बात हो, तब पहले हिन्दू बनिए और बाद में जाति को ढूंढिए। सांसद प्रदीप सिंह के इस बयान को लोग सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल भी कर रहे हैं। वहीं इससे पहले हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर पूर्णिया पहुंचे गिरिराज सिंह ने जिला स्कूल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भागलपुर में और बेगूसराय में मुसलमान ने हिंदू देवी देवताओं को खंडित किया और प्रशासन कह रही है कि यह विक्षिप्त का काम है। शराबी का काम है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी राजद और कांग्रेस कि यह साजिश है। राहुल गांधी और राजद देश में गृह युद्ध करना चाहते हैं। राहुल गांधी तो अपने ननिहाल इटली भाग जाएंगे लेकिन तुम कहां भागोगे। इसलिए जब तक हिंदू एक नहीं होंगे तो ऐसे ही कटते रहेंगे। गिरिराज सिंह ने कहा कि आज यहां खुलेआम लव जिहाद और लैंड जिहाद हो रहा है। लेकिन, प्रशासन मूकदर्शक बैठी है। गिरिराज सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जो भी रोहंगिया और बांग्लादेशी आए हैं वह अवैध हैं। इन लोगों को बाहर करना है। गिरिराज सिंह ने कहा कि कुछ लोग कह रहे थे कि उन्हें जेल जाना पड़ेगा।





### दंगा भड़काने के लिए सीमांचल इलाकों में गए है

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने ने नीतीश कुमार, गिरिराज सिंह, प्रदीप सिंह और बीजेपी के अन्य नेताओं पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि गिरिराज सिंह जो यात्रा कर रहे हैं और अररिया के सांसद बिहार में बयान दे रहे हैं। बीजेपी को लोग इसका प्रयास कर रहे हैं कि दंगा भड़के। उन्होंने ये भी कहा कि नीतीश कुमार बहुत खुश हैं, महात्वाकांक्षी बात करते हैं लेकिन बीजेपी और आरएसएस के लोगों को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के जरिए बड़ा दंगा भड़काने का काम सीमांचल के इलाकों में किया जा रहा है। तेजस्वी ने कहा वो सीमांचल के इलाकों में गरीबी की बात करने नहीं गए हैं, बेरोजगारी मिटने नहीं गए,पलायन रोकने की बात नहीं कर रहे हैं। वो दंगा भड़काने के लिए सीमांचल इलाकों में गए हैं। एक भाई को दूसरे भाई से लड़वाने का काम और प्रयास किया जा रहा है।

# 27 दिनों के अंदर बिहार में 22 करोड़ स्पैम कॉल, 70 लाख फर्जी एसएमएस

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में लोगों को झांसे में लेने वाले कॉल की भरमार रहती है। अबतक सिर्फ इसका अंदाजा लगाया जाता था। अब एक ऐसा आंकड़ा सामने आया है, जो इसकी गंभीरता और विकराल स्थिति को सामने ला रहा है। एयरटेल ने यह आंकड़ा जारी किया है। एयरटेल ने 27 दिनों का आंकड़ा जारी किया है। 27 दिनों के अंदर एयरटेल ने बिहार-झारखंड सर्किल में 22 करोड़ स्पैम कॉल और 70 लाख स्पैम मैसेज की पहचान की। एयरटेल के स्पैम डिटेक्शन की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीक ने ऐसे कॉल-मैसेज की पहचान की है। भारती एयरटेल के सीईओ सुजॉय चक्रवर्ती ने यह आंकड़ा सार्वजनिक किया। सुजॉय चक्रवर्ती ने कहा कि डिजिटल दुनिया में मोबाइल उपभोक्ता लगातार घोटालों और धोखाधड़ी के बढ़ते खतरों का सामना कर रहे हैं और असुरक्षित महसूस करते हैं। इस गंभीर चुनौती को दूर करने के लिए एयरटेल ने एक अनूठा एआई-पावर्ड तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। यह अत्याधुनिक तकनीक संदिग्ध स्पैम कॉल्स और मैसेज को सक्रिय रूप से पहचानकर बिहार और झारखंड में एयरटेल के चार करोड़ ग्राहकों को सशक्त बनाती है। एयरटेल के डेटा वैज्ञानिकों ने एआई-सक्षम सेवा को बनाने में एक विशेष एल्गोरिद्म का उपयोग किया गया है, जो कॉल और एसएमएस को सस्पेक्टेड स्पैम के चिह्नित कर उपभोक्ता को अलर्ट करता है। एआई एल्गोरिद्म की मदद से मॉनिटर किया जाता है कि किस नंबर से कॉल आ रहा है या किसने एसएमएस भेजे हैं। इसके अलावा, यह कॉल और एसएमएस की संख्या और कितनी देर तक कॉल हुई, इसका भी विश्लेषण रखता है। जब यह जानकारी पहले से ज्ञात स्पैम पैटर्न से मिलती है, तो सिस्टम संभावित स्पैम कॉल्स और एसएमएस को सटीक ढंग से पहचान लेता है।

## पटना में युवक की निर्मम हत्या के बाद शव रेलवे ट्रैक के पास फेंका

**पटना।** पटना के फुलवारी शरीफ इलाके में मंगलवार को एक युवक की निर्मम हत्या कर उसका शव रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया गया। मृतक की पहचान हरे कृष्णा शर्मा (31) के रूप में हुई, जो मूल रूप से औरंगाबाद के निवासी थे। वह खगौल थानाक्षेत्र के लोको कॉलोनी में अपने भाई और परिवार के साथ रहते थे। जानकारी के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने दोपहर में रेलवे ट्रैक के पास शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। उसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक के गले पर जख्मों के निशान पाए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि हत्या के बाद शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया गया।

## एक नजर

### प्रत्यय अमृत का प्रमोशन, बने विकास आयुक्त



**पटना।** बिहार सरकार ने 24 घंटे के अंदर दूसरी बार एक दर्जन से अधिक भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला किया है। बिहार के चर्चित और सीनियर आईएएस अधिकारी प्रत्यय अमृत अब बिहार के नए विकास आयुक्त बनाए गए हैं। वहीं, चैतन्य प्रसाद को विकास आयुक्त से हटाकर मुख्य जांच आयुक्त और सामान्य प्रशासन विभाग का प्रभार दिया गया है। बता दें कि प्रत्यय अमृत स्वास्थ्य विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार में पहले की तरह बने रहेंगे। वहीं, मिहिर कुमार सिंह को पथ निर्माण विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। बता दें कि 1990 बैच के आईएस अधिकारी चैतन्य प्रसाद विकास आयुक्त से मुख्य जांच आयुक्त , सामान्य प्रशासन विभाग पर पदास्थापित किया गया है। वहीं 1991 बैच के चर्चित आईएएस अधिकारी प्रत्यय अमृत को नया विकास आयुक्त बनाया गया है। वहीं 1993 बैच के आईएएस अधिकारी मिहिर कुमार सिंह को पंचायती राज विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही मिहिर कुमार सिंह के पास खान आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार बना रहेगा। वहीं, 1998 बैच के आईएएस अधिकारी नर्मदेश्वर लाल को गन्ना उद्योग विभाग से तबादला कर खान एवं भूतत्व विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। 2005 बैच के आईएएस अधिकारी दिवेश सेहरा को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के साथ-साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी महादलित विकास मिशन बनाया गया है। 2006 बैच के आईएएस अधिकारी धर्मेंद्र सिंह को सचिल सहकारिता विभाग के साथ-साथ सचिव खान एवं भू तत्व विभाग बनया गया है।

### बेतिया में बस से उतरने के दौरान हादसे में होमगार्ड के जवान की मौत

**बेतिया।** पश्चिम चम्पारण जिले के शनिचरी थाना के समीप बस के चपेट में आने से होमगार्ड जवान रामविलास राम की मौत हो गयी। शनिचरी थाना में प्रतिनियुक्त होमगार्ड जवान राम विलास राम अपनी ड्यूटी के लिए शिकारपुर से शनिचरी बस से आ रहे थे। बस जैसे ही शनिचरी पहुंची तथा धीमी गति हुई तभी गृह रक्षक बस से उतरने लगे। उतरने के क्रम में असंतुलित होकर रोड पर गिर गए। जिसके कारण उसी बस के चपेट में वे आ गए। गंभीर रुप से जख्मी होमगार्ड जवान को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, अस्पताल जाने के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई। मृतक गृह रक्षक के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# नीट पेपर लीक मामले में ईडी ने की बड़ी कार्रवाई, संजीव मुखिया के घर छापामारी

**केटी न्यूज/नालंदा**



देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षामें पेपर लीक के मामले में पटना पुलिस और आर्थिक अपराध इकाई ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। 25 सदस्यीय ईडी की विशेष टीम ने कुख्यात परीक्षा माफिया संजीव मुखिया के नालंदा स्थित आवास पर छापामारी कर महत्वपूर्ण दस्तावेज और सबूत बरामद किए हैं। यह छापेमारी नीट पेपर लीक मामले की जांच के सिलसिले में की गई थी, जिसमें परीक्षा से जुड़े कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि प्रति छात्र 40 लाख रुपये की मोटी रकम लेकर नीट का प्रश्न पत्र लीक किया गया था। एक प्रोफेसर के माध्यम से प्रश्न पत्र को मोबाइल के जरिए संजीव मुखिया तक पहुंचाया गया था। संजीव मुखिया नूरसराय हॉर्टिकल्चर कॉलेज में तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत है। उसका परीक्षा घोटालों से पुराना नाता रहा है। वर्ष 2016 में सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में भी मुखिया का नाम सामने आया था। बीएससी शिक्षक बहाली के पेपर लीक मामले में वह जेल भी जा चुका है। मुखिया का बेटा डॉ. शिव कुमार पीएमसीएच से एमबीबीएस है, जो वर्तमान में जेल में बंद है। इस परिवार का परीक्षा घोटालों में लंबे समय से संबंध रहा है। मुखिया की पत्नी ममता कुमारी भी राजनीति में सक्रिय रही हैं। वह हरनौत विधानसभा क्षेत्र से लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ चुकी हैं। पुलिस अन्य जुड़े लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

## भाजपा सांसद के आवास पर हथियार लेकर पहुंचा शख्स

**अररिया।** बिहार में अपराधी बेखौफ हो गये हैं। हिम्मत इतनी कि हथियार के आवास पर हथियार लेकर पहुंच गया। हालांकि उसे लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामला अररिया जिला का है, जहां भाजपा के सांसद प्रदीप सिंह के आवास पर एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर पहुंच गया। वहां पहुंचने के बाद उसने जैसे ही हथियार बाहर निकाला, वहां हड़कंप मच गया। तुरंत सांसद प्रदीप सिंह के कार्यकताओं ने उसे दबोच लिया और मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह सांसद के आवास पर पहुंचे। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुद की पहचान बनगामा अब्दुल्ला के रूप में की है।

## धर्मशीला देवी को टाउन थाना क्षेत्र के मीरगंज से किया गया जिंदा बरामद

# पति चार सालों से पत्नी की हत्या के आरोप में काट रहा सजा, बीवी आरा में मिली जिंदा

- दूसरी शादी से महिला के हैं दो बच्चें
- सोन नदी से एक शव मिला, पिता ने अपनी बेटी धर्मशीला के रूप में की थी पहचान

**केटी न्यूज/ भोजपुर**

बिहार के भोजपुर जिले से हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है, जहां जिस पत्नी की हत्या के आरोप में पति और ससुराल वाले जेल की सजा काट रहे थे। वही पत्नी अपने प्रेमी के साथ जिंदगी गुजर-बसर कर रही थी। पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया है। महिला ने बताया कि वह अपने पिता के चलते चार साल तक लापता रही। महिला की बरामदगी के साथ ही करीब चार साल पुराने दहेज हत्या का मामला खत्म हो गया। पूरी घटना भोजपुर जिले के चौरी थाना का है। महिला ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह अपने पिता की प्रताड़ना से परेशान होकर घर से भागी थी। साल 2015 में जनकपुरिया गांव के रहने वाले अवध बिहारी सिंह की बेटी धर्मशीला देवी की शादी छपरा गांव के रहने वाले दीपक सिंह से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही महिला मायके लौट आई थी। इस दौरान वह बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गई थी। इसके बाद 2020 में महिला के पिता ने दहेज हत्या का



आरोप लगाते हुए दीपक सिंह, उसके पिता प्रमोद सिंह और बड़े भाई रवि शंकर के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस बीच सोन नदी से एक शव मिला तो महिला के पिता ने उस लाश को अपनी बेटी की लाश के तौर पर पहचान की थी। इसके बाद पुलिस ने महिला के ससुराल वालों के खिलाफ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ससुराल वाले करीब तीन साल तक जेल में रहे थे। इसके बाद वो जमानत पर कोर्ट से बाहर आ गए और हत्या को लेकर ट्रायल शुरू हो गया। इस बीच विवाहिता को टाउन थाना के मीरगंज से जिंदा बरामद कर लिया गया। विवाहिता ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसकी शादी के कुछ दिन बाद उसकी मां की मौत हो गई तो अपने पिता का ख्याल रखने के लिए वह मायके चली गई। इस दौरान उसके पिता उसे परेशान करने लगे थे। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पिता उसका शोषण करना चाहते थे। महिला ने बताया कि जब वह ट्रेन से कटने जा रही थी तभी अजय नाम के शख्स ने उसे बचाया और फिर उसने उसी से शादी कर ली और अब उसके दो बच्चे भी हैं।



# छठ से पूर्व सभी घाट होंगे चकाचक, घाटों तक बनेगा पहुंच पथ

♦ डीएम एसपी ने किया गंगा घाटों का निरीक्षण, घाटों से शिल्ट व कीचड़ हटाने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने मंगलवार को संयुक्त रूप से छठ पर्व के मद्देनजर विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम एसपी ने नाथ बाबा घाट से अहिरौली घाट एवं फुआ घाट का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बक्सर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को सभी छठ घाटों तक पहुंच पथ की साफ सफाई, घाटों पर जमे हुए दाग, कीचड़ तथा सिल्ट की पर्याप्त साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। डीएम ने छठ घाटों पर पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करने तथा इसके लिए अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर स्थानीय गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति कराने का निर्देश दिया।

**डीएम ने सुरक्षा के लिहाज से मजबूत बैरेकेटिंग का दिया निर्देश**

छठ घाटों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा के लिहाज से गंगा नदी में मजबूत बैरेकेटिंग कराने का निर्देश दिया, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से बैरेकेटिंग सबसे जरूरी है।

उन्होंने छठ समिति से समन्वय स्थापित कर पर्व को लेकर सभी आवश्यक तैयारी के संबंध में बैठक करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार मिश्र एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को निर्देश दिया। साथ ही सभी छठ घाटों पर प्रवेश एवं निकास द्वारा की व्यवस्था कराने के लिए छठ समिति को कहा गया। डीएम ने कहा कि छठ के दौरान ऐसी व्यवस्था हो जिससे व्रती परिवारों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने छठ पूर्व सभी तैयारी पूरी करने का निर्देश ईओ को दिया और कहा कि छठ पूर्व साफ-सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने को कहा।

वही एसपी ने भी कई आवश्यक निर्देश संबंधित लोगों को दिया और कहा कि छठ पूजा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### छह-सात नवंबर को मनाया जाएगा छठ

लोक आस्था का महापर्व छठ इस बार छह-सात नवंबर को मनाया जाएगा। इस महापर्व के दौरान लाखों परिवार गंगा तथा अन्य जलाशयों के किनारे पहुंच महापर्व के विधानों को पूरा करते है। सबसे अधिक भीड़ गंगा घाटों पर रहती है। यही कारण है कि प्रशासन पहले से ही विधि व्यवस्था व सुरक्षा के लिहाज से तैयारी में जुट गया है। छठ महापर्व बिहार का सबसे बड़ा महापर्व है। इस महापर्व में लोगों की आस्था व विश्वास देखने को मिलता है। यही कारण है कि जिला प्रशासन तैयारियों को ले सजग हो गया है।

## एक नजर

### उपभोक्ता आयोग में परिवाद दाखिल होते ही कंपनी ने परिवादी को दिया नया मोबाइल



**बक्सर।** बक्सर उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर होते ही वीवो कंपनी को अपनी गलती का एहसास हुआ तथा कंपनी ने उपभोक्ता को नया मोबाइल दे समझौता कर लिया। मंगलवार को जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सह न्यायाधीश वेद प्रकाश सिंह ने उक्त उपभोक्ता को नया मोबाइल सौंपा। इस दौरान वीवो कंपनी के अधिकारी तथा परिवादी के अधिवक्ता विष्णुदत्त द्विवेदी मौजूद थे। परिवादी के अधिवक्ता विष्णुदत्त द्विवेदी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इटाढ़ी थाना क्षेत्र के चिल्हर गांव के रहने वाले वीर बहादुर सिंह ने बक्सर के श्री दुर्गा मोबाइल दुकान से वीवो कंपनी का वी 5 एस मोबाइल 18 हजार 999 रूपए में खरीदा था, लेकिन मोबाइल उक्त मोबाइल का जब उपभोक्ता ने उपयोग करना शुरू किया तो वह गर्म होने लगा। उपभोक्ता को इस बात का डर सताने लगा कि यह मोबाइल ब्लास्ट भी कर सकता है। उसने दुकानदार से इसकी शिकायत की तथा दूसरा मोबाइल देने को कहा, लेकिन दुकानदार ने इसे वीवो कंपनी का मामला बता टालमटोल कर दिया। थक हारकर उसने जिला उपभोक्ता आयोग दरवाजा खटखटाया। जिसकी सुनवाई जिला उपभोक्ता आयोग में की जा रही थी। मंगलवार को कंपनी के मैनेजर रविकांत कुमार ने 35 हजार रूपए मूल्य का नया मोबाइल वी 40 परिवादी को देकर समझौते के आधार पर मामले को निष्पादित करने का निवेदन किया। इस संबंध में कंपनी के बिहार रेंज के मैनेजर रविकांत कुमार ने कहा कि उपभोक्ताओं की संतुष्टि कंपनी का प्रथम प्राथमिकता है ऐसे में नया और महंगा सेट देकर मामले को समझौते के आधार पर निष्पादित कराया गया है। वही परिवादी वीर बहादुर सिंह ने कहा कि उन्होंने लाखों रुपए की क्षति पूर्ति के लिए परिवाद पत्र दाखिल किया था, लेकिन कंपनी के गलती स्वीकार कर लेने के बाद अब मुकदमे को आगे बढ़ाना सामाजिक रूप से ठीक नहीं है। अधिवक्ता विष्णुदत्त द्विवेदी के समझाने पर उन्होंने मुकदमा वापस ले लिया।


### शैक्षणिक समस्याओं पर विद्यार्थी परिषद ने किया प्राचार्य का पुतला दहन



**बक्सर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) बक्सर द्वारा महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में शैक्षणिक समस्याओं को लेकर प्राचार्य का पुतला दहन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अभाविप के जिला संयोजक अविनाश पांडेय ने कहा कि यूजी सेकेंड सेमेस्टर के लगभग 75 प्रतिशत छात्रों का रिजल्ट अब तक लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र आंतरिक परीक्षा में मामूली अंकों से फेल हो रहे हैं, जो प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। जिला सह संयोजक प्रियांशु शुभम ने कहा कि प्रशासन की सुस्त कार्यशैली के कारण छात्रों का भविष्य दांव पर है। उन्होंने डिजिटल बोर्ड की मांग पूरी न होने और महाविद्यालय में विश्वामित्र मुनि की मूर्ति स्थापित न होने पर भी नाराजगी जताई। छात्रों ने कहा कि अगर सात दिनों के भीतर मांगें नहीं मानी गईं, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। पुतला दहन के बाद कार्यकताओं ने कहा कि यदि कॉलेज प्रशासन अपने कार्यशैली में सुधार नहीं करता है तो जल्दी ही चरण बद्ध आंदोलन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में गई जबकि, संचालन विवेक पांडेय ने किया।

### भूमि संबंधी मामलों को सुलझाने के लिए अंचल कर्मचारी के साथ जनसुनवाई करेंगे सदर विधायक

**बक्सर।** सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी भू-मामलों के समाधान के लिए जासो पंचायत भवन स्थित अंचल कर्मचारी के साथ उनके कार्यालय पर उपस्थित हो जनसुनवाई करेंगे। यह अभियान बुधवार 23 अक्टूबर से प्रारम्भ किया जा रहा है। वे दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक जनसुनवाई में भाग लेंगे। जिसमें बक्सर नगर, पुराना जासो पंचायत और करहंसी पंचायत से संबंधित भू-मामलों का निपटारा किया जाएगा। विधायक मुन्ना तिवारी ने बताया कि यह जनसुनवाई जनता द्वारा सर्वे के दौरान प्राप्त शिकायतों के आधार पर की जा रही है। इसमें दाखिल-खारिज की समस्या, जमीन के परिमार्जन तथा अन्य भू-संबंधित मुद्दों पर चर्चा और समाधान किया जाएगा। श्री तिवारी ने संबंधित व्यक्तियों से आग्रह किया है कि वे अपने आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित हों ताकि उनके मामलों का त्वरित समाधान किया जा सके। यह जनसुनवाई जासो हाई स्कूल के निकट अंचल कर्मचारी के कार्यालय में आयोजित होगी, जहां अंचल कर्मी और अन्य सम्बंधित अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सभी भू-मामलों का समाधान आधिकारिक स्तर पर किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनता को उनकी जमीन से संबंधित समस्याओं से निजात दिलाना और कागजातों को समय पर वैधता दिलाना है। विधायक के इस पहल के बाद जासों के ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि इसी तरह से जन समस्याओं के समाधान के लिए सार्थक पहल करें तो जनता के सामने समस्याएं आएंगी ही नहीं।



## खबरें फटाफट

### अनाधिकृत यात्रा करने वाले 14 लोग गिरफ्तार

**बक्सर।** मंगलवार को बक्सर रेलवे स्टेशन पर निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के निर्देशन में आरपीएफ की टीम द्वारा बक्सर स्टेशन से पास होने वाली विभिन्न गाड़ियों के महिलाओं व दिव्यागवों के लिए आरक्षित कोचों की पड़ताल की गई। इस दौरान कुल 14 यात्रियों को पकड़ गया, जिन्हें अग्रिम करवाई के लिए रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी आरा भेजा गया। जहां उनसे जुर्माना स्वरूप कुल 6600 रूपए वसूला गया।

### रेलवे ट्रैक से मिला घर से टहलने निकले युवक का शव

**बक्सर।** घर से टहलने के लिए निकले बक्सर के एक युवक का शव बरूना रेलवे स्टेशन के पास से बरामद हुआ है। घटना सोमवार की रात करीब 8.30 बजे की है। रेलकर्मियों की सूचना पर पहुंची बक्सर जीआरपी टीम ने शव को कब्जे में ले शिनाख्त के बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेजा। मृतक की पहचान बक्सर बारी टोला निवासी स्व. राम प्रसाद वर्मा के 42 वर्षीय पुत्र प्रेमशंकर वर्मा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वे घर से शाम में टहलने की बात कह निकले थे। लेकिन कुछ घंटे बाद ही जीआरपी ने फोन कर उनकी मौत की सूचना दी।

**सभी विभागों के सचिव ने वीसी के माध्यम से की की समीक्षा, बोले मद्य निषेध सचिव...**

# शराब व ताड़ी करोबार से मुक्त कराए गए लोगों के रोजगार की करें व्यवस्था

♦ जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के साथ सभी विभाग के विभागाध्यक्षों ने भी बैठक में लिया हिस्सा

**केटी न्यूज/बक्सर**



सोमवार को बिहार सरकार के विकास आयुक्त की अध्यक्षता में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, गृह विभाग, निर्वाचन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, वित विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, परिवहन विभाग, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, खेल विभाग, कला संस्कृति एवं युवा विभाग एवं विधि विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

वीसी में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार अंतर्गत द्वारा दाखिल खारिज, परिमार्जन प्लस, अभियान बसेरा-2, आधार सीडिंग, ई-मापी, मेला आयोजन, सीसीएमएस रिपोर्ट के संबंध में त्वरित कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि इन सभी योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। प्रधान सचिव, गृह विभाग ने बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत करवाई, आर्म्स प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, भूमिहीन थाना, अग्निशामालय, चरित्र प्रमाण पत्र सत्यापन, भू समाधान पोर्टल पर प्रविष्टि एवं निष्पादन, कब्रिस्तान घेराबंदी, मंदिर चाहरदिवारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। वहीं, प्रधान सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार ने जातीय सर्वे, बजट से संबंधित मामले, रोजगार सृजन, कार्यस्थल एवं कार्यालय परिसर में स्वच्छता, लंबित सीपी ग्राम, सीएम डैशबोर्ड एवं जन शिकायत के मामलों का निष्पादन करने के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया।

**वित्त विभाग के प्रधान सचिव ने सरफेसी एक्ट के क्रियान्वयन का दिया निर्देश :** प्रधान सचिव, वित्त विभाग द्वारा सरफेसी एक्ट के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने इस एक्ट को धरातल पर उतारने की बात कही। अपर मुख्य सचिव, खान एवं भू-तत्व विभाग, द्वारा नीलमित बालूघाटों का संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

**मद्य निषेध सचिव ने शराब तस्करी पर लगाम लगाने का दिया निर्देश :** सचिव, मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध छापेमारी, पूर्व में शराब एवं ताड़ी के व्यवसाय में संलग्न परिवारों को सतत जीविकोपार्जन योजना से जोड़ने, पुलिस विभाग के साथ सूचनाओं का आदान प्रदान, छापेमारी के दौरान जब्त वाहनों व लंबित वाहनों की नीलामी के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि शराब व ताड़ी कारोबार से लोगों को मुक्त कराने का सबसे बढ़िया विकल्प है कि उनके लिए रोजगार का सृजन किया जाए। वहीं, सचिव परिवहन विभाग ने हेलमेट कवरेज को 90 प्रतिशत से ऊपर करने, हिट एंड रन अनुग्रह अनुदान तथा नन हिट एंड रन अनुग्रह अनुदान से लंबित मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**प्रत्येक गांव व नगर निकायों में होगा खेल मैदान का निर्माण :** प्रधान सचिव, खेल विभाग ने बताया कि खेलो इंडिया के तहत आधुनिक खेल संरचनाओं का निर्माण प्रत्येक ग्राम एवं नगर पंचायतों में कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों व नगर पंचायतों में एक खेल मैदान का निर्माण कराया जाएगा। जबकि जिला मुख्यालय में खेल भवन सह व्यायामशाला, इनडोर स्टेडियम तथा प्रत्येक प्रखंड में एक आउटडोर स्टेडियम निर्माण कराया जाना है। उन्होंने अधिकारियों से इसके लिए जमीन का चयन कर उसका प्रतिवेदन भेजने को कहा।

### होर्डिंग लगाने व लाइव स्ट्रीमिंग के माध्य से दें जानकारी

सचिव, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, बिहार द्वारा नए होर्डिंग की स्थापना, लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से विभागीय जानकारी देने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। ताकी लोगों को विभागीय जानकारी आसानी से मिल सकें।

### सचिव ने मिलों का भौतिक सत्यापन को कहा

सचिव खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बिहार द्वारा धान अधिप्राप्ति, मिलों का निबंध एवं भौतिक सत्यापन के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धान खरीद की शुरूआत होने से पूर्व सभी मिलों का भौतिक सत्यापन कर लेना है।

### प्रखंडों में दिव्यांगों के लिए लगाए जा रहे हैं शिविर

बक्सर। सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग बक्सर से प्राप्त सुचनानुसार बुधवार को केसठ प्रखंड में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के सौजन्य से यूडीआईडी कार्ड हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 23 अक्टूबर को केसठ प्रखंड कार्यालय, 24 अक्टूबर को चक्की प्रखंड कार्यालय, 25 अक्टूबर को सिमरी प्रखंड कार्यालय, 26 अक्टूबर को ब्रह्मपुर प्रखंड कार्यालय, 28 अक्टूबर को चौगाई प्रखंड कार्यालय, 29 अक्टूबर को राजपुर प्रखंड कार्यालय, दो नवंबर 2024 को चौसा प्रखंड कार्यालय, चार नवंबर को इटाढ़ी प्रखंड कार्यालय, पांच नवंबर को सदर प्रखंड कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# दुकानदार को बेहोश कर उड़ाए लाखों के गहने

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र स्थित मुख्य बाजार में मंगलवार को सोने-चांदी की एक दुकान से लगभग लाखों रुपए की देवताओं की लाकेट व मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया। चोरों ने चोरी करने का तरकीब भी ऐसी निकाली की किसी को कुछ भनक तक नहीं लगा। जिस समय चोरी की यह घटना हुई उस समय दुकानदार दुकान में अकेले थे तथा चोर ने उसे बेहोश कर घटना को अंजाम दिया है। होश में आने के बाद पीड़ित दुकानदार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के अनुसार इटाढ़ी बाजार में स्थानीय निवासी संजय कुमार सोनी की सोने-चांदी के आभूषण की दुकान है। संजय कुमार ने बताया कि वह अपने दुकान में अकेले थे। इस दौरान चोरी करने वाला ग्राहक बन कर आया जहा मंगलसूत्र दिखाने को कहा। उन्होंने मंगलसूत्र के साथ सोने के लॉकेट अलग-अलग वेरायटी का दिखाने के लिए दो डिब्बे दिखाए। तभी दुकानदार को उसने ने बेहोशी की दवा सुघाकर बेहोश कर दिया और दो डिब्बा में रखे सोने के जेवरात लेकर चलते बना। इस घटना के बाद लोगों में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। वही इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जहा पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस चोर की शिनाख्त व मामले के उद्भेदन के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। दुकानदार ने बताया कि एक डिब्बा देवता का लाकेट व दुसरा डिब्बा में एक दर्जन सोने के मंगलसूत्र था, जिसे चोर लेकर फरार हो गया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंच मामले की जांच कर रही है। वहीं, सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे है।

# बहस के दौरान वरिष्ठ वकील की हार्ट अटैक से मौत

♦ कोर्ट में अचेत होकर गिरने के बारद तैनात डॉक्टर ने दिया सीपीआर
♦ जज की कार से ले जाया गया अस्पताल

**केटी न्यूज/बक्सर**



व्यवहार न्यायालय बक्सर में सोमवार को एक अप्रत्याशित घटना सामने आई। कोर्ट में बहस के दौरान अचानक एक वरिष्ठ अधिवक्ता को हार्ट अटैक आ गया, उन्हें कोर्ट में तैनात डॉक्टर ने तत्काल सीपीआर दिया। हालत में सुधार नहीं होने पर न्यायाधीश के निजी वाहन से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से बक्सर कोर्ट के अधिवक्ताओं के बीच अफरा तफरी मच गई थी। अधिवक्ता के निधन पर बुधवार को कोर्ट में नो वर्क रहेगा।

मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे वरिष्ठ अधिवक्ता तथा जिले के वभनी गांव निवासी 66 वर्षीय सुरेन्द्र तिवारी जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश - दशम में एक केस का बहस कर रहे थे। बहस के दौरान ही अचानक उन्हें सीने में दर्द हो गया तथा वे कोर्ट परिसर में ही गिर गए। इसके बाद तत्काल न्यायाधीश के निर्देश पर कोर्ट में तैनात चिकित्सक ने उन्हें सीपीआर भी दिया, लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। इसके बाद उन्हें जज की निजी कार से ही इलाज के लिए सदर अढस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके मौत की जानकारी मिलते ही कोर्ट परिसर में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। उनके साथी वकीलों की मानें तो वे काफी आध्यात्मिक विचार के थे तथा वेद, धर्म व दर्शन के प्रति उनकी गहरी रूचि थी। उनके असामयिक निधन से वकीलों में मायूशी छाई है।

**पत्रकार डॉ. शशांक शेखर के प्रयास से बक्सर युद्ध के 260 वर्ष पूरे होने पर आयोजित हुआ राष्ट्रीय परिसंवाद**

# धार्मिक गाथाओं में भी ज्यादा है बक्सर की चर्चा : लक्ष्मीकांत

♦ शहर के बुद्धिजीवियों ने रखें अपने विचार

**केटी न्यूज/बक्सर**




बक्सर इतिहास संस्थान एवं क्रियेटिव हिस्ट्री के द्वारा मंगलवार को बक्सर युद्ध के 260 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन किया गया। यह आयोजन संयोजक सह श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ. शंशाक शेखर की अगुवाई में किया गया। इस मौके पर शहर के बुद्धिजीवियों ने अपने विचार रखें। वही इतिहास स्मृतियां अनुभव और चुनौतियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने व संचालन राज कुमार ठाकुर उर्फ राजू ने किया।

डॉ. महेंद्र प्रसाद ने कहा कि बक्सर के इतिहास को संयोजित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कथकौली की लड़ाई के मैदान में बदलाव लाना इतिहास को छेड़ने के बराबर है। वही, कवि लक्ष्मी कांत मुकुल ने कहा कि बक्सर की चर्चा धार्मिक गाथाओं में सबसे ज्यादा है। जिसके कारण बक्सर जिले का धार्मिक महत्व भी बहुत ज्यादा है। शशिभूषण मिश्रा ने कविता का माध्यम से अपनी बातों को रखा। वहीं, निर्मल कुमार ने कहा कि युद्ध के दौरान हमारे पूर्वजों ने क्या गलतियां की उसका क्या परिणाम निकला। उस विषय पर ध्यान रखते हुए आगे किसी तरह की अगर इस तरह की युद्ध होती है तो उसे बचाना होगा। राजा रमण पांडेय ने कहा कि इतिहास को सहेजने की जरूरत है अभी भी प्रशासनिक उदासीनता देखी जा रही है। मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थे।

### युद्ध से स्थानीय किसान भी तबाह और बर्बाद हुए थे

अपने संबोधन में डॉ. शंशाक शेखर ने कहा कि 22 अक्टूबर को बक्सर का युद्ध इतिहास के पन्नों में जगह तो बनाया, लेकिन इस युद्ध के चपेट में उस समय के स्थानीय किसान भी तबाह और बर्बाद हुए थे। युद्ध की परिणाम की भयावहता में किसानों की कमर तोड़ दी और उनकी बबार्दी का दास्तां आज भी कथकौली गांव किसान मजदूर परिवारों में देखने को मिलती हैं। वही वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर शर्मा ने बताया की बक्सर के युद्ध ने देश के भाग्य का फैसला किया था। इसी युद्ध ने देश में अंग्रेजो की सत्ता स्थापित की थी। उन्होंने कहा कि बक्सर को जानने के लिए बक्सर का अपना गजेटियर्स होना चाहिए तभी बक्सर के तथ्यों का खुलासा होगा। गणेश प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि सामान्य घटना को है सामाजिक पटल पर रखना होगा।



# केसठ में दुगोला कार्यक्रम में खूब झूमे श्रोता, रात भर लोगों ने लिया आनंद

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के स्थानीय गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय केसठ के मैदान में आयोजित नवयुवक युवक दुर्गा पुजा समिति नया बजार केसठ के बैनर तले दुगोला गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यास अरविंद कुमार अभियंता उर्फ लंगड़ व्यास एवं कमलबास कुंवर के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। श्रोताओं ने पूरी रात इसका आनंद उठाया। दोनों व्यासो ने अपने कला के माध्यम से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। जिस कारण श्रोता पूरी रात टस से मस नहीं हुए। कार्यक्रम का उद्धघाटन जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. विद्या भारती, पंचायत के मुखिया अरविन्द यादव उर्फ गामा पहलवान, प्रखंड उप प्रमुख अमरेंद्र कुमार, पंचायत समिति सदस्य मो. असलम ने संयुक्त रूप फीता काट कर किया।







कार्यक्रम के शुरूआत में आयोजक कमिटी द्वारा व्यास कमलबास कुंवर एवं अरविंद अभियंता को अंग वस्त्र देकर तथा पगड़ी बांध सम्मानित किया गया। इस दौरान नवयुवक दुर्गा पुजा समिति द्वारा सम्मानित अतिथियों को भी पगड़ी बांध सम्मानित किया गया। इसके बाद गीत संगीत की विधिवत शुरूआत हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा संगीत मरहम होता है जो इंशानियत के जख्मों पर मरहम का काम करता है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी संस्कृति में गीत संगीतों का बड़ा योगदान है। पंचायत के मुखिया ने अपने संबोधन में कहा की ऐसे कार्यक्रमों से आपसी भाई चारा कायम होती है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी की मिठास उसके गीत संगीतों में भी मिलती है। भोजपुरी गीतों को सुनने से ऐसा लगता है मानों कानो में मिसरी घुली हो। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन में सभी समुदाय के लोग एक साथ उपस्थित हो कार्यक्रम का आनंद उठाते है। देवी गीत से कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। इसके बाद कलाकारों ने अपने कला के माध्यम से सामजिक गीत गाकर खूब वाहवाही लूटी। लोकगीत व रामायण का प्रसंग गाकर समाज में चल रहे खामियों को अपने गाना के माध्यम से दूर करने की कोशिश की। वही श्रोता भी कार्यक्रम की प्रस्तुति पूरी रात झूमते रहे। मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे। दोनों व्यासों ने बारी बारी से अपने गीत व चुटकुले से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूजा समिति के अध्यक्ष विजय यादव, सचिव अशोक संरक्षक मुकेश कुमार, उद्घोषक विनोद मास्टर, व्यवस्थापक पप्पू केसरी, समाज सेवी राजेश यादव और नावानगर पुलिस सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### पंसस की बैठक में पुरानी योजनाओं को किया गया खारिज

**केसठ।** मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप प्रमुख अमेंद्र उर्फ मंटू ने किया। इस दौरान बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा भी शामिल रहे। बैठक के दौरान प्रखंड में योजनाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से योजनाओं का प्रस्ताव भी लिया गया। वही इससे पूर्व में चयनित योजनाओं को रोक दिया गया। प्रखंड के केवल एक ही पंचायत समिति क्षेत्र कतिकनार के पूर्वी में मनमानी ढंग से अधिक योजना ली गई थी। जिस अब रोक दिया गया है। मौके पर उपस्थिति बीडीसी असलम हुसैन, मंजू कुमारी और छोटे लाल पासवान में अपने अपने क्षेत्र में योजना के लिए प्रस्ताव दिया।

### ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मचा कोहराम

**सासाराम।** जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के बरडीहां व बसडीहां के समीप बिक्रमगंज डेहरी मुख्य सड़क पर मंगलवार शात बाइक सवार को बालू लदे टेलर ने बाइक सवार को रौंद दिया। जिसमें बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक काराकाट थाना क्षेत्र के अमौना गांव निवासी रामजस सिंह का 40 वर्षीय पुत्र मनोज सुधाकर बताया जाता है। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने गांव से इटिमहा बाजार की ओर मंगलवार देर शाम को जा रहा था कि बसडीहा स्थित महाकाल धर्मकांटा से बालू वजन कराकर तेज रफ्तार में निकलता 18 चक्का बालू वाहन ट्रेलर ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे मृतक की बाइक दूर जा गिरी और स्वयं मृतक वाहन के चक्के के बीचो बीच फंस कर दस मीटर तक घसीटता हुआ गया जिससे मृतक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बालू लदा वाहन को छोड़कर चालक फरार होने में सफल रहा। घटना की सूचना पर नासरीगंज थाना में पदस्थापित एसआई सुनील कुमार एवं कच्छवा थाना की पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। काराकाट थानाध्यक्ष दया शंकर साह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया हैं। भयानक घटना को ले मृतक के स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## नावानगर में दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए शिविर आयोजित

# बिजली गुल होने के कारण बगैर कार्ड बनवाए बैरंग लौटे दिव्यांग



- दोपहर 12 बजे के बाद कट गई थी बिजली
- जिस कारण नहीं बन सका कार्ड

**केटी न्यूज/नावानगर**

मंगलवार को नावानगर प्रखंड में दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए आयोजित शिविर भारी अव्यवस्था का शिकार हो गया। दोहपर 12 बजे से लाइट कटने के कारण यूडीआईडी कार्ड बववाने से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन वंचित रह गए। शाम में निराश हो दिव्यांगजन वापस अपने घर लौटे। बता दें कि यह शिविर अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण विभाग के निर्देश पर आयोजित की गई थी। जिसमें यूडीआईडी कार्ड बनवाने के लिए बड़ी संख्या में दिव्यांगजन दूर दराज के इलाके से आए थे, लेकिन बिजली नहीं रहने के कारण शिविर में पहुंचे दिव्यांगजनो में से 80 फीसदी दिव्यांग निराश हो कर वैरन घर लौट गए।

दिव्यांगजनो की मानें तो शिविर में काफी संख्या में दिव्यांग पहुंचे थे, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद बिजली गुल हो गई। जिसके चलते यूडीआई कार्ड बनाने की सभी काम ठप हो गए। शाम चार बजे तक बिजली गुल रहने के बाद शिविर को ही स्थगित करना पड़ा। काउंटर पर दिव्यागों से नया यूडीआई कार्ड के लिए 17 तथा पुराना यूडीआई कार्ड के लिए 12 आवेदन प्राप्त हुए थे। पर कार्ड बनाने के लिए मात्र 8 दिव्यांग की हीं चिकित्सकीय जांच हो पाई थी।

चूलहनचक गांव निवासी दिव्यांग इंदु देवी, आथर गांव की मुनिया खातून, भटौली के दिनेश सिंह, नियाजीपुर के राज बहादुर चौधरी आदि ने बताया कि वे लोग काफी दूर से अपने परिजनों के साथ सुबह 10 बजे से शिविर में पहुंचे हुए थे। पर शाम चार बजे के बाद वगैर यूडीआई कार्ड बनवाए ही बैरंग घर लौटना पड़ा। उन्होंने बताया कि बिजली नहीं रहने के चलते उनका कोई भी कार्य नहीं हो पाया। शिविर में व्याप्त अव्यवस्था से दिव्यागजनों में प्रशासन के प्रति काफी निराशा व आक्रोश व्याप्त था।

## बीज नहीं आने से निराश लौटे किसान सिर्फ मसूर बीज मिलने से बढ़ा आक्रोश




**डुमरांव।** रबी फसल की बुआई का समय अब नजदीक आ गया है। ऐसे में किसानों को रबी फसल चना, गेहूं, मसूर व सरसों के बीज की उपलब्धता जरूरी है, लेकिन प्रखंड कार्यालय के कृषि विभाग को अभीतक मात्र मसूर का बीज ही मिल पाया है। दो दिनों से किसान इन फसलों के बीज लेने के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन नहीं मिलने से उदास मन से गांव लौट जाते हैं।

बता दें कि डुमरांव प्रखंड में 97 राजस्व गांव हैं, जहां खेती होती है। धान की फसल अच्छी होने से उनके चेहरे खिले हुए हैं। वहीं उन्हें समय से रबी फसलों के बीज मिल जाता तो इसकी भी खेती अच्छी होती। कई किसानों ने बताया कि हमलोगों को सोमवार से गेहूं, चना, सरसो और मसूर बीज के वितरण करने के संबध में बताया गया था, लिहाजा सोमवार से ही किसान ई-किसान भवन की दौड़ लगा रहे हैं। उन्हें केवल मसूर के बीज ही उपलब्ध कराया जा रहा है। जब अन्य बीज के बारे में पूछा जाता है तो कोई सही उत्तर नहीं दिया जाता है, जिससे किसान पशोपेश में पड़ जाते हैं। प्रखंड कार्यालय में बीज लेने के लिए आए किसानों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया की दो दिनों से रबी फसल के बीज के लिए हमलोग कृषि कार्यालय में आ रहे हैं, लेकिन मसूर को देकर सांत्वना दिया जा रहा है कि जल्द ही अन्य का बीज आपकों मिल जाएगा, लेकिन नहीं मिल रहा है। सरकारी फसल बीज अच्छी होती है, इसके लिए सभी किसान उसका आस लगाए रहते हैं। कई किसानों का कहना है कि समय से बीज नहीं मिलेगा तो खेती के पिछड़ने का डर बना हुआ है। समय से खेती होती है तो उत्पादन बेहतर होता है।

## एक नजर

### राज्य मुख्य सचिव के निर्देश पर फिर सभी प्रखंडों में हुई नल जल योजना की जांच



**बक्सर।** सोमवार को राज्य के मुख्य सचिव के निर्देश पर डीएम अंशुल अग्रवाल के नेतृत्व में जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने जिले के विभिन्न पंचायतों में जा हर घर नल का जल योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अधिकारियों द्वारा अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंपी गई है। जहां, गड़बड़ी करने वाले संवेदकों तथा संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को त्वरित एवं प्रभावी ढ़ग से लागू करने, इसके सतत अनुश्रवण, न्याय के साथ विकास को सुनिश्चित करने एवं प्रशासन को और संवेदनशील बनाने के लिए मुख्य सचिव, बिहार से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिलांतर्गत विभिन्न पंचायतों व वार्डो में मुख्यमंत्री हर घर नल का जल योजना का जिला स्तरीय तथा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के माध्यम से पेयजल बिहार इंस्पेक्शन एप द्वारा विभिन्न वार्डो का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सभी पदाधिकारियों से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वही, जानकारों का कहना है कि इस दौरान कई पंचायतों में हर घन नल का जल योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर अनियमितता मिली है। कई पंचायतों में नल का जल की आपूर्ति बंद है तो कई जगहों पर फटे पाइप परेशानी का कारण बने है। अब देखना है कि मुख्य सचिव के निर्देश पर कराए गए जांच के बाद प्रशासन द्वारा गड़बड़ी करने वालों पर क्या कार्रवाई की जा रही है।

### फसल के अनुरूप करें उर्वरक का इस्तेमाल

**डुमरांव।** फसल पर आवश्यकता से अधिक उर्वरक का इस्तेमाल फायदा के बजाय नुकसान पहुंचा सकता है। जरूरत के अनुरूप उर्वरक का इस्तेमाल के लिए जरूरी है कि किसान समय समय पर खेत की मिट्टी का जांच कराएं। यह बातें मंगलवार को नया भोजपुर में आयोजित विक्रेता प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते हुए इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के हेड एग्रोनॉमिस्ट सत्यप्रकाश सिंह ने कही। उन्होंने किसान तथा कृषि हित में कंपनी द्वारा किए गए की नेक कार्यों का उल्लेख किया। कंपनी के रिजनल एमडीएम प्रमोद कुमार सिंह, एरिया सेल मैनेजर आशीष प्रताप सिंह ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए तथा किसान को कृषि के नये तकनीक से अवगत कराते हुए प्रयोग धर्मी होने पर बल दिया। इस मौके पर कंपनी के फील्ड स्टाफ के साथ बक्सर जिला के सभी थोक विक्रेता उपस्थित थे। सीताराम फर्टिलाइजर बक्सर, विजय शंकर प्रसाद डुमरांव, मनोज बीज भंडार पुराना भोजपुर, मनोज खाद स्टोर नया भोजपुर , जवाहर लाल सिंह पुराना भोजपुर, लक्ष्मी फर्टिलाइजर एजेंसी बक्सर, शिव शक्ति ट्रेडर्स ब्रह्मपुर तथा जिले के 200 से अधिक खुदरा विक्रेता प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कम्पनी से आए हुए सीनियर पदाधिकारी के द्वारा आने वाले फसलों के बारे में और सही मात्रा में उर्वरक डालने की समुचित जानकारी खुदरा विक्रेता को दी गई। ताकि अपने जिला में सही मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करवाकर किसानों को लाभ दिलवा सके। और कंपनी के द्वारा सभी आए लोगों को पुरस्कार सम्मान दिया गया।

## गबन करने वाले 12 लाभुक को बीडीओ ने भेजा नोटिस

- आवास निर्माण में रुचि नहीं लेने वाले लाभुकों पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रधानमंत्री आवास योजना के कई लाभुक ऐसे है जो प्रथम राशि प्राप्त करने के बाद भी आवास बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे में लाभुकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का सिलसिला शुरू हो चुका है। इसी क्रम प्रखंड के कतिकनार में प्रथम किश्त का पैसा लेकर आवास नहीं बनाने वाले 12 लाभुकों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दर्ज कराया जाएगा, जहां इन लाभुकों से योजना के पैसा वसूलने की कार्रवाई होगी। इसको लेकर बीडीओ सक्रिय हैं। उन्होंने आवास सहायकों और प्रवेक्षकक के साथ प्रखंड कार्यालय में एक समीक्षा बैठक की गई। आवास बनाने में रुचि नहीं लेने वाले लाभुकों पर नकेल कसने के लिए कई निर्देश दिये हैं।

**12 लाभुकों के विरुद्ध कार्रवाई :** इस संबंध में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत हर योग्य गरीब तबके के लोगों का पक्का मकान बने, इसके लिए अग्रेतर प्रयास किया जा रहा है। लेकिन, योजना के अंतर्गत कुछ हठी लाभुक ऐसे भी हैं, जो तमाम प्रयासों से जागरूक करने के पश्चात भी आवास निमार्ण में रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे लाभुकों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। अब तक पीएम आवास योजना की प्रथम राशि निकाल आवास नहीं बनाने वाले करीब 12 लाभुकों मंजू देवी, कमलावती देवी,सरस्वती देवी, देवंती देवी, सोना देवी समेत 12 लाभुक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हठी व लापरवाह लाभुकों पर कार्रवाई करने के लिए नोटिस भेजने की प्रक्रिया जारी है।

## दीपावली की तैयारी में जुटे विक्रेता स्थानीय बाजारों में बढ़ी चहलकदमी



**केटी न्यूज/डुमरांव**

दीपावली पर्व में अब शेष दिन ही बच गये हैं। इस पर्व में विशेषकर साफ-सफाई के बाद घर, प्रतिष्ठान और दुकानों सहित अन्य स्थानों को रौशन किया जाता है। जिससे अधिकांश लोग अपने घरों की साफ सफाई व रंग रोगन की तैयारियां करने लगे हैं। दुकानदार द्वारा रंग रोगन सामग्री लगा लिया गया है। दीपावली में साफ सफाई को लेकर दैनिक मजदूरों के काम-धंधे में इजाफा होने लगा है। लोग अपने अपने घरों को रंग-रोगन कराने में जुटे हुए हैं। दीवाली से पूर्व घर की साफ सफाई के बाद उसे रंग रोगन किया जाता है, घर को सजाने के लिए रंग बिरंगे कागज से बने झालर और विभिन्न रंगों के इलेक्ट्रॉनिक बल्ब की बिक्री खुब होती है। दुकानदारों ने बताया कि दीपावली में अच्छी-खासी बिक्री की संभावना रहती है। लोग दीपावली के साथ छठ की भी तैयारी कर लेते हैं। इसको लेकर शहर सहित जिले भर के बाजारों की रौनक धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। आम दिनों की अपेक्षा व्यावसायिक प्रतिष्ठानें जल्दी खुलने लगे है और देर शाम तक खोलकर रखी जाने लगी है। शहर की सड़कें आमतौर पर दोपहर के समय खाली रहती थी और दुकानदारों को ग्राहकों का इंतजार करते देखा जाता था। लेकिन, दिवाली की खरीदारी को लेकर इन दिनों दोपहर को भी शहर की सड़कों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में चहल-पहल शुरू है।

### डिस्लेक्सिया के जागरूकता को निकली गई रैली

**केसठ।** कन्या प्राथमिक विद्यालय बस स्टैंड में बिहार शिक्षा परियोजना समग्र शिक्षा अभियान समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को डिस्लेक्सिया जागरूकता माह के तहत बचाव के उपाय बताए गए। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षक,बच्चे और संसाधन शिक्षक शामिल हुए। सुबह में विद्यालय के पोषक क्षेत्र में प्रभातफेरी निकालकर डिस्लेक्सिया से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।




## डुमरांव में नगर परिषद के स्तर से दीपावली और छठ पूजा की तैयारियों में जुटा प्रबंधन

# हाईमास्ट लाइट्स से जगमग होंगी शहर की गालियां




**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद दीपावली और छठ पूजा की तैयारी में जुट गया है। जर्जर तलाबों की सफाई बुधवार से शुरू हो जाएगा। सफाई के बाद अर्घ्य देने वाले व्रतियों को तलाब में उतरने के लिए सुगम सिढ़ी भी बनेगा। साथ ही में शहर के हर चौक-चौराहों पर रोशनी बिखेरने के लिए हाईमास्ट लाईट लगाया जाएगा। इसकी पूरी तैयारी की जा चुकी है। इसके लिए लगभग एक दर्जन स्थानों को चयनित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए नप चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने बताया कि शहर के रोड पर रोशनी तो बिखरेगी ही छठ घाटों को भी सजाया जाएगा। उन्होंने बताया की चयनित स्थलों में बड़ी काली मंदिर, मां डुमरेजनी मंदिर, बाबा जंगलीनाथ शिवमंदिर, डुमरांव अनुमंडल, पुरानाभोजपुर चौक, नयाभोजपुर चौक, डीएस कोठी के पश्चिमी रेलवे गुमटी, टीचर्स ट्रेनिंग स्कूल, डा. जगनारायण सिंह अस्पताल मोड़ एवं शक्तिद्वार के पास लगाया जाएगा।

मालूम हो कि हाईमास्ट लाईट चिन्हित स्थानों पर लग जाने से नगरवासियों के साथ ही शहर में आने वाले लोगों को भी काफी सहूलियत मिलेगी। जरूरत हुआ तो अन्य स्थानों पर भी लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी। वही, शाम ढलने के बाद शहर हाई मास्ट की रौशनी से जगमग हो जाएगा। जिससे शहर की सुंदरता में चार चांद लगेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने बताया कि शहर को साफ सुथरा बनाने के साथ ही पर्याप्त लाईट की व्यवस्था के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि छठ तक सभी हाई मास्ट लाईट लगा दिए जाए, ताकी छठ व्रतियों को छठ घाटों तक पहुंचने में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व लाईटिंग योजना उनके प्राथमिकता में शामिल है। गौरतलब हो कि इसके पहले भी नगर परिषद प्रशासन द्वारा कई जगहों पर हाई मास्ट लाईट लगाए गए थे। लेकिन, शहर के क्षेत्रफल व आबादी के मुकाबले हाई मास्ट लाईटों की संख्या कम पड़ रही थी। जिसे देखते हुए नगर परिषद प्रशासन ने हाई मास्ट लाईट लगाने का निर्णय लिया है।

# महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी गौरव यात्रा जहानाबाद जिले में आयोजित

- डीएम व एसपी ने एशियन (महिला) हॉकी चैंपियनशिप, 2024 के ट्रॉफी का जिला के लिए किया गया अनावरण

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

विगत कई दिनों से जिला में ट्रॉफी गौरव यात्रा की तैयारी जोरो शोरों से जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही थी। बताते चले की राजगीर में इस बार या यूं कहे की राज्य में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल का टूनामेंट आयोजित होने जा रहा है एवं बिहार को मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ है। राजगीर का स्पोर्ट्स स्टेडियम के हॉकी टर्फ पर 11 नवंबर से 20 नवंबर तक 6 देशों की अंतरराष्ट्रीय स्तर की महिला हॉकी खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ एशियाई महिला हॉकी टीम होने का दावा पेश करेंगी। इस टूनामेंट की ट्रॉफी का प्रदर्शन विभिन्न राज्यों एवं बिहार राज्य के सभी जिलों में कराया जा रहा है।

**राजगीर से रवाना हुआ था ट्रॉफी:** सीएम नीतीश कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर ट्रॉफी गौरव यात्रा की टीम को राजगीर से रवाना किया गया था। ट्रॉफी गौरव यात्रा इसके पूर्व कई राज्यों से गुजर चुकी है। ट्रॉफी गौरव यात्रा के इस लंबे लेकिन प्रेरणादाई सफर में आज यह टीम जहानाबाद के, गांधी मैदान में पहुंची, जहां टीम का स्वागत जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा



किया गया। इसके उपरांत ट्रॉफी गौरव यात्रा की टीम के द्वारा एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 की ट्रॉफी डीएम अलंकृता पांडे एवं एसपी अरविंद प्रताप सिंह को सुपुर्द की गई। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा इस चमचमाती ट्रॉफी का जिलावासियों ,खेल प्रेमियों, छात्र छात्राओं के समक्ष ,प्रेरणादाई प्रदर्शन के लिए मंच पर अनावरित किया गया। इस दौरान संबोधन के लिए सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक मंच पर पहुंचे एवं भारी संख्या में मौजूद खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों ,छात्र-छात्राओं, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ की पुरोधा बेटियों को संबोधित करते हुए उनके द्वारा कहा गया कि फिल्म खेल की आधारभूत संरचनाओं के प्रति जागरूकता के लिए ट्रॉफी गौरव यात्रा जैसे आयोजन अति महत्वपूर्ण है 11 नवंबर से 20 नवंबर तक राजगीर के नवनिर्मित स्टेडियम में आयोजित होने वाला या अंतरराष्ट्रीय स्टार का चैंपियनशिप आधुनिक बिहार का प्रतीक है एवं विगत वर्षों में खेल एवं पर्यटन के दिशा में जिस तरह के कदम उठाए गए हैं उनसे उम्मीद जगाती है। साथ विशेष कर बच्चों को संबोधित करते हुए अपील की गई की बच्चे कम से कम खेल के किसी एक विधा से अवश्य जुड़े और पठन-पाठन के साथ खेलों को भी समय दें।

इस अवसर पर डीएम ने उपस्थित आमजनो एवं बच्चों को संबोधित करते हुए ट्रॉफी गौरव यात्रा की टीम को उनके आगमन पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही बच्चों खासकर बालिकाओं को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि जिस प्रकार एक पढ़ी-लिखी महिला अपने पूरे परिवार को अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ के रखती है, उसी प्रकार खेल से भी जुड़ी हुई हमारी बालिकाएं, महिलाएं समाज में नए आयाम गढ़ती हैं एवं अन्य लोगों को भी प्रेरित करती हैं कि खेल के क्षेत्र में अपना मुकाम बनाएं। उन्होंने आह्वान किया कि आज ट्रॉफी गौरव यात्रा के अवसर पर प्रण ले कि खेलों के क्षेत्र में हम और हमारे खिलाड़ी उच्च स्तर के प्रतिस्पर्धी बने एवं हमसे हमारे समाज, हमारे पंचायत, हमारे गांव और हमारे जिले का नाम राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हो।

## एक नजर

### दो घंटे के अंदर लूट कांड का खुलासा, छह अपराधी गिरफ्तार



**छपरा।** बनियापुर थाना पुलिस ने दो घंटे के अंदर लूट कांड का खुलासा किया। एसपी डॉ० कुमार आशीष ने बताया कि बनियापुर थाना को सूचना मिली थी कि गौरा थाना क्षेत्र के हतिसार के रहने वाले मुन्ना कुमार ड्यूटी से जा रहे थे तभी मुस्लिमपुर प्राइमरी स्कूल के समीप दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने हथियार के बल पर बाइक व मोबाइल लूट लिए। जैसे ही उन्होंने इसकी सूचना थाना को दी कि बनियापुर थानाध्यक्ष ने टीम गठित कर छापेमारी शुरू कर दी। लूट की बाइक व लूट में प्रयुक्त अपराधियों की बाइक को भी पुलिस टीम ने जब्त करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि दो घंटे के अंदर सभी पकड़े गए। पकड़े गए अपराधियों में जनता बाजार थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव का रहने वाला विशाल कुमार, बनियापुर थाना क्षेत्र के लौवा कला गांव के अर्जुन कुमार, छतवा खुर्द गांव के राजन कुमार, जनता बाजार थाना क्षेत्र के मुरारपुर गांव के विक्की कुमार, लौवा कला गांव के नीतीश कुमार व बनियापुर मझौली के मोहम्मद इमरान शामिल हैं। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल ,सात मोबाइल व चाकू जब्त किया है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा व अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। जिले के कई थाना क्षेत्रों व सीवान जिले में भी इनके खिलाफ आपराधिक मामले में दर्ज हैं।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक





**छपरा।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सभी बैंकर्स के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आहुत की गई। बैंकों के सकल साख जमा अनुपात (सीडी रेशियो) के संबंध में बताया गया कि जून में अंत त्रैमास में जिले के सभी बैंकों का समेकित सीडी रेशियो 44.63 प्रतिशत था। जो मार्च त्रैमास से कम था। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुछ बैंकों, विशेष रूप से पीएनबी द्वारा साख सृजन में काफी खराब प्रदर्शन किया गया है। जून त्रैमास में पीएनबी का सीडी रेशियो 24 प्रतिशत तथा एनुअल क्रेडिट प्लान के लक्ष्य का मात्र 1.95 प्रतिशत उपलब्धि रही। जिलाधिकारी ने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने सभी बैंकों को 50 प्रतिशत के सीडी रेशियो के लक्ष्य के साथ कार्य करने को कहा। विभिन्न स्वरोजगार परक योजनाओं-पीएमईजीपी, पीएम एफ एम ई आदि के तहत प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति एवं ऋण अदायगी में उदारता बरतने को कहा। पीएमईजीपी के तहत 496 के लक्ष्य के विरुद्ध 576 आवेदन बैंकों को भेजा गया है। सभी बैंकों को दिसम्बर माह तक लक्ष्य की प्राप्ति का निदेश दिया गया। पीएम एफ एम ई के तहत 340 के लक्ष्य के विरूद्ध तीन गुना आवेदन सृजित करने का निदेश दिया गया। विभिन्न बैंकों के साथ टैग किये गये उद्योग विस्तार पदाधिकारियों को सम्बद्ध बैंकों में जाकर आवेदनों की स्वीकृति एवं डिसबर्समेन्ट में तेजी लाने का निदेश किया गया। वरीय उपसमाहर्त्ता बैंकिंग को भी विभिन्न बैंकों में जाकर आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा गया। बैठक में वरीय उपसमाहर्त्ता बैंकिंग, जिला अग्रणी प्रबंधक, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### गांधी मैदान मखदुमपुर में 12वीं राष्ट्रीय प्रयास नाट्य मेला का हुआ शुभारंभ



**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड मुख्यालय के समीप गांधी मैदान में 12 वा राष्ट्रीय प्रयास नाट्य मेला का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के मौके पर स्थानीय विधायक सतीश कुमार दास जिला परिषद सदस्य संगीता देवी नगर पंचायत की अध्यक्ष मीना देवी, दीपक कुमार, प्रोफेसर श्याम शर्मा, बांके बिहारी साव, मिथिलेश सिंह, रूपा सिंह समेत कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर मिथिलेश सिंह द्वारा लिखित मगही नाटक पुस्तक देवन मिशीर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में दूरदर्शन के कलाकार सतेन्द्र संगीतकार के द्वारा लोकगीतों की प्रस्तुति की गई। गणेश वंदना से शुरू हुई सुर तान भक्ति गीतों पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गायक सत्येंद्र संगीतकार प्यार में लोगवा बीमार काहे होला ... हे जग जननी है जगदंबा... इन आंखों का कहना भी क्या.... समेत कई गीतों की प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर द्वारा रचित रश्मिरथी नाटक का मंचन किया गया। नाटक में कलाकारों ने भगवान इंद्र अर्जुन कुंती दुर्योधन गांधारी परशुराम भीम श्री कृष्णा समेत कई लोगों के भेष में नाटक का प्रस्तुति दिया। मौके पर हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे। मेला के आयोजक मिथिलेश सिंह ने बताया की मेला 25 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमे प्रतिदिन नाटक आयोजित किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन के धक्के से रिटायर्ड आर्मी जवान की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**जहानाबाद।** पटना गया राष्ट्रीय मार्ग के मुससी बिर्रा गांव के समीप अज्ञात वाहन के ठोकर से एक रिटायर्ड आर्मी जवान की मौत हो गई। मृतक मखदुमपुर थाना क्षेत्र के धिनधोर बिगहा गांव निवासी रिटायर्ड आर्मी के जवान रविंद्र यादव बताए जाते हैं। घटना सोमवार की देर शाम की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार धिनधोर विगहा गांव निवासी रिटायर्ड आर्मी के जवान रविंद्र यादव अपने साइकिल से मखदुमपुर बाजार आए थे। वापस अपने घर धिनधोर बिगहा लौट रहे थे। तभी मुससी बिर्रा गांव के समीप अज्ञात वाहन जबरदस्त ठोकर मार दिया। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए, घायल जवान को स्थानीय लोगों के मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं घायल जवान की स्थिति गंभीर रहने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए गया अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उनकी मौत हो गई। वहीं मखदुमपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेजा है।

## खबरें फटाफट

### चोरी के बाइक साथ एक युवक गिरफ्तार

**नासरीगंज।** कछ्वां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैथी से चोरी के बाइक साथ एक युवक विक्रम कुमार उम्र 21 वर्ष पिता स्व० विजय कहार ग्राम ओसांव थाना कछ्वां को गिरफ्तार किया गया है । जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि उक्त युवक मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में गोपालपुर थाना पटना में कांड संख्या 279/24 के आलोक में कांड दर्ज है । इसकी जानकारी कछ्वां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी ।

### पूर्व शराब कांड का एक अभियुक्त गिरफ्तार

दिनारा। दिनारा( भानस )थाना के अभियुक्त लक्ष्मीना देवी उम्र 39 वर्ष पति अरविंद पासवान ग्राम कुंड थाना भानस को गिरफ्तार किया गया। साथ ही जांच के उपरांत गिरफ्तार महिला अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसकी जानकारी भानस थानाध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने दी ।

### जांच अभियान में 30 हजार रुपए का काटा ऑनलाइन चालान

**दीनारा।** वरीय पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी थाना के थानाध्यक्षों के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है । उसी क्रम में सेमरा ओपी एवं दिनारा पुलिस ने वाहन जांच अभियान थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर चलाया । जिस क्रम में वाहन जांच के दौरान स्थानीय पुलिस द्वारा हेलमेट, डिक्की,सीट बेल्ट,ड्राइविंग लाइसेंस, ऑनर बुक, प्रदूषण जांच सहित अन्य बिंदुओं पर बारिकी से बड़े एवं छोटे वाहनों की जांच की गई । जानकारी देते हुए सेमरा ओपी थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के निरंजनपुर एवं बैरीपुर पुल के समीप वाहन जांच अभियान चलाया । जिस दौरान पुलिस ने वाहन चालकों से 20 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा। पुलिस ने थानाध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में धनसुई मोड़,ब्लॉक मोड़ एवं बेलवैया मोड़ पर वाहन जांच अभियान चलाया। स्थानीय पुलिस के द्वारा सभी बिंदुओं पर बड़े एवं छोटे वाहनों की जांच की।

## भाकपा माले की न्याय यात्रा सासाराम से होते हुए नोखा पहुंची

# दो दशकों से सत्ता छीन एनडीए लूट एवं झूठ पर टिकी है: सांसद

- बिहार न्याय यात्रा का शुभारंभ 16 अक्टूबर को हुआ यह 25 अक्टूबर 2024 तक चलेगी
- बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर के नाम पर कंपनियों से बहुत बड़ी कमिशन ली गई है



**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

दो दशक से बिहार पर शासन कर रही डबल इंजन की जदयू व भाजपा की सरकार लूट एवं झूठ की सरकार साबित हुई है । लूट एवं झूठ की सरकार के खिलाफ भाकपा माले ने पूरे बिहार में बदलो बिहार न्याय यात्रा का शुभारंभ 16 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 तक चला रही है। जिसका समापन नासरीगंज में होगा । न्याय यात्रा सासाराम से नोखा होते हुए सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिला इस यात्रा में शामिल हुए । इस यात्रा का नेतृत्व काराकाट लोकसभा सांसद कामरेड राजा राम सिंह, काराकाट विधानसभा विधायक कामरेड अरुण सिंह एवं जिला सचिव कामरेड नंद किशोर पासवान कर रहे हैं । सड़क मार्ग से पैदल चल रहे न्याय यात्रा को रास्ते में जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है । बदलो बिहार न्याय यात्रा सोमवार की देर संध्या डुमरांव रोड में अवस्थित तेंदुनी मां काली मंदिर बिक्रमगंज के परिसर में पहुंची जहां पर एक सभा आयोजित की गई । जिस सभा की अध्यक्षता जिला सचिव नंद किशोर पासवान ने की । सभा को सम्बोधित करते हुए काराकाट सांसद कामरेड राजा राम सिंह ने कहा कि दो दशकों से बिहार की सत्ता छीन भाजपा-जदयू की सरकार लूट एवं झूठ पर टिकी हुई है। इनके शासनकाल में लूट का बहुत बड़ा साम्राज्य स्थापित हो गया है । इसका आलम आप इसी से जान सकतें हैं कि पन्द्रह से ज्यादा बड़े-बड़े पुलों में घटिया निर्माण करा कर बहुत बड़ी लूट का अंजाम दिया है । आज सभी पुलें स्वयं धाराशाई हो रहें हैं । इन्हीं के शासन काल में सृजन घोटाले हुए । बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर के नाम पर कंपनियों से बहुत बड़ी कमिशन ली गई है । जिनका नतीजा बिहार की जनता भुगत रही है । इस स्मार्ट मीटर का पूरे बिहार में जनता द्वारा विरोध किए जा रहे हैं । जनता को लूटने का एक नया तरीका अख्तियार किया गया है । बिजली विभाग को जनता को लूटने के लिए हीं पूंजीपतियों के हाथों सौंपा गया है । क्योंकि बिजली विभाग सरकारी थीं तो इन लोगों को लूटने का मौका नहीं मिल रहा था । सरकार ने खुद अपने द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में पाया है कि राज्य में 94,33,312 अत्यंत गरीब परिवार है । जिनकी मासिक आय 6 हजार से भी कम है । उन्हें लघु उद्यमी योजना के तहत 2-2लाख रुपए स्वरोजगार करने हेतु राशि दी जाएगी, लेकिन यह भी फिसड्डी साबित हो गई है । अतिपिछड़ों, महादलितों की हिमायती होने का दंभ भरने वाली सरकार लंबे सुशासन के बाद भी उन पंचानबे लाख गरीब परिवारों को गुजारा करने के लिए दिन के 200 रुपए भी नहीं जुटा पा रही है । आज भी केंद्र सरकार के मजदूरी में वृद्धि के बाद भी जीविका, आशा,आंगनबाड़ी, रसोइया तथा लाखों स्कीम वर्करों को तुच्छ राशि पर बेगार के रूप में खटाया जा रहा है । जमीन सर्वेक्षण ने पूरे बिहार में अफरातफरी मचा दी है । अंचलों द्वारा जमीन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गई हैं । पंजी -2 में भारी गड़बड़ियां मिल रही हैं । जब तक सुधार नहीं हो जाता है तब तक सर्वे को बंद रखना चाहिए । भूमि सुधार हेतु परिमार्जन प्लस वेवसाईट भी काम नहीं कर रहा है ।

### दावथ के लोगों ने फिर उठाया हाई स्कूल का मुद्दा

**दावथ।** प्रखंड मुख्यालय दावथ में बच्चों के लिए हाई स्कूल का अब तक व्यवस्था न हो पाना चर्चा का विषय बना हुआ है। समय-समय पर यहां के समाजसेवियों एवं राजनीतिक दल के नेताओं ने कई बार शिक्षा विभाग का ध्यान आकृष्ट कराने का काम किया। लेकिन विभाग की निष्क्रियता ने यहां के आठवीं पास बच्चों को 6 किलोमीटर दूर तक जाने के लिए मजबूर कर रखा है। भाजपा प्रखंड के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा कि बगल के पंचायत में दो कमरे में दो-दो स्कूल एक साथ कैसे चलाए जा रहे हैं। मालूम हो कि बगल के पंचायत में दो कमरे में प्लस टू तक विद्यालय चलता है और एक अन्य विद्यालय को उसमें मर्ज कर लिया गया है जो एक गंभीर मामला है और यह जांच का भी विषय है जबकि दावथ प्रखंड मुख्यालय है और यहां स्कूल में दो दर्जन से अधिक कमरे हैं। अपना कई बीघे में फील्ड है इसके बावजूद आठवीं पास बच्चों की शिक्षा के व्यवस्था न कर पाना काफी दुःख और निंदा के लायक है । सरकार ने यह निर्देश भी दे रखा है कि आठवीं पास बच्चों को अपने पंचायत के अंतर्गत ही किसी विद्यालय में पढ़ना है ।लेकिन यहां तो स्थिति दूसरी है ।पंचायत में आठवीं के बाद विद्यालय ही नहीं है तो बच्चे करें तो क्या करें।

## दीपावली और छठ में अवकाश कटौती से शिक्षकों में आक्रोश

**केटी न्यूज/छपरा**

बिहार शिक्षा विभाग की तरफ से जारी इस साल के अवकाश तालिका के अनुसार छठ के खरना के दिन भी विद्यालय खुले रहेंगे। वहीं, दिपावली पर केवल एक दिन की छुट्टी स्कूलों में दी गई है। इससे शिक्षकों में काफी आक्रोश है। इसी क्रम में परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ ने मांग की है कि सरकार को इस आदेश को वापस लेना चाहिए। शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा इस वर्ष अवकाश में कटौती को लेकर शिक्षक परेशान है। विद्यालयों में 31 अक्टूबर को दीपावली में मात्र एक दिन की ही छुट्टी दी गई है। बाहरी राज्य के हजारों शिक्षक या दूर दराज क्षेत्र में कार्यरत वैसे शिक्षक जो अपने घर से अत्यधिक दूरी पर पोस्टेड हैं । वह अपने घर परिवार के साथ दीपावली का त्योहार नहीं मना पाएंगे, क्योंकि मात्र एक दिन में सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर आना जाना संभव नहीं है। इस बात से शिक्षकों में मायूसी का माहौल है ।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से वर्ष 2023 तक हमेशा दीपावली से छठ तक छुट्टी रहती थी, जबकि इस वर्ष 2024 में पहली बार दीपावली से छठ तक कि लगातार छुट्टी नहीं दी गयी है। अवकाश तालिका निर्माण में अदूरदर्शिता के कारण ही नहाय खाय और खरना जैसे अवसर पर विद्यालय खुला रखना व छुट्टी नहीं देना निंदनीय है। शिक्षक नेता ने शिक्षा विभाग और सरकार से मांग किया कि अविलंब अवकाश तालिका में संशोधन करके पूर्व के वर्षों के भांति ही दीपावली से लेकर छठ तक अवकाश की घोषणा करें। जिससे सभी शिक्षक त्योहार को अपने परिवार के साथ मना सके इस मौके पर संजय यादव,विनोद राय, हवलदार मांझी, निजाम अहमद, पंकज प्रकाश, पीयूष तिवारी, संतोष सिंह, श्याम बाबु सिंह, सुमन कुशवाहा, अनिल दास, स्वामी नाथन राय, एहसान अंसारी, मंटू कुमार मिश्रा, विनायक यादव,शौकत अली,जय प्रकाश तिवारी,मंटू सिंह, ललन राय, उमेश राय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## गोटवा में प्रशासन ने अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर, हुआ विरोध

- अतिक्रमणकारियों को रोकने के लिए पुलिस को विरोध करने वालों को लेना पड़ा हिरासत में

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**



बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोटपा में पूर्व के अतिक्रमण में शेष बचे एक मकान के अग्रभाग को अंचल अधिकारी बिक्रमगंज द्वारा पुलिस बल के सहयोग से 21 अक्टूबर को अतिक्रमण मुक्त किया गया । उक्त मकान के मलवा रास्ता पर रह गया था,जिसे घर वालों के द्वारा हटाने की बात कही गयी थी,लेकिन उनके द्वारा नहीं हटाया गया। बाद में दोनों तरफ से आवागमन बाधित होने के कारण लोग आक्रोशित हो गये । सूचना प्राप्त होने पर पुलिस प्रशासन गयी व दोनों पक्षों को समझाया गया । लेकिन दो व्यक्ति बाबुधन कुमार व संतोष राम पिता धरीक्षण राम ग्राम गोटपा निवासी के द्वारा हाथ में ईट लेकर किसी भी कीमत पर रास्ता को चालू नहीं होने देने की बात कहते हुए धमकी देने लगे। जिस शोरगुल को सुनकर आस-पास काफी लोग इकट्ठा हो गये, जिससे विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो रही थी। तत्काल इसे रोकने के लिए द्वितीय पक्ष के सदस्यों को किसी तरह पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। तब जाकर आमलोगों का आक्रोश समाप्त हुआ।

पुलिस अभिरक्षा में भी दोनों व्यक्ति उदण्डतापूर्वक व्यवहार कर रहे थे । धारा 170 में गिरफ्तार किया गया तथा रास्ते से मलवा हटाकर आवागमन को चालू कराया गया । उपरोक्त वर्णित स्थितियों पर सम्यक विचारोपरान्त थानाध्यक्ष बिक्रमगंज से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में कानूनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए मंगलवार 22 अक्टूबर को द्वितीय पक्ष (बाबुधन कुमार व संतोष राम पिता धरीक्षण राम ग्राम गोटपा निवासी के विरूद्ध कार्रवाई प्रारंभ करते हुए अभियुक्तों को 6 माह के लिए उपकारा बिक्रमगंज में भेजा गया है। इसकी आशय की जानकारी माध्यम से एसडीएम अनिल बसाक ने दी।

## सिसौडा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में आयोजित हुआ स्तन कैंसर जागरुकता कार्यक्रम

# कोई संक्रामक बीमारी नहीं है स्तन कैंसर : डॉ अंकिता

- 21 महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 2 मरीज को किया गया चिन्हित

**केटी न्यूज/कैमूर**

आईएमए बिहार द्वारा गोद लिए गांव कैमूर जिले के रामगढ़ प्रखंड स्थित सिसौडा गांव के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्तन कैंसर जागरुकता कार्यक्रम सह निशुल्क स्तन कैंसर स्क्रीनिंग आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कैमूर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आरके चौधरी ने की। जागरुकता कार्यक्रम में आईएमए बिहार के प्रदेश सचिव डॉ संतोष कुमार सिंह, होमी भाभा कैंसर रिसर्च सेंटर की डॉ अंकिता एवं आईएमए कैमूर के अध्यक्ष डॉ डीके सिंह मंटू व सिसौडा पंचायत मुखिया प्रदीप कुमार ने संबोधित किया। डॉ अंकिता कुमारी एवं उनकी टीम ने 21 महिलाओं की जांच किया जिसमें 2 मरीज को चिन्हित किया गया। स्तन कैंसर कोई संक्रामक बीमारी नहीं है, लेकिन इससे प्रभावित लोगों की संख्या देखकर यह कहा जा सकता है कि इस मुद्दे पर जागरूकता की कितनी कमी है। भारत मे प्रतिवर्ष स्तन कैंसर से लगभग एक लाख महिलाओं की असामयिक मृत्यु होती है जिसे



जागरूकता के माध्यम से कम किया जा सकता है। अगर किसी महिला के स्तन या कांख मे गांठ हो, स्तन के आकार मे बदलाव, स्तन के ऊपर लालिमा हो, स्तन की त्वचा पर कड़ापन हो, स्तन से मवाद या खून का आना इत्यादि लक्षण दिखे तो तुरंत योग्य चिकित्सक से संपर्क करें। डॉक्टर की सलाह पर मैमोग्राम स्क्रीनिंग करानी चाहिए। अगर रिस्क अधिक हो तो एमआरआई, बायोप्सी इत्यादी करानी चाहिए। कुछ लोगों को प्रारंभिक लक्षण नहीं दिखता इसलिए 40 साल के ऊपर की महिलाओ को साल मे एक बार मैमोग्राम स्क्रीनिंग अवश्य करानी चाहिए। आमतौर पर स्तन कैंसर होने के निम्न कारण हैं, वजन का बढना, फिजिकल एक्टिविटी नहीं करना , जेनेटिक बीमारी होना , हार्मोन मे बदलाव, बच्चे पैदा नहीं करना या देर से पैदा करना, बच्चे को दूध नहीं पिलाना इत्यादि। ब्रेस्ट कैंसर तेजी से बढता शारीरिक रोग है लेकिन इसको सावधानी एवं उचित परामर्श से टाला जा सकता है। अगर प्रारंभिक स्टेज मे इसको पहचान कर इलाज शुरू होने पर स्तन कैंसर को ठीक किया जा सकता है। ग्रामीण स्तर महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रति जागरुक करना अति आवश्यक है।

### लापता किशोर का मिला शव

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के पास उस वक्त कोहराम मच गया जब वहां रखे गए एक शव की पहचान प्रखंड के दमुहा गांव के निवासी अजीत कुमार के रूप में हुई जो दशहरा के समय दिनांक 12 अक्टूबर को अपने दोस्तों के साथ मेला देखने गया था तभी से वह लापता था । परिजनों ने मृतक के कुछ दोस्तों पर ही उसकी हत्या करने और टेहटा रेलवे क्रॉसिंग के पास शव को पानी भरे गड्ढे में फेंक देने का आरोप लगा रहे हैं जहां से स्थानीय पुलिस के द्वारा शव को सदर अस्पताल में रखा गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### मांडू से 5 बार के विधायक टेकलाल महतो साइकिल में बैटरी और चोंगा बांध करते थे प्रचार

**रामगढ़, एजेंसी।** टेकलाल महतो ने मांडू विधानसभा क्षेत्र का पांच बार प्रतिनिधित्व किया. उनकी पहचान ईमानदार छवि वाले नेता के रूप में थी. उन्होंने कभी भी राजनीति में तामझाम का सहारा नहीं लिया. 1977 में उन्होंने साइकिल से चुनाव प्रचार किया था. वह क्षेत्र के सभी गांवों में प्रचार करने खुद घर-घर जाते थे.उस समय चुनाव प्रबंधन का कार्य देखनेवाले टेकलाल महतो के भतीजे चंद्रनाथ भाई पटेल बताते हैं कि चाचा जी साइकिल के कैरियर में बैटरी और हैंडल में चोंगा बांधकर प्रचार के लिए निकल पड़ते थे. साइकिल खड़ी कर माइक से भाषण देते थे. चुनाव प्रचार के दौरान कई दिनों तक घर नहीं लौटते थे. प्रचार के दौरान शाम होने पर उसी गांव में रुक जाते थे. फिर दूसरे दिन उसी गांव से प्रचार अभियान शुरू कर देते थे.चंद्रनाथ भाई पटेल ने बताया कि 1977 और 1980 में चाचा टेकलाल महतो निर्दलीय चुनाव लड़े थे, लेकिन दोनों ही चुनाव हार गये थे. 1985, 1990, 1995, 2000 में लगातार चार बार उन्होंने मांडू विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया. वहीं, वर्ष 2005 से 2009 तक गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहे. वर्ष 2009 में फिर से मांडू विधानसभा सीट से जीत दर्ज की.

### सिटी डीएसपी की पत्नी को पुरानी डिश वॉशर नई बता कर बेची

**रांची, एजेंसी।** सिटी डीएसपी रांची को बर्तन धोने की पुरानी मशीन नई बता कर बेच दी। जब उन्होंने इसकी शिकायत विक्रेता संस्थान से की और उसे वापस लेने की बात कही तो वापस भी नहीं लिया गया। इस संबंध में सिटी डीएसपी की पत्नी शिवानी सिंह ने लालपुर थाने में धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिन्हें नामजद आरोपी बनाया गया है, उनमें विक्रेता संस्थान के पदाधिकारी कमल, मशरूम आलम व एक अन्य अज्ञात शामिल हैं।आरोप है कि 10 अक्टूबर को उन्होंने बर्तन धोने की मशीन (डिश वॉशर) खरीदी। जिसे अगले दिन 11 अक्टूबर को उनके घर पहुंचाया गया। मशीन को इंस्टॉल करने के लिए टेक्निशयन को समय पर नहीं भेजा गया। जब उक्त मशीन को शिवानी सिंह ने कार्टन से बाहर निकाला तो पाया कि उसके अंदर पहले से पानी है। देख कर लगा कि मशीन का उपयोग किसी ने पहले किया है। मशीन के बॉडी में पीछे डेंट भी लगा हुआ था। इसकी शिकायत विक्रेता संस्थान से की गई तो उनकी ओर से कहा गया कि उसे वापस ले लिया जाएगा, लेकिन मशीन को वापस नहीं लिया गया।

### झामुमो ने शिबू सोरेन समेत 31 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

**रांची, एजेंसी।** झामुमो ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने 31 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। साथ ही, मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजकर अपने स्टार प्रचारकों के वाहनों के लिए पास जारी करने का अनुरोध किया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इस संबंध में जो सूची भारत निर्वाचन आयोग को भेजी है। उसमें कहा गया है कि पार्टी के मुख्य चुनाव प्रचारक के रूप में पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान का नेतृत्व करेंगे।उनके साथ पार्टी के केंद्रीय नेता हेमंत सोरेन, नलिन सोरेन, कल्पना मुर्मू सोरेन, प्रो. स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, बैद्यनाथ राम, विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू, मिथिलेश कुमार ठाकुर, मोहन कर्मकार, अभिषेक पिंटू, जोबा मांझी, विजय हांसदा, डॉ. महुआ माजी, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, हिदायतुल्लाह खान, दशरथ गगराई, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन अंसारी, बेबी देवी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी भी प्रचार की कमान संभालेंगे।

### बाबूलाल मरांडी 28 को धनवार से करेंगे नामांकन

**गिरिडीह , एजेंसी।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार विधानसभा सीट से 28 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे. गावां मंडल भाजपा की बैठक सोमवार को गावां बाजार स्थित बबलू साहा के आवास पर हुई. मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में मरांडी के नामांकन की तैयारी पर चर्चा की गई. निर्णय हुआ कि हजारों की संख्या में कार्यकर्ता 28 अक्टूबर को खोरीमहुआ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर मरांडी के नामांकन में भाग लेंगे.

# नियम तोड़ डॉ. आकाश से मिलने गई थी पल्लवी चिकित्सक की मौत को लेकर हुआ चौंकाने वाला खुलासा

**रांची, एजेंसी।** रिम्स के पीजी छात्र डॉ. आकाश भेंगरा और उसके साथ हॉस्टल की छत से कूदने वाली महिला पल्लवी के बीच मुंहबोले भाई-बहन का रिश्ता होने की बात सामने आई है।चुटिया निवासी पल्लवी शादीशुदा है और उनके पति शशि रंजन पलामू सीएचसी में डॉक्टर हैं, पल्लवी के हॉस्टल आने व यहां कूदने की घटना को लेकर उन्हें कोई जानकारी नहीं थी।पल्लवी और आकाश भेंगरा स्कूल के समय से ही एक दूसरे को जानते थे। जूनियर डॉक्टरों ने बताया कि आकाश को पल्लवी राखी बांधा करती थी, इसलिए जिस तरह का लव ट्रायंगल की बात सामने आ रही है, वह पूरी तरह से बेबुनियाद है। पल्लवी, उसके पति व आकाश के बीच दोस्ताना संबंध था।

इस तरह के अफवाहों से सभी को बचने की सलाह दी गई। हालांकि, कोई भी यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि देर रात आखिर पल्लवी आकाश के साथ ब्वायज हास्टल की छत पर क्या कर रही थी और आखिर किस तरह दोनों नीचे गिरे या फिर कूदें।

फिलहाल पुलिस इसकी पूरी छानबीन कर रही है और आकाश के हास्टल नंबर चार के रूम को सील कर दिया गया है। बहरहाल, पूरे मामले की गहराई से जांच कराने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई है।




डीन डॉ. शशि बाला सिंह की अध्यक्षता में यह कमेटी गठित की गई है। जांच सदस्यीय टीम में शशि बाला सिंह के अलावा डॉ. शिव प्रिये, डॉ. लखन मांझी, डॉ. सनंदा झा और डॉ. तुसार को शामिल किया गया है।

ब्वायज हास्टल में पल्लवी के हॉस्टल के अंदर आते हुए फुटेज कैद हुआ है। वह हास्टल नंबर चार में रविवार की रात प्रवेश करती है। जिसके बाद रात करीब 11 बजे हास्टल के बिजली बोर्ड में आग लगने की घटना भी होती है, जिसे बुझाने के लिए छात्र एकत्रित भी होते हैं, लेकिन फायर फाइटिंग की बदहाल स्थिति में यह संभव नहीं हो पाता है।

इसी बीच रात करीब 11.30 बजे कुछ गिरने की आवाज आती है, जिसके बाद सभी छात्र हॉस्टल के पीछे पहुंचे जहां दोनों को गंभीर स्थिति पाया गया और उसे रिम्स के इमरजेंसी में ले जाया गया।इसके बाद हॉस्टल के छात्र इमरजेंसी में एकजुट होने लगे, लेकिन आकाश को नहीं बचाया जा सका। जबकि पल्लवी का इलाज क्रिटिकल केयर में चल रहा है। जहां बताया जा रहा है कि उसके पीठ व हाथ में फ्रेक्चर है। जिसकी सर्जरी सोमवार को की गई।करीब दो माह पहले पतरातू घाटी में हुए सड़क दुर्घटना में डॉ. आकाश भेंगरा के सिर पर गंभीर चोट लगी थी। जिसके बाद उसे भुलने जैसी बीमारी का दौरा भी पड़ता था।

हालांकि, उनका इलाज चल रहा था और वह ठीक भी हो रहे थे। उनके साथी बताते हैं कि दुर्घटना के बाद काफी दिनों तक उसका बेड पर ही इलाज चला, लेकिन बाद में वह खुद को रिकवर कर रहे थे। लेकिन, रविवार की रात को हुए हादसे को इस ब्रेन की बीमारी से अलग रखा जा रहा है।

जिला प्रशासन की अनुमति के बाद डॉ. आकाश के शव का मेडिकल बोर्ड की निगरानी में पोस्टमार्टम किया गया। मेडिकल बोर्ड की टीम में फोरेंसिक विभाग के हेड, मेडिसिन विभाग के एसआर, पैथोलाजी विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर और सर्जरी विभाग के एसआर शाामिल थे।

डॉ. आकाश जब छत से नीचे कूदे तो जमीन पर पुराना कंक्रीट का स्लैब रखा हुआ था जिसपर आकाश गिरा और गंभीर चोट आई। जबकि, पल्लवी स्लैब के बगल में मिट्टी पर गिरी, जिससे उसे गंभीर चोट नहीं आई।

## भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए हम सभी प्रयास करेंगेः भाकपा

**रांची, एजेंसी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई. बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा, राष्ट्रीय सचिव झारखंड सह प्रभारी रामकृष्ण पांडा शामिल थे. बैठक की शुरुआत दिवंगत साथियों के सम्मान में 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड में वाम एवं धर्मनिरपेक्ष दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाएगा. राज्य की सभी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों की जवाबदेही है कि सभी धर्मनिरपेक्ष दल एक सूत्र में बंधकर चुनाव लड़ें. सांप्रदायिक शक्तियों और कॉरपोरेट लूट को रोकने के लिए हम सबको मिलकर चुनाव लड़ना होगा.

महासचिव डी राजा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की खनिज संपदाओं पर कॉर्पोरेट घरानों और भाजपा की नजर है, जो झारखंड की मिनरल्स को लूटना चाहती है. इसीलिए भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने से रोकने के लिए हम सभी प्रयास करेंगे. सर्वसम्मति से प्रथम फेज के 15 विधानसभा क्षेत्रों का चयन किया गया. कहा गया कि अगर सम्मानजनक समझौता नहीं हुआ, तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य में 15 विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ेगी. भाकपा कार्यालय में रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए झारखंड प्रभारी रामकृष्ण पांडा ने कहा कि यहां भाजपा सत्ता में आने का प्रयास कर रही है. हमारा एक ही लक्ष्य है, झारखंड को गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, पलायन से बचाना है. साथ ही जल, जंगल व जमीन को भी बचाने के लिए तत्पर रहना है. भाजपा को इस विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने से रोकना है.

## चंपई के क्षेत्र में बीजेपी की बढ़ी टेंशन ! अपनों से मिला घात, जेएमएम अभी और दे सकता है झटका



**जमशेदपुर, एजेंसी।** एनडीए की ओर से टिकट की घोषणा होते ही भाजपा में भगदड़ मच गई है। खासकर कोल्हान के सरायकेला व घाटशिला विधानसभा सीट में यह सोमवार को देखने को मिला।

सरायकेला की बात करें तो यहां से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी गणेश माहली, बास्को बेसरा व घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू ने झामुमो का दामन थाम लिया।

साथ ही महत्वपूर्ण घटनाक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सह बहरागोड़ा से पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी ने भी झामुमो में शामिल हो गए। हालांकि जब बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती को इस बात की भनक लगी तो वे रांची में सीएम आवास पहुंच गए और वहां जमे हुए है।

बताया जा रहा है कि झामुमो की ओर से टिकटों की घोषणा अब मंगलवार को होगी तब तक शामिल हुए सभी भाजपा नेता व पूर्व विधायक रांची में ही जमे रहेंगे। मालूम हो कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा के शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व झामुमो के कई नेता भाजपा नेताओं के संपर्क में थे। घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, बारी मुर्मू घाटशिला विधानसभा सीटी से बाबूलाल सोरेन को टिकट देने से नाराज चल रहे थे, वहीं सरायकेला से चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से गणेश माहली व बास्को बेसरा समेत कई भाजपा नेता नाराज चल रहे थे।बहरागोड़ा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रत्याशी कौन होगा, इसे लेकर सोमवार को पूरे दिन अटकलों का दौर चलता रहा। शाम होते होते सस्पेंस इतना बढ़ गया कि लोग 20-20 क्रिकेट मैच की तरह पल-पल की गतिविधियों का हाल लेते रहे।

हालांकि, समीर मोहंती ने झामुमो प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने के लिए सोमवार को दिन में नामांकन पत्र भी खरीद लिया। उनके समर्थकों ने पूरी तैयारी कर रखी थी।इस बीच शाम होते-होते रांची से यह खबर फैल गई कि झामुमो आलाकमान ने बहरागोड़ा के कुणाल षाड़ंगी, सरायकेला के गणेश माहली, दुमका की लुईस मरांडी आदि को मुख्यमंत्री आवास बुलाया है।

कुणाल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने पहुंच गए और इसके साथ ही यह अटकलें तैरने लगी कि बहरागोड़ा से पार्टी का टिकट उन्हें ही मिल सकता है।

## विधान सभा चुनाव में कई बार भाग्य आजमा चुके हैं रोशन लाल चौधरी



**हजारीबाग/बड़कागांव, एजेंसी।** चुनाव की घंटी बजते ही बड़कागांव में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने लगी है. टिकट के लिए नेता दिल्ली एवं रांची की दौड़ लगानी शुरू कर दी है. आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी भाजपा में शामिल हो गये. श्री चौधरी भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में एनडीए के उम्मीदवार हैं. इससे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की राजनीतिक फिजा बदलने के आसार हैं. भाजपा, आजसू, जदयू के कार्यकर्ताओं में उत्साह है.

आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह ने बताया कि 2005 में आजसू पार्टी ने पहली बार पूरन राम साहू को उतारा था. इसके बाद आजसू पार्टी से रोशन लाल चौधरी 2019 तक चुनाव लड़ते रहे. 2009 में भाजपा-आजसू-जदयू गठबंधन से रोशन लाल चौधरी चुनाव लड़े, लेकिन वह कांग्रेस के योगेंद्र साव से हार गये. 2014 में भाजपा, आजसू, जदयू गठबंधन पार्टी के प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी कांग्रेस की निर्मला देवी से महज 411 वोटों से हार कर दूसरे स्थान पर थे. 2019 में भाजपा एवं आजसू पार्टी का गठबंधन टूट गया था. भाजपा ने पूर्व विधायक लोकनाथ महतो को चुनाव मैदान में उतारा था, जबकि आजसू पार्टी से रोशन लाल चौधरी चुनाव मैदान में थे. उस समय भी रोशन लाल चौधरी कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद से हार कर दूसरे स्थान पर रहे थे.

वहीं बड़कागांव विधानसभा का बात करें तो क्षेत्र के हिसाब से हजारीबाग जिले के केरेडारी और बड़कागांव प्रखंड, चतरा के जिले के टंडवा प्रखंड के कई पंचायत और रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड फैला हुआ है. वहीं पूरे विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो यहां पर कुल 3,85,378 मतदाता हैं.

## जेएमएम में शामिल होने के बाद लुइस मरांडी का आया रिएक्शन, बता दी बीजेपी की अंदर की बात, सियासत तेज



**रांची, एजेंसी।** भाजपा को संताल परगना में सोमवार को जोर का झटका लगा। पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष और राज्य सरकार की पूर्वमंत्री लुइस मरांडी ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया। पार्टी को भेजे गए अपने त्यागपत्र में उन्होंने कहा है कि दूसरे दलों से आए नेता भाजपा में हावी हो गए हैं।

निष्ठावान कार्यकर्ता लगातार दल में उपेक्षित हो रहे हैं। लुइस मरांडी ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की। वह जामा या दुमका विधानसभा क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी हो सकती हैं।

लुइस मरांडी ने कहा कि 24 वर्ष उन्होंने भाजपा में बिताए। राजनीतिक जीवन की शुरुआत भाजपा से की। पार्टी ने इस दौरान काफी सम्मान दिया। पहली बार उन्होंने दुमका में भाजपा का परचम लहराया।

उन्होंने कहा कि अभी यह महसूस हो रहा है कि पार्टी के निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ताओं को दरकिनार करने की लगातार कोशिश तेज हुई है। अन्य दलों से आए नेता भाजपा में हावी दिखते हैं। पार्टी के अंदर गुटबाजी चरण पर पहुंच गई है।

इसी का परिणाम है कि दुमका जैसी प्रतिष्ठित सीट पर भाजपा एक बार जीत हासिल करने के बाद लगातार हार का सामना कर रही है। पार्टी संगठन में अनुशासन की धज्जियां उडाई जा रही है। समर्पित कार्यकर्ताओं की आस्था व निष्ठा पर शक किया जा रहा है। उनकी भावनाओं का खुले मंचों से अनादर किया जा रहा है।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की हार के बाद भाजपा की प्रत्याशी सीता सोरेन में जिस तरीके से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से लेकर मुझ जैसे समर्पित सच्चे कार्यकर्ता पर छल-प्रपंच व विश्वासघात करने का आरोप लगाया, वह गलत था।

ऐसा लग रहा था कि पार्टी समय पर सबकुछ नियंत्रित कर लेगी। लेकिन, अराजकता, अनुशासनहीनता और गुटबाजी बढ़ती ही जा रही है, जो किसी भी सूरत में पार्टी और संगठन के हित में नहीं है। कुछ लोग साजिश के तहत पार्टी के अंदर आंतरिक लोकतंत्र का गला घोट रहे हैं।

पार्टी के अंदर चल रही ऐसी षड्यंत्रकारी गतिविधियों से मन काफी व्यथित है। इससे आहत होकर वह प्रदेश उपाध्यक्ष पद समेत पार्टी की प्राथमिक व्यवस्था से इस्तीफा दे रहीं हैं।

संताल परगना के साथ-साथ कोल्हान प्रमंडल में भी स्थिति ठीक नहीं है। बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी भी झामुमो में आएंगे। सोमवार को वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करने पहुंचे।

कुणाल बहरागोड़ा से प्रत्याशी बनाए जा सकते हैं। हाल ही में उन्होंने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पद से इस्तीफा दिया था। उधर, सरायकेला से चंपई सोरेन को टक्कर देने वाले गणेश महली भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने पहुंचे।

## बोकारो डीआईजी ने देर रात इंटरस्टेट चेकपोस्ट का किया औचक निरीक्षण



**बोकारो, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष एवं भयमुक्त कराने के लिए पुलिस प्रशासन कई स्तरों पर तैयारी कर रहा है. इसी दौरान सोमवार की देर रात बोकारो रेंज की डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने बंगाल-झारखण्ड के बॉर्डर पर स्थित पिंडराजोड़ा भोजोडीह, बरमसिया और चंदनकिन्यारी इंटर स्टेट चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया. इस क्रम में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने, तकनीकी तौर पर भी दक्ष रहने, किसी तरह से भयादोहन न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को दिये. निरीक्षण के दौरान डीआईजी सुरेंद्र ने चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों का हौसला भी बढ़ाया, साथ ही पिंडराजोड़ा चेक पोस्ट बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत भी किया.

**अंतरराज्यीय सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के दिये निर्देश :** चेक पोस्ट का निरीक्षण के दौरान डीआईजी झा ने अंतरराज्यीय सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने, अवैध सामग्रियों के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए कई दिशा-निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि चेकपोस्ट पर 24 घंटे पुलिस तैनात रहेगी, हर आने जाने वाले वाहनों को गहनता से जांच की जाएगी. खास तौर पर शराब, नगदी और आर्म्स मतदाताओं को प्रभावित करने वाली अन्य सामग्री पर नजर रखी जाएगी.

## झामुमो में शामिल हुई लुईस मरांडी, कुणाल और गणेश महली:बाटुल ने बीजेपी छोड़ी



**रांची, एजेंसी।** भाजपा के 66 प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद अब नाराज नेताओं को मनाने की कोशिश शुरू हो गई है। कुछ मान भी गए। जो नहीं माने उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। नाला से भाजपा के पूर्व विधायक सत्यानंद झा बाटुल और महेशपुर से टिकट की आस में रहे पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन ने सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को अपना इस्तीफा सौंपा।

झारखंड चुनाव में टिकट बंटवारे से नाराज पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू सहित कई नेताओं ने भाजपा छोड़ दी। लुईस मरांडी, कुणाल षाड़ंगी और भाजपा नेता गणेश महली, लक्ष्मण टुडू बास्को बेसरा समेत कई नेता ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम ही लिया।वहीं भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय को मना लिया। पोटका से तीन बार की विधायक रही मेनका सरदार को पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी और पोटका से बीजेपी प्रत्याशी मीरा मुंडा ने मना लिया है।

**लुईस ने इस्तीफे में लिखा... :** लुईस मरांडी ने अपना इस्तीफा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भेजा। लिखा-पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेदारी दी, उसका निर्वहन किया। 2014 के चुनाव में दुमका विधानसभा सीट से भाजपा को जीत दिलाकर इतिहास रचा। हेमंत को पराजित कर इस चुनाव में दुमका में भाजपा की नींव मजबूत की। पार्टी ने मुझे सरकार में मंत्री भी बनाया। लेकिन वर्तमान में मुझे महसूस हो रहा है कि पार्टी के निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ताओं को दरकिनार करने की साजिशें तेज हो गई हैं।

**जामा से लड़ सकतीं हैं लुईस :** लुईस जामा से चुनाव लड़ सकती हैं। बाटुल और मिस्त्री ने भाजपा के सिंबल पर 2019 में चुनाव लड़ा था। हार गए थे। लक्ष्मण टुडू 2014 में भाजपा से घाटशिला से जीते थे। अब बाटुल नाला से और मिस्त्री सोरेन महेशपुर से निर्दलीय लड़ेंगे।

उधर, गिरिडीह सीट से चुनाव लड़ने को इच्छुक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र राय के रांची के हरमू स्थित आवास पर चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, हिमंता बिस्वा सरमा उनसे मिलने पहुंचे। आधे घंटे बात हुई। बाद में डॉ राय ने कहा कि अच्छी बातचीत हुई। अब कोई नाराजगी नहीं है। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि हम दो जगह ही उलझे हैं, झामुमो तो सब जगह उलझी है।

**मान गईं मेनका, इस्तीफा वापस लिया... :** भाजपा से इस्तीफा देनेवाली पोटका विधानसभा की पूर्व विधायक मेनका सरदार ने सोमवार को अपना इस्तीफा वापस ले लिया। पोटका की भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने तीन बार की विधायक मेनका सरदार से सोमवार को मुलाकात की। उनका आशीर्वाद लिया और मेनका मान गईं।

**झारखंड में प्रधानमंत्री की 7 जनसभाएं :** विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 7 जनसभाएं होंगी। भाजपा ने प्रथम चरण में 4 और दूसरे चरण में 3 जनसभाओं का प्रस्ताव बनाया है। किन-किन क्षेत्रों में यह कार्यक्रम होगा, इस बारे में शीघ्र ही तय कर लिया जाएगा। भाजपा के अधिकतर बड़े नेताओं के झारखंड आने का कार्यक्रम भी बन रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, सांसद गिरिराज सिंह, मनोज तिवारी, अनुराग ठाकुर, रवि किशन आदि का कार्यक्रम भी बनाया जा रहा है।

## विधानसभा चुनाव के लिए 21 कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची जारी; पांच महिलाओं पर भी दांव




**रांची , एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। जामताड़ा से इरफान अंसारी, हजारीबाग से मुन्ना सिंह और जरमुंडी से बादल पत्रलेख को मैदान में उतारा गया है।

झारखंड विधानसभा चुनाव में अब एक महीने से भी कम का समय शेष रह गया है। सभी पार्टियां चुनावी तैयारियों में लगी हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस ने सोमवार को 13 जिलों की 21 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने पहली सूची में पांच महिलाओं को टिकट दी है। जिसमें महगामा से दीपिका पांडे सिंह तो बड़कागांव से अम्बा प्रसाद साहू को चुनावी मैदान में उतारा है।

सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों के बीच बंटवारे को लेकर जारी गतिरोध के बीच कांग्रेस ने सोमवार रात कहा कि मंगलवार को इसको लेकर पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी कि कौन कितनी सीटों पर लड़ेगा। बता दें कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की।

गौरतलब है कि झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल 27 विधायकों वाला झारखंड मुक्ति मोर्चा सबसे बड़ा दल है। 24 विधायकों के साथ भाजपा प्रमुख विपक्षी दल है। इसके अलावा 18 विधायकों वाली कांग्रेस संख्याबल के लिहाज से तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। 81 विधायकों वाली विधानसभा में चार सीटें खाली हैं।

## सुभाषितम्

उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए।

**- स्वामी विवेकानंद**

## पाकिस्तान के रास्ते हजारों करोड रुपए की ड्रग्स तस्करी ढाई साल में 40000 तस्कर गिरफ्तार

**पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ** अधिकारी के अनुसार पिछले ढाई साल में पंजाब में 2546 किलो हेरोइन 2457 किलो अफीम 1156 किलो पोस्ता 42.99 मिलियन नशे की टैबलेट कैप्सूल और इंजेक्शन जप्त किए गए हैं। पंजाब पुलिस के अनुसार 39840 तस्करों को पिछले ढाई वर्षो में गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस ने लगभग 31 करोड़ रुपए की नगदी जप्त की है। पंजाब पुलिस के साथ एनआईए की टीम ने खालिस्तान और पाकिस्तानी तस्करों की मिलीभगत और उनके बीच के कनेक्शन का पता लगाया है। पंजाब की सीमा में बीएसएफ के जवान तैनात हैं केंद्र में बड़ी ताकतवर मोदी सरकार है सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं उसके बाद भी ड्रोन से नशीले पदार्थों की तस्करी पंजाब में निर्वाध रूप से जारी है। बीएसएफ के जवानों ने पिछले 4 साल में पाकिस्तान की ओर से आ रहे। 391 ड्रोन को पकड़ने में सफलता भी अर्जित की है। लेकिन यह सारे प्रयास विफल होते हुए, नजर आ रहे हैं। पंजाब के रास्ते अन्य प्रांतो में नशीले पदार्थों की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के रास्ते नशीले पदार्थों का कारोबार अब स्कूल और कॉलेजों तक पहुंच गया है। 2024 में ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 2400 किलोग्राम से ज्यादा हेरोइन और गांजा की जप्ती हुई है। पंजाब के सुरक्षा बलों की माने तो तस्करी के जरिए जो नशीले पदार्थ पाकिस्तान के रास्ते आ रहे हैं। उसमें केवल 10 फीसदी की ही जप्ती हुई है। 90 फीसदी नशीले पदार्थ पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के रास्ते तस्करों द्वारा प्रतिमाह हजारों करोड़ रुपए का कारोबार किया जा रहा है। पाक के नरोवाल पंजाब के गुरदासपुर जिले से लगा हुआ है। पाकिस्तान का फिरोजपुर, सियालकोट और बहावलपुर पंजाब की सीमा से सटे हुए हैं। सबसे ज्यादा ड्रोन के जरिए इन इलाकों से तस्करी हो रही है। आधुनिकतम ड्रोन जो ज्यादा दूरी तक उड़ान भर सकते हैं। उसके माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है इसके अलावा भारत में गुजरात के जरिए समुद्री मार्ग से हर साल हजारों टन नशीले पदार्थों की तस्करी सुनियोजित रूप से हो रही है। इसकी जानकारी केंद्र सरकार को भलीभांति है। इसके बाद भी देश में नशीले पदार्थों का कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही चला जा रहा है। तस्करी के इस कारोबार में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बीएसएफ के जवान पुलिस के जवान, नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी, राजनेता, अलगाववादी संगठन भी इस कारोबार में शामिल हैं। इस कारोबार में बहुत पैसा है। तस्करी और नशीले पदार्थों के ट्रांसपोर्टेशन में बड़े-बड़े गिरोह शामिल हैं। बराबरी से इसका पैसा सभी लोगों के पास पहुंचता है। जिसके कारण बेखोफ भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी का व्यापार बढ़ता ही जा रहा है। पंजाब को पहले उड़ता हुआ पंजाब कहा गया था। यहां के युवाओं को नशे की लत लग गई थी। ड्रग्स के कारोबारियों ने अब यह कारोबार अन्य प्रांतों में भी बड़ी तेजी के साथ फैला दिया है। नशे का कारोबार पिछले 10 वर्षों में गांव गांव तक फैल चुका है। नशे के कारोबार से अब राजनीतिक गतिविधियां भी संचालित होने लगी हैं। यह चिंता का सबसे बड़ा विषय है। पिछले 10 वर्ष से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत पूर्ण बहुमत की सरकार है। कई राज्यों में डबल इंजन की सरकारें पहले भी थी, और अभी भी हैं। इसके बाद भी जिस तेजी के साथ भारत में नशीले पदार्थों का कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। युवा पीढ़ी इसका शिकार हो रही है। यदि इसे पिछले 10 वर्षों में नियंत्रित नहीं किया जा सक है, तो आगे क्या होगा, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। सरकार ने नशे के कारोबार को रोकने के लिए बड़े-बड़े सुरक्षा के इंतजाम किए। समय-समय पर बड़े-बड़े दावे भी किए जाते हैं। लेकिन जो खबरें निकाल कर आती हैं। उसमें नशे के कारोबार में लगे छोटे-मोटे सप्लायर जो नशा करने वालों को नशा की सप्लाई करते हैं। उन्हें पकड़ कर राज्यों की पुलिस और नारकोटिक्स विभाग बाह-बाही लूटता है।

## चिंतन-मनन

### अहंकार त्यागने वाले ही महापुरूष होते हैं

**बहुत से लोग दिन-रात प्रयास** करते हैं कि उन्हें किसी तरह उच्च पद मिल जाए। खूब सारा पैसा हो और आराम की जिन्दगी जियें। जब ये सब प्राप्त हो जाता है तो इसे ईश्वर की कृपा मानने की बजाय अपनी काबिलियत और धन पर इतराने लगते हैं। जबकि संसार में किसी चीज की कमी नहीं है। अगर आप धन का अभिमान करते हैं तो देखिए आपसे धनवान भी कोई अन्य है। विद्या का अभिमान है तो ढूंढ़कर देखिए आपसे भी विद्वान मिल जाएगा। इसलिए किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए। जो लोग अहंकार त्याग देते हैं वही महापुरूष कहलाते हैं। महाभारत में कथा है कि दुर्योधन के उत्तम भोजन के आग्रह को ठुकरा कर भगवान श्री कृष्ण ने महात्मा विदुर के घर साग खाया। भगवान श्री कृष्ण के पास भला किस चीज की कमी थी। अगर उनमें अहंकार होता तो विदुर के घर साग खाने की बजाय दुर्योधन के महल में उत्तम भोजन ग्रहण करते लेकिन श्री कृष्ण ने ऐसा नहीं किया।

भगवान श्री राम ने शबरी के जूठे बेर खाये जबकि लक्ष्मण जी ने जूठे बेर फेंक दिये। यहीं पर राम भगवान की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि उनमें भक्त के प्रति अगाध प्रेम है, वह भक्त की भावना को समझते हैं और उसी से तृप्त हो जाते हैं। अहंकार उन्हें नहीं छूता है, वह ऊंच-नीच, जूठा भोजन एवं छप्पन भोग में कोई भेद नहीं करते। शास्त्रों में भगवान का यही स्वभाव और गुण बताया गया है। महात्मा बुद्ध से संबंधित एक कथा है कि एक बार महात्मा बुद्ध किसी गांव में प्रवचन दे रहे थे। एक कृषक को उपदेश सुनने की बड़ी इच्छा हुई लेकिन उसी दिन उसका बैल खो गया था। इसलिए वह महात्मा बुद्ध के चरण छू कर सभा से वापस बैल ढूंढने चला गया। शाम होने पर कृषक बैल ढूंढ़कर वापस लौटा तो देखा कि बुद्ध अब भी सभा को संबोधित कर रहे हैं। भूखा प्यासा किसान फिर से बुद्ध के चरण छूकर प्रवचन सुनने बैठ गया। बुद्ध ने किसान की हालत देखी तो उसे भोजन कराया, फिर उपदेश देना शुरू किया।

## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन करियर में लाभ लेकर आ रहा है। आपको मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त होगी जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृषभ** आज दिन करियर में सफलता से भरा रहेगा। दोपहर में कोई खुशी का समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा और आपके धन, सम्मान में वृद्धि होगी।

**मिथुन** आज लाभ के योग बन रहे हैं। पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा से सम्मान मिलेगा।

**धनु** करियर के मामले में लाभ होगा और आप परिवार के लोगों के साथ खरीदारी करने जा सकते हैं।

**कर्क** उत्तम संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। अचानक से धन लाभ होने से आपके धन में वृद्धि होगी।

**मकर** आपके सम्मान में वृद्धि होने के योग हैं। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी।

**सिंह** आज लाभ होगा और हर मामले में आपको अपनी अपेक्षा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे।

**कुंभ** आज का दिन फायदे का है लेकिन आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**कन्या** आज करियर में लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपको अपने रिश्तेदारों से सुख मिलेगा।

**मीन** आपका वैवाहिक जीवन आनंद में बीतेगा। आस-पास की यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

# अब चांदी ही चांदी, मगर किसकी ?

**राकेश अचल**

आज कोई पोलटिकल या कम्युनल बात नहीं होगी क्योंकि आज का मुद्दा तेजी से उछल रही चांदी है चांदी को रजत भी कहा जाता है। रजतपट का नाम तो आपने सुना ही होगा। चांदी इतनी तेजी से उछल रही है कि देखने वाले भौंचक हैं। इतना तेज तो हमारे एथलीट भी नहीं उछल पाते चांदी न खाने के काम आती है न आईस्क्रीम बनाने के काम लेकिन चांदी के भाव आसमान छूकर आसमान से भी ऊपर किसी तीसरे - चौथे ग्रह से आगे निकल गए हैं।

चांदी आम आदमी की धातु है। आम आदमी से मतलब गरीब-गुरवों की धातु। आदिवासियों की धातु। दवाओं और मिठाइयों को सजाने के लिए वर्क बनाने के काम आने वाली धातु। लेकिन अब इस चांदी को भी बाजार की नजर लग गयी है। चांदी हो या सोना या पीतल हमारे यहां धनतेरस पर खरीदा जाता है। परम्परा है। ज्योतिषी ऐसे योग बता देते हैं कि हैसियत हो या न हो बिना खरीदारी के मन नहीं मानता। अब धनतेरस और दीपावली से पहले जहां सोने की चमक बढ़ती जा रही है, तो वहीं दूसरी कीमती धातु चांदी भी लगातार उछल रही है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को चांदी ने नया मुकाम छू लिया, जी हां, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी मैक्स पर एक किलो चांदी का भाव 1,00,000 रुपये के स्तर को छू गया। चांदी के बढ़ते दाम ही देश की तरक्की का सबसे बड़ा प्रमाण हैं तो हमारा देश बिला शक तरक्की कर रहा है। इतनी तरक्की देश ने पहले कभी नहीं की। अब नहीं की तो नहीं की। हमें हकीकत को तस्लीम करना ही चाहिए। हम कोई विपक्ष तो हैं नहीं जो इस तरक्की को खारिज कर दें! हमें हकीकत का समाना करना आता है। हमें पता है कि हमारी हैसियत अपने परिवार की महिलाओं के लिए सोने के आभूषण खरीदने की भी नहीं है लेकिन अब हम शायद चांदी के आभूषण भी खरीदने लायक नहीं रहे। ये बात और है कि आजकल मोटे-ताजे अखबारों में चांदी के आभूषणों का कोई विज्ञापन नहीं छपता। केवल स्वर्ण और हीरे के आभूषणों के विज्ञापन आते हैं।




छात्र जीवन में हमने एक बार चांदी पर निबंध लिखा था। उस निबंध की कुछ पंक्तियाँ हमें आज भी याद हैं। जैसे कि - चांदी सफेद चमकदार धातु है। चांदी ऊष्मा व विद्युत की सबसे अच्छी सुचालक है।चांदी का परमाणु भार 107.88, विशिष्ट घनत्व 10.55 से 9.87 तक, विशिष्ट ऊष्मा लगभग 0.56 तथा रेखीय प्रसारगुणक 1° से 100° सें. के बीच 0.0000194 है। दुनिया का तो पता नहीं किन्तु हमारे देश में चांदी का उपयोग सिक्के व आभूषण बर्तन बनाने के अलावा, फोटोग्राफी में काम आने वाले सिल्वर ब्रोमाइड बनाने में किया जाता है।चांदी के द्वारा अमलगम बना कर इससे दर्पण बनाये जाते हैं व दाँतों में भरने के काम आता है। चांदी से बनी मिश्रधातुयें अत्यधिक उपयोगी होती हैं। आयुर्वेद वाले स्वर्ण भस्म की तरह चांदी की रजत भस्म बनाकर रोगियों कि तमाम रोग भस्म करने का दावा करते है। लेकिन अब चांदी इतनी महंगी हो गयी है की आप न इसे दांत में भर सकते हैं और न शहद लगाकर चाट सकते हैं। मिठाइयों पार इसके वर्क लगाने का तो ख्वाब भी मत देखिये। चांदी के अक्षरों से कोई इतिहास भी तो नहीं लिखा जाता।

एक लाख प्रति किलो तक आ पहुंची चांदी हमारे जीवन में ही नहीं बल्कि हमारे साहित्य और कहावतों में भी ससम्मान मौजूद है। हम अक्सर कहते हैं कि - फलां साहब की तो चांदी ही चांदी है। या फलां साहब तो मुंह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए है। ये साहब या फिर फलां साहब तो आजकल चांदी काट रहे है। कभी किसी ने नहीं कहा की फलां साहब का तो सोना ही सोना है या फलां साहब आजकल सोना काट रहे हैं। ये चांदी का वैभव है कि वो लोक जीवन में सोने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। समाज में चांदी की सिल्ली रखी जाती है लेकिन सोना बिस्किट से ज्यादा बड़ा नहीं हो पाया। भले ही किलो कि दाम सोने कि चांदी से ज्यादा हों,लेकिन किलो कि हिसाब से लोग सोना नहीं चांदी खरीदते है। चांदी आखिर सुरक्षित निवेश का भी तो माध्यम है। भारत हालांकि कृषि प्रधान देश है लेकिन यहां चांदी की खपत बहुत ज्यादा है। भारत अपनी जरूरत की चांदी पैदा नहीं कर पाता तो उसे विदेशों से चांदी मंगाना पड़ती है। आखिर जनता का ख्याल तो रखना ही पड़ता है! भारत में इसका बहुत कम उत्पादन होता है। भारत अक्सर बेल्जियम, ब्रिटेन, इटली, पश्चिमी जर्मनी आदि देशों से चांदी का आयात करता हैं। भारत में चांदी - राजस्थान में जावर माइन्स, कर्नाटक में चित्रदुर्ग तथा बेलारी ज़िले, आन्ध्र प्रदेश में कडपा, गुंटूर तथा कुरनूल ज़िले, झारखण्ड में संथाल परगना तथा उत्तराखण्ड में अल्मोड़ा में मिल जाती है। पहले इसका उत्खनन तमिलनाडु के अन्नतपुर में भी किया जाता था जो अब समाप्त हो गया है। पुराने आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 1999-2000 के दौरान देश में कुल 53641 किग्रा. चांदी का उत्पादन हुआ था। चांदी भी छूई-मुई है। विशेषज्ञ बताते हैं कि चांदी में ये उछाल मध्य पूर्व में बढ़ते जियो-पॉलिटिकल तनाव और आगामी अमेरिकी चुनावों से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण देखने को मिल रहा है. केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टरअजय केडिया का अनुमान है कि मार्च 2025 तक चांदी का भाव 1.3 लाख रुपये प्रति किलो तक पहुँच सकता है। यानि चांदी को महंगा करने में हमारे देश की गठबंधन या बैशाखनंदन सरकार का कोई हाथ नहीं है। कोई भूमिका नहीं है, इसलिए उसे इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। वैसे भी हमारी सरकार कोई जिम्मेदारी अपने ऊपर कभी लेती नहीं। उसे राम पर भरोसा है और जनता को भी। हमारी सरकार देश की जनता के, लिए कोई दूसरी जरूरी चीज का आयात करे या न करे लेकिन चांदी का आयात जरूर करती है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि भारत ने जनवरी से अप्रैल के दौरान रिकॉर्ड 4,172 मीट्रिक टन चांदी का आयात किया, जो एक वर्ष पहले इसी अवधि आयात से 455 टन से अधिक है। ये हमारी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि जरूर है। पिछले बजट में ही हमारी सरकार ने इसीलिए चांदी कि आयात पर शुल्क बढ़ा दिया। यानी आम कि आम और गुठलियों कि दाम जैसी है चांदी। हम सनातनी हिन्दू मुसलमानों की दुकानों से खाने-पीने की चीजें खरीदें या न खरीदें लेकिन चांदी जरूर खरीद लेते है।

## जहरीली होती हवा से गहराता सांसों का संकट

**ललित गर्ग**

**दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में** अभी दीपावली आने में कुछ दिन है, उससे पहले ही जहरीली हवा एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनने लगा हैं और जहरीली होती हवा सांसों पर भारी पड़ने लगी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआइ बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच चुका है। दिल्ली में औसत एक्यूआइ 293 पहुंच गया है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में यह अभी से 300 पार जा चुका है। अतीत का अनुभव बताता है कि आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। बढ़ते वायु प्रदूषण से जनता की सांसों पर गहराते संकट के समाधान के लिए सरकार के पास विभिन्न चरणों में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के अलावा कोई योजना नजर नहीं आती। दिल्ली सरकार जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुटेगा, बच्चों एवं बुजुर्गों के सामने बड़ा संकट खड़ा होगा, अगर दिल्ली सरकार सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर नहीं हैं, वह गंभीर होती तो पहले से कोई ठोस योजना बनाती। दिल्ली के वायु प्रदूषण एवं हवा के जहरीले होने में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली का बड़ा योगदान बताया जाता है। उससे निपटने के प्रयासों के दावे भी राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए बना आयोग भी जिम्मेदारी के निर्वाह में नाकाम नजर आता है।

प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती। सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? वैसे प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। सुप्रीम कोर्ट राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर कठोर टिप्पणियां करने के साथ सरकार को कठोर एवं प्रभावी कदम उठाने के लिये जागरूक करती रही है। हाल ही सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में पंजाब सरकार की नाकामी पर सख्त टिप्पणी भी की। पंजाब और दिल्ली, दोनों ही राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं, इसलिए यह आप और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का मुद्दा भी बनता रहता है। ध्यान रहे कि पंजाब और दिल्ली के बीच स्थित राज्य हरियाणा में भाजपा की सरकार है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार है, जिसके पश्चिमी क्षेत्र के किसानों पर पराली जलाने का आरोप लगता रहता है। आम आदमी की सेहत ही नहीं, जीवन से भी जुड़े इस जानलेवा मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि ठोस समाधान की राह निकलनी चाहिए। हमारे राजनीति दल संवेदनहीन नहीं बल्कि संवेदनशील बने। दीपावली पर आतिशबाजी न हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न किये जाये। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में पिछले कुछ सालों में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है।

तमाम बंदीशों एवं चेतावनियों के दीपावली की रात आतिशबाजी जमकर होती है, इसके कारण पिछले साल अगले दिन वायु प्रदूषण 999 के बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया था। यह आम आदमी की सेहत, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि 401 से 500 तक के एक्यूआइ को ही ह्यगंभीरह्न एवं खतरनाक माना जाता है। वायु प्रदूषण से जुड़े आंकडे हमें बार-बार सतर्क एवं सावधान करने के साथ डराते भी है। यह डराने वाला ही आंकड़ा है कि भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं। देश में होने वाली मौतों का यह पांचवां बड़ा कारण है। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली और पटाखों की ही तरह वाहनों एवं भवन-निर्माण से जुड़ा प्रदूषण भी खतरनाक होता है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। अभी से हर दिन पराली जलाने की घटनाएं दर्ज होने लगी है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? सच यह है कि इसके लिए कोई प्रभावी कोशिश हो ही नहीं रही है। किसानों से बात करने का साहस कोई भी सरकार नहीं दिखा रही है। ऐसा माहौल बना दिया गया है, मानो खेती के नाम पर कुछ भी करने की छूट है। इसका कारण राजनीतिक ही है। कोई किसान है, इसका यह अर्थ नहीं कि उसे वातावरण को दमघोंटू बनाने एवं लोगों के जीवन को संकट में डालने का अधिकार है।

अभी से दिल्ली की आबोहवा बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। दिल्ली की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि यहां रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है।

## भोजन के साम्प्रदायिक बनने से पूर्व, सालों पुराने नियमों को बदलने की जरुरत

**अतुल मलिकराम**

**क्या भोजन भी सांप्रदायिक हो** सकते हैं? क्या यह संभव है कि चिकन सिर्फ कोई एक धर्म ही खा सकता हो और दाल-रोटी केवल किसी एक धर्म के लिए ही बनती हो? मूलतः यह तो स्वाद की बात है कि किसकी जुबान को कौन सा स्वाद भाता है। लेकिन पिछले दिनों विस्तारा एयरलाइन्स के हिन्दू मील और मुस्लिम मील परोसे जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया और ऐसे कई सवालों को जन्म दिया जो पहले समाज के जहन में नहीं थे। कुछ रोज पूर्व एक महिला पत्रकार द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कंपनी को टैग करते हुए गंभीर आरोप लगाया गया कि 'क्या आप लोग सब्जियों, चिकन और यात्रियों को फ्लाइट के दौरान सांप्रदायिक बनाने जा रहे हैं? हालांकि एयरलाइन्स का कोई आधिकारिक बयान आने से पहले ही सोशल मीडिया पर कई जानकारों ने आरोपों को निराधार बताया और इसका खंडन करते हुए, इसे जानकारी के आभाव में पूछा गया सवाल करार दिया। एक कंपनी के सीईओ ने बताया है कि हिंदू मील के लिए निर्धारित कोड एचएनएमएल है, लेकिन ये सिर्फ वेज खाना हो जरूरी नहीं है, ये नॉन-वेज आइटम भी हो सकता है, जो कि हलाल नहीं होगा, उसी प्रकार मुस्लिम मील के लिए निर्धारित कोड एमओएमएल के भी केवल नॉन-वेज होने की गारंटी नहीं है लेकिन उसका हलाल होना पक्का है। लेकिन इन सब के बीच मेरा बस एक ही सवाल है कि आखिर क्यों इस पूरी प्रक्रिया को इतना कॉम्प्लिकेटेड और आउटडेटेड बनाये रखा गया है। क्या हम फूड कोड को केवल वेज या नॉन-वेज फूड की कैटेगरी में विभाजित नहीं कर सकते? जो आम समझ और स्वीकृति के लिए तो आसान होगा ही साथ ही भोजन को कभी भविष्य में भी साम्प्रदायिक होने से बचाएगा।

भोजन को वेज और नॉन-वेज में विभाजित करने से न किसी की धार्मिक आस्था को भी ठेस पहुंचेगी, न ही जानकारी के आभाव में सवालों का जन्म होगा और न ही किसी अंतर्राष्ट्रीय कंपनी की जिम्मेदारी को सवालों के घेरे में लिया जाएगा। चूंकि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहाँ विविधता को सम्मान दिया जाता है और विभिन्न धर्म, भाषा व संस्कृतियों के लोग एक साथ रहते हैं। ऐसे में एयरलाइन्स के भोजन में हिन्दू-मुस्लिम कोड का इस्तेमाल करना केवल अनावश्यक ही नहीं, बल्कि समाज में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की आग को भड़काने जैसा भी प्रतीत होता है। मेरी जानकारी के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, ऐसे कोई मानक नहीं हैं जो किसी भी देश की एयरलाइन्स को धार्मिक आधार पर भोजन की पहचान करने के लिए मजबूर करते हों। इसलिए, इस तरह के सांप्रदायिक कोड का कोई तर्कसंगत औचित्य नहीं है। जानकारी के लिए बताता चलूं कि एयरलाइन के लिए इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की तरफ से खाने की चीजों के लिए खास कोड निर्धारित किये जाते हैं, और हिंदू मील या मुस्लिम मील जैसे नाम यही तय करते हैं। आईएटीए एयरलाइन और कैटरिंग सेवाओं के लिए ऐसे कोड तैयार करता है, और ग्राउंड स्टाफ उसका प्रबंधन करते हुए जस के तस उसे आगे बढ़ा देता है। एक खबर के मुताबिक ऐसी करीब दो दर्जन कैटेगरी बनाई गई हैं, ताकि एयरलाइन सेवाओं में एकरूपता बनाकर रखी जा सके। लेकिन हालिया वाकया इस बात की तरफ इशारा करता है कि यह समय एयरलाइन्स अथॉरिटी द्वारा अपनी नीतियों में बदलाव करने का है, और ₹वेज-नॉनवेज₹ के सरल और सर्वमान्य विकल्प को अपनाकर, विभाजन और भेदभाव की किसी भी भावना से दूरी बनाये रखने का है।

## राजकाज

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कर्मयोगी सप्ताह

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार से** कर्म योगी सप्ताह मनाने का अभियान शुरू किया है। राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के रूप में इसे मनाया जाएगा। इसके अलावा लोक सेवकों और व्यक्तिगत संगठन क्षमता को विकसित करने के लिए कर्मयोगी सप्ताह को प्रोत्साहन से जोड़ा जा रहा है। मिशन कर्मयोगी की शुरूआत सितंबर 2020 में की गई थी। लेकिन जैसे जुमले होते हैं। वैसे ही यह जुमला बना रहा। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता में फिर एक बार कर्मयोगी आ गए हैं। अब यह अभियान कैसे चलेगा, इसको लेकर तरह-तरह की चचाएं होने लगी हैं राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का उद्देश्य देश में एक सरकार का संदेश देना है। एक सरकार हो,जो सभी मामलों के लिए जिम्मेदार हो। इस अवधारणा को लेकर कर्मयोगी सप्ताह मनाया जा रहा है।

### भारत 5 गरीब देशों की सूची में शामिल

**भारत दुनिया के उन पांच** देशों में शामिल हो गया है। जहां सबसे ज्यादा लोग घोर गरीबी के साथ जीवित बने हुए हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट से निकलकर सामने आई है। दुनिया में 1।01 अरब लोग गरीबी में जी रहे हैं। उनके पास दो वक्त का खाना भी नहीं है। भारत में ऐसे लोगों की संख्या 23।4 करोड़ है। मानव विकास सूचकांक में भारत उन पांच देशों की सूची में आ गया है। जो दुनिया के देशों में सबसे गरीब है।भारत सरकार अमीरी के बड़े-बड़े दावे करती है। भारत में अमीर बड़ी तेजी के साथ अमीर हो रहे हैं। उनकी संख्या हर साल बढ़ रही है। गरीब तेजी के साथ गरीब होते चले जा रहे हैं। अब गरीबों को भी जीएसटी चुकाना पड़ रही है। रोजगार के भी अवसर खत्म हो गए हैं।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1764 मीर कासिम बक्सर की लड़ाई में पराजित हुआ। 1947 अमरीकी सैनिकों ने प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार भाग लिया था। 1942 द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटिश सेना ने मिस्त्र में दुश्मन पर जबरदस्त हमले किए। 1943 आजाद हिंद फौज की रानी झांसी ब्रिगेड की स्थापना नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने की थी। 1943 आजाद हिंद सरकार ने अमरीका और ब्रिटेन के खिलाफ जंग का ऐलान किया। 1953 रोडेशिया और न्यासालैंड का संविधान प्रभावी हुआ। 1954 ब्रिटेन, फ्रांस, अमरीका और सोवियत संघ जर्मनी से हटने के लिए सहमत हुए। 1962 सोवियत संघ ने क्यूबा की घेरेबंदी पर आणविक युद्ध की चेतावनी दी। 1968 मिस्त्र और इजरायल के लड़ाकू विमानों में स्वेज नहर के ऊपर भयंकर संघर्ष हुआ। 1973 इजरायल और मिस्त्र पश्चिम एशिया संघर्ष में युद्ध विराम के लिए सहमत हुए।

## दैनिक पंचांग

**23 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.53 ब.से |
| चंद्र | मिथुन में | धनु | 10.09 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मकर | 12.14 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 14.01 बजे से |
| गुरु | वृष में | मीन | 15.33 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मेष | 17.04 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.44 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 20.42 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.56 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 01.12 बजे से |
| 12.00 से 1.30 बजे तक | | कन्या | 03.24 बजे से |
| | | तुला | 05.34 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 297 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 01.19 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु अहोरात्र। **योग** शिव 06.59 बजे तदनन्तर सिद्ध 05.52 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** विष्टि 13.18 बजे तदनन्तर बव 01.19 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 20.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 11° 30' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872141 **जूलियन दिन** 2460606.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 19 **विशेष** स्कन्द षष्ठी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore




# रहस्यमयी है जर्मनी का डेविल ब्रिज

जर्मनी हमेशा से ही अपने महलों और गिरिजाघरों, त्योहारों और कार्निवाल, स्मारकों के लिए पहचाना जाता रहा है। हालांकि, एक रहस्यमयी जगह है जो इन सभी से हटकर है। यह है जर्मनी का डेविल ब्रिज। यह एक इतिहास, अनसुलझे रहस्य और हाल ही में, इंस्टाग्राम के कारण एक पॉपुलर साइट के रूप में सामने आया है। पूर्वी जर्मनी में गैबलेनज़ के पास क्रॉमलॉयर पार्क में स्थित, यह ब्रिज रहस्यमय रूप से आकार में सेमी सर्कल है और पानी में इसका प्रतिबिंब एक परफेक्ट सर्कल बनाता है। यह 200 एकड़ चौड़ा है और पूरा पुल मानव निर्मित है, लेकिन लोगों की मान्यता यह है कि इस ब्रिज को शैतान द्वारा ही बनाया गया है। इस ब्रिज को लेकर ऐसी कई कथाएं प्रचलित हैं जो कि इसे डरावनी बनाती है।

# चीन, अमेरिका ही नहीं भारत में भी है कांच का बना ब्रिज

चीन, अमेरिका जैसे देशों में ग्लास ब्रिज का अनुभव बेहतरीन होता है। कई लोगों के लिए रोंगटे खड़े कर देने वाला होता है। आपको यह अनुभव करने के लिए वीजा और प्लेन टिकट की जरूरत नहीं है क्योंकि भारत का पहला ग्लास स्काईवॉक पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम में है। यह सिक्किम के पेलिंग में है और चेनरेजिंग की 137 फीट ऊंची प्रतिमा के ठीक सामने स्थित है। हिमालय के हीच, ग्लास स्काईवॉक बौद्ध तीर्थ स्थल का सुंदर दृश्य देता है। पूरा परिसर समुद्र तल से 7200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यह स्काईवॉक इस दर्शनीय धार्मिक स्थल के आकर्षण को बढ़ाता है। हालांकि ग्लास स्काईवॉक कमजोर दिल वालों के लिए नहीं है क्योंकि जब इस ब्रिज से नीचे देखते हैं, तो दिल की धड़कनें बढ़ जाती है।





# क्रोएशिया के सबसे अद्भुत प्राकृतिक आश्चर्य

**यूरोप के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक तटीय देश के रूप में, और एड्रियाटिक सागर तक पूरी पहुंच के साथ, क्रोएशिया के समुद्र तट अपने साफ पानी और कंकड़ वाले तटों के कारण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। हालांकि, देश की प्राकृतिक सुंदरता इसके समुद्र तट से कहीं आगे तक जाती है, और यह ऐसे परिदृश्य और गतिविधियाँ प्रदान करती है जो हर प्रकार के यात्रियों का मनोरंजन कर सकती हैं। इतना ही नहीं, बल्कि यह एक समृद्ध इतिहास वाला देश भी है, और इसके कई रोमन खंडहर और सेंट यूफेमिया जैसे खूबसूरती से संरक्षित चर्च जैसे स्थल सदियों पुरानी कहानियों को फिर से बताने में मदद करते हैं।**

## सेटीना नदी स्रोत, क्रोएशिया



पृथ्वी की आँख उपनाम प्राप्त करते हुए सेटीना रिवर स्प्रिंग वास्तव में देखने लायक है। अशुभ दिखने वाला छेद सेटिना नदी का स्रोत है, जो वर्लिका के उत्तर में कुछ मील की दूरी पर एक झरने से निकलती है और 60 मील से अधिक दूरी तक एड्रियाटिक सागर में बहती है। स्रोत की प्रभावशाली गहराई 500 फीट है। हालाँकि, गहरे समुद्र में गोताखोर यह जानना चाहते हैं कि सैटिना रिवर स्प्रिंग में क्या रहस्य छिपे हैं, उन्हें जोरदार नहीं का जवाब मिलेगा, क्योंकि ऐसा करना अवैध बना दिया गया है।

## प्लिटविस झील राष्ट्रीय उद्यान

क्रोएशिया में सबसे प्रसिद्ध प्राकृतिक आश्चर्य और गणतंत्र के सबसे बड़े राष्ट्रीय उद्यान दोनों के स्थानों को ध्यान में रखते हुए, प्लिटविस नेशनल पार्क देश की सबसे खूबसूरत झीलों के साथ शांतिपूर्ण सैर प्रदान करता है। पार्क के खूबसूरत पानी में तैरने की अनुमति नहीं है , लेकिन इसकी फ़िरोज़ा रंग की झीलों का दृश्य और धीरे-धीरे गिरते झरनों की आवाज़ एक उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करती है।
यदि क्लौस्ट्रफ़ोबिया कोई मुद्दा नहीं है, तो बैरेडाइन गुफा के अंदर स्टैलेक्टाइट से भरी संरचना क्रोएशिया की प्रकृति द्वारा प्रदान किए जाने वाले विस्मयकारी कारक को बनाए रखते हुए नियमित आउटडोर रोमांच से एक स्वागत योग्य ब्रेक हो सकती है। पूरी गुफा एक भू-आकृति विज्ञान स्मारक है जिसका निर्माण लगभग 3.5 मिलियन वर्ष पहले भू-आकृति के विघटन के दौरान पानी की गतिविधियों के कारण हुआ था। हालाँकि, 1995 तक गुफा को पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए सीढ़ियाँ और रेलिंग नहीं लगाई गई थी। और एक अनोखी प्रजाति है जो गुफा में निवास करती है, क्योंकि बेरेडाइन ओल्म एक स्थानिक प्रकार का सैलामैंडर है जिसने गुफा को अपना घर बना लिया है और भूमिगत जल के आसपास तैरते हुए देखा जा सकता है।

## एमएलजेट राष्ट्रीय उद्यान



एक द्वीप के भीतर एक झील के भीतर एक द्वीप पर एक मठ। यह एक अजीब वर्णन जैसा लग सकता है, है ना? लेकिन यह एमएलजेट नेशनल पार्क के अंदर देखने के लिए उपलब्ध चीजों में से केवल एक है । एमएलजेट द्वीप के सबसे उत्तरी सिरे पर स्थित , जो पहले से ही क्रोएशिया के सबसे सुरम्य द्वीपों में से एक है , पार्क में पर्याप्त जंगल, लंबी पैदल यात्रा के रास्ते हैं, और, इसका मुख्य आकर्षण, जमीन के एक टुकड़े से विभाजित दो अलग-अलग रंग की खारे पानी की झीलें हैं। दो झीलों में से सबसे बड़ी में, सेंट मैरी द्वीप है, जो चर्च और बेनेडिक्टिन मठ का घर है, जो क्रोएशिया की रोमनस्क संस्कृति का एक स्मारक है जो नाव के माध्यम से पर्यटकों के लिए खुला है और आगंतुकों के लिए जरूरी है।

## क्रका राष्ट्रीय उद्यान

क्षेत्र में पाई जाने वाली सबसे बड़ी नदी के नाम पर रखा गया, क्रका नेशनल पार्क आगंतुकों को इसके शांत और गहरे नीले पानी में डुबकी लगाने की अनुमति देता है , साथ ही पार्क के संपन्न जीव-जंतुओं और वनस्पतियों को देखने में भी सक्षम बनाता है। एमएलजेट की तरह, क्रका नदी के ठीक बीच में एक खूबसूरत पुराना चर्च स्थित है । 14वीं शताब्दी में, कैथोलिक भिक्षुओं के एक समूह ने विसोवैक के छोटे से द्वीप पर एक आकर्षक चर्च और मठ का निर्माण करके खुद को स्थापित किया। हालाँकि आक्रमणों के कारण मूल मठ को ध्वस्त कर दिया गया था, इसे 18वीं शताब्दी में फिर से बनाया गया था और आज तक इसका रखरखाव किया गया है।

## कोर्नाटी द्वीप समूह

क्रोएशियाई तटरेखा के कुछ हिस्से ऐसे भी हैं जो पर्यटकों के लिए उतने प्रसिद्ध नहीं हैं, जैसे कोर्नाटी द्वीप समूह । 140 से अधिक निर्जन द्वीपों, द्वीपों और चट्टानों से बना, कोरेंटिस एड्रियाटिक सागर में सबसे बड़ा द्वीपसमूह है। द्वीपों की बंजर प्रकृति समुद्र के बीच एक अनोखा और भयानक दृश्य प्रस्तुत करती है।

## वोजाक पीक, क्रोएशिया

क्रोएशिया के सभी प्राकृतिक चमत्कारों का संबंध पानी से नहीं है, और लंबी पैदल यात्रा के शौकीनों को उक्का पर्वत श्रृंखला से बाहर निकलने का मौका मिलेगा । पहाड़ और घाटियाँ शानदार पगडंडियों से भरी हुई हैं जो पार्क की विशाल सुंदरता को प्रदर्शित करती हैं। सभी चोटियों में से, सबसे प्रसिद्ध माउंट वोजाक है, जो इस्ट्रियन प्रायद्वीप की सबसे ऊंची चोटी है। शीर्ष पर पहुंचने के बाद, वोजैक टॉवर दिन भर की लंबी पैदल यात्रा के बाद आसपास के पहाड़ों को देखने के लिए एकदम सही लुकआउट पॉइंट देता है।

## रिस्नजैक नेशनल पार्क, क्रोएशिया

ऐसे आकर्षणों के साथ जो मुख्य रूप से पैदल यात्रियों और प्रकृति पर नजर रखने वालों के लिए उपयुक्त हैं, रिस्नजैक नेशनल पार्क अपने प्रचुर वनस्पतियों और जीवों पर गर्व करता है। इसके घास के मैदानों में ऊंचाई के आधार पर विभिन्न प्रकार के टर्फ शामिल हैं। और, पौधों की प्रचुर विविधता के कारण, यहाँ वन्य जीवन की भी एक विस्तृत विविधता है। भालू, भेड़िये और पक्षियों की 110 से अधिक विभिन्न प्रजातियाँ कुछ ऐसे जानवर हैं जो पार्क के जंगलों को अपना घर कहते हैं।

## बैसीना झीलें, क्रोएशिया

सभ्यता से लगभग अछूती एक अद्भुत भूमि के रूप में, बासीना झीलें सुंदर रंग-बिरंगी झीलें पेश करती हैं जो ठंड के महीनों के दौरान भी तैराकी के लिए उपयुक्त हैं। यह क्षेत्र झीलों को यथासंभव स्वच्छ बनाए रखने के प्रयास में स्थिरता का पूरी तरह से समर्थन करता है, और यह उन लोगों की भी मदद करता है जो सर्वोत्तम संभव अनुभव प्राप्त करने के लिए झीलों के किनारे कैंपिंग में रात बिताना चाहते हैं।

## ब्लू गुफा, बिसेवो, क्रोएशिया

कुछ जगहें नीले पानी को खूबसूरत बनाने का दावा करती हैं, लेकिन ब्लू केव इसे बिल्कुल नए स्तर पर ले जाता है। एक त्वरित अवास्तविक अनुभव के लिए, गुफा बिसेवो द्वीप के अंदर है , जहां क्रोएशिया के खूबसूरत समुद्र तटीय शहर, स्प्लिट से एक छोटी नाव की सवारी के बाद पहुंचा जा सकता है। हालाँकि पर्यटक गुफा के मनमोहक पानी में कूदने के लिए प्रलोभित हो सकते हैं, लेकिन गुफा के अंदर तैरना या नाव से बाहर निकलना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।






# क्या आप जानते हैं ट्रेनों पर लिखें नंबरों का मतलब

ट्रेन के नंबर बोलते हैं। जी हां, ट्रेन के डिब्बों (बोगी) पर आपने नंबर लिखे देखे होंगे, आपको नहीं लगता कि ये आपको कुछ इशारा करते हैं। कभी मन में आपके ये सवाल भी उठे होंगे, लेकिन हाथों हाथ जवाब नहीं मिला होगा। यहां हम आपको ट्रेन के डिब्बों पर लिखे नंबरों का महत्व बताएंगे। आप समझ जाएंगे कि आपको ये जानकारी ही नहीं देते बल्कि सुविधाजनक भी हैं। जैसे आपको बर्थ या सीट का नंबर टिकट पर लिखा मिलता है, जो आपको बताता है कि आप कहां बैठेंगे या लेटेंगे। ठीक वैसे ही डिब्बों पर लिखे इन अंकों में कई पहचान छिपी होती हैं। कहने का मतलब यह है कि पांच अंक के ये नंबर इतिहास बताते हैं।

## बोगी कितनी पुरानी है और कैटेगरी क्या है

किसी ट्रेन के डिब्बे पर लिखे नंबर की शुरुआत 04 या 99 है, तो आप समझ जाइये कि ये बोगी 2004 या 1999 में बनी है। आप जब स्टेशन पर कोई ट्रेन पकड़ने जाते हैं, तो बोगी पर लिखे नंबर पर आपका ध्यान जाता है, लेकिन आप पढ़कर भी नजर अंदाज कर देते हैं। अब आप नंबर पढ़ते ही पहचान जाएंगे कि ये नंबर आपसे क्या बोल रहे हैं। जैसे किसी ट्रेन के डिब्बे पर लिखे नंबर की शुरुआत 04 या 99 है, तो आप समझ जाइये कि ये बोगी 2004 या 1999 में बनी है। मतलब यह कि शुरुआती दो नंबर आपको बताते हैं कि बोगी कितनी पुरानी है। वहीं, इन दो नंबरों के बाद यदि 497 लिखा है, तो ये नंबर आपको बताते है कि ये जनरल बोगी या सामान्य डिब्बा है। रेलवे ने 497 कोड जनरल कैटेगरी के लिए तय किया हुआ है।

## और भी हैं कई कैटेगरी, नंबर जिन्हें देते हैं पहचान

ट्रेन में हर डिब्बे या बोगी की क्लास या कैटेगरी तय है। ट्रेन में हर डिब्बे या बोगी की क्लास या कैटेगरी तय है। आप इस कैटेगरी को नंबर के जरिए भी पहचान सकते हैं। बस आपको डिब्बे पर लिखी आखिरी तीन डिजिट ध्यान से देखनी होंगी। जैसे 001-025, ये नंबर बताते हैं कि ये फर्स्ट एसी के डिब्बे हैं। 026-050 ङ्क ये नंबर लिखे हों, तो समझ जाओ कि ये कंपोजिट फर्स्ट एसी या एसी-टूटी का डिब्बे हैं। 051-100 ये अंतिम तीन नंबर एसी-टूटी कोच को मिलते हैं। 101-150 ये नंबर बताते हैं कि ये डिब्बा एसी-थ्री को कैटिगराइज हैं। 151-200 यदि डिब्बे पर ये नंबर आखिरी में लिखे हों, तो पता चल जाता है कि ये डिब्बे सीसी या एसी चेयर कार के हैं। 201-400 नंबर सेकंड स्लीपर या एसएस कैटेगरी के कोच को दिए जाते हैं। कोच पर यदि ये 401-600 नंबर लिखे हों,तो इसका मतलब है कि ये जनरल सेकंड क्लास या जीएस के डिब्बे हैं। 601-700 अंतिम नंबर हों, तो ये डिब्बे सेकंड क्लास सिटिंग /जनशताब्दी चेयर कार यानी टूएस के कोच को दर्शाते हैं। 701-800 के नंबर के आखिरी तीन डिजिट हों, तो पता चलता है कि सिटिंग कम लगेज रेक्स हैं। यदि कोच पर 801 या इससे बड़े नंबर आखिरी तीन स्थान पर हों, तो पेंट्री कार, जेनरेटर और मेल के कोच की जानकारी देते हैं।

## डिब्बे के रंग भी क्या कहते हैं जानें

डिब्बों के नंबर ही नहीं उनके रंग भी कई जानकारी देते हैं। किसी डिब्बे का रंग हरा होता है, तो किसी का नीला और किसी का लाल। डिब्बों या कोच के ये रंग ट्रेन की क्लास को बताते हैं। ऐसा नहीं है कि रंग हर बार केवल क्लास ही बताते हैं। रंग ये भी बताते हैं कि ट्रेन किस फैक्ट्री में तैयार की गई है।



**एलियन को लेकर अक्सर खबरें सामने आती रहती हैं। अब इस बीच एक बेहद हैरान करने वाला दावा किया गया है। एक अध्ययन में कहा गया है कि हजारों प्रकाश वर्ष दूर बैठे एलियन हम पर नजर रख रहे हैं। हालांकि, वो इंसानों को 3000 साल से देख रहे हैं।**

# हम पर नजर रख रहे हैं हजारों प्रकाश वर्ष दूर बैठे एलियन

अध्ययन के मुताबिक, साल 2025 में धरती पर स्थित कोई जगह एलियन के टेलीस्कोप में साल 5024 में नजर आएगी। इसका मतलब यह है कि अगर एलियन इस समय धरती पर किसी चीज को देख रहे होंगे, तो वो तीन हजार साल पुरानी होगी। एक्टा एस्ट्रोनॉटिका के मार्च 2025 संस्करण में क्या एडवांस एलियन सभ्यताएं हमें देख सकती हैं? इस नाम से एक लेख प्रकाशित किया गया है। इस अध्ययन में शोधकर्ता जेडएन उस्मानोव ने हैरान करने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि भौतिक विज्ञान के नियमों के अनुसार, किसी भी एलियन सभ्यता द्वारा धरती पर गतिविधियों का पता लगाने के लिए अधिकतम दूरी कम से कम 3,000 प्रकाश वर्ष है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह है कि अगर एलियन अपने विशाल टेलीस्पोक से आज धरती पर देखते हैं, तो उन्हें रोमन या उसके समकालीन भारतीय, ग्रीक अथवा मिस्र की सभ्यता नजर आ रही होगी।
वैज्ञानिकों के मुताबिक, एक आकाशगंगा दूसरी आकाशगंगा से हजारों प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। इन आकाशगंगाओं में स्थित तारों या पिंडों का प्रकाश लंबा सफर तय करके धरती तक पहुंचता है। रात में दिखने वाले चमक रहे तारे सैकड़ों साल पुराने हो सकते हैं। इसी तरह कोई हजारों प्रकाश वर्ष दूर धरती पर इंसानों को देख रहा होगा तो वह हजारों साल बाद ही देख सकेगा।

## क्यों नहीं मिले जीवन के संकेत

इसकी वजह हो सकता है कि दशकों के अथक कोशिश के बाद भी हमें एलियन जीवन के कोई संकेत क्यों नहीं मिल पाए। शायद वह धरती से बहुत दूर हैं या तकनीक में इंसानों से बहुत उन्नत हैं। यह भी हो सकता है कि वह धरती पर रहे इंसानों को नोटिस करने के इच्छुक नहीं हैं। तो वहीं इंसानों को संकेत भेजने के लिए प्रेरित कर सकता है, कोई संकेत पकड़ सकते हैं या प्रतिक्रिया दें। अध्ययन का निष्कर्ष यह है कि एलियंस उन्नत तकनीक से हमारी सभ्यताओं पर नजर रख रहे हैं, लेकिन 3,000 साल के देरी के साथ। इसका मतलब यह है कि ब्रह्मांड में इंसान अकेले नहीं हैं, बल्कि ब्रह्मांडीय पड़ोसियों के साथ अभी तालमेल नहीं है। इंसान उनसे एक अलग समय, अलग वास्तविकता में और अलग इतिहास में रह रहे हैं।

## निवेशकों को दगा दे गया देश का सबसे बड़ा आईपीओ, बीएसई पर नुकसान के साथ हुई लिस्टिंग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े आईपीओ हुंडई मोटर इंडिया की मंगलवार को शेयर मार्केट में लिस्टिंग हो गई है। इसने लिस्टिंग पर निवेशकों को निराश कर दिया। बीएसई पर यह आईपीओ इश्यू प्राइस के मुकाबले 29 रुपये के नुकसान के साथ लिस्ट हुआ। इसका इश्यू प्राइस 1960 रुपये था। ऐसे में बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 1.48 फीसदी गिरावट के साथ 1931 रुपये पर हुई। एनएसई पर भी यह आईपीओ कमाल नहीं दिखा पाया। यह इसकी लिस्टिंग 1.33 फीसदी नुकसान के साथ 1934 रुपये पर हुई। इस आईपीओ का इश्यू साइज 27,870 करोड़ रुपये था। जब यह आईपीओ खुला था तो पहले दिन इसे अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था। यह सिर्फ 18 फीसदी ही भर पाया था। हालांकि तीसरे दिन इसमें कुछ तेजी नजर आई थी। आखिरी दिन तक यह 2.37 गुना सब्सक्राइब हो पाया था। जितना बड़ा यह आईपीओ था, उसके मुकाबले इसे वह सब्सक्रिप्शन नहीं मिला। इस आईपीओ को ग्रे मार्केट में शुरू से ही अच्छा भाव नहीं मिला था। जिस दिन इसका आईपीओ खुलने से पहले इसका जीएमपी 45 रुपये तक आ गया था। वहीं जिस दिन आईपीओ खुला था, उस दिन जीएमपी बढ़कर 63 रुपये था। हालांकि इसके बाद इसमें लगातार गिरावट आती रही। जिस दिन आईपीओ बंद हुआ था, उस दिन यह ग्रे मार्केट में घाटे में था। आज लिस्टिंग से पहले ग्रे मार्केट में इसका जीएमपी 48 रुपये था। यानी इसके 2.45 फीसदी प्रीमियम पर लिस्ट होने की उम्मीद थी। इस आईपीओ को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स में दिखा था। इस श्रेणी में उपलब्ध शेयरों के मुकाबले 6.97 गुना ज्यादा बोलियां लगीं। वहीं, रिटेल निवेशकों ने 0.50 गुना बोलियां लगाईं। नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने अपने लिए आरक्षित 2,12,12,445 शेयरों के मुकाबले लगभग 86,72,251 शेयरों के लिए बोली लगाई, जो 0.6 गुना था।

## भारतीय नौसेना की नई मिसाइल वेसल को ताकत देगा जीई एयरोस्पेस का एलएम 2500

**मुंबई, एजेंसी।** इवेन्डेल, ओहियो विश्वसनीयता और शानदार प्रदर्शन के लिए इंजीनियर किए गए जीई एयरोस्पेस के एलएम2500 को भारत के कोच्चि में स्थित कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित भारतीय नौसेना के अगली पीढ़ी के मिसाइल वेसल्स को शक्ति प्रदान करने के लिए चुना गया है। जीई एयरोस्पेस द्वारा छह एलएम2500 समुद्री गैस टरबाइन इंजन किट दिए जाएंगे, जिन्हें भारत के बैंगलोर में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (॥) इंडस्ट्रियल एंड मरीन गैस टरबाइन डिवीजन में असेंबली और परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त, जीई एयरोस्पेस अपने समग्र बेस और इनक्लोजर, और गैस टरबाइन सहायक सिस्टम की पूरी आपूर्ति करेगा। ये इंजन भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किए गए नए जहाज को शक्ति प्रदान करेंगे। इन इंजनों को उनकी नेवल क्षमता के लिए एक फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में जाना जाता है। यह चयन एलएम2500 की अपनी कटेगरी में बेजोड़ लीडर के रूप में स्थिति को और मजबूत करता है। इन इंजनों ने यह पहचान अपने शानदार प्रदर्शन और व्यापक वैश्विक सपोर्ट नेटवर्क के जरिए अर्जित की है। एलएम2500 सिर्फ़ भारतीय नौसेना को शक्ति प्रदान नहीं कर रहा है। यह दुनिया भर की ऐसी तमाम नौसेनाओं के लिए पसंदीदा इंजन है जो सर्वश्रेष्ठ की तलाश में रहते हैं। दुनिया भर में 714 से ज़्यादा जहाज़ अपनी विश्वसनीयता और कार्यक्षमता के लिए त्न्श्व एयरोस्पेस के मरीन गैस टर्बाइनों पर निर्भर हैं।

# भारत वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में, वित्त मंत्री ने अमेरिका में किया यह दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक आर्थिक माहौल से जुड़ी चुनौतियां के बीच भारत वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह दावा अपने अमेरिका दौरे पर किया है। न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब देश अपनी आपूर्ति शृंखलाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं, तो भारत को उम्मीद है कि वह वस्तुओं व सेवाओं के स्रोतों में विविधता लाने के इच्छुक कई देशों के लिए प्रमुख साझेदार बनेगा।

सीतारमण ने सोमवार को कोलंबिया विश्वविद्यालय में 'चुनौतीपूर्ण तथा अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारत की आर्थिक मजबूती व संभावनाएं' विषय पर विशेष व्याख्यान को संबंधित किया।उन्होंने कहा कि भारत घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने तथा बाहरी झटकों के प्रति मजबूती विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। सीतारमण ने कहा, ''हालांकि पिछले दशकों में व्यापक बहुपक्षीय व्यापार के कारण वैश्विक वृद्धि हुई, लेकिन मेरा मानना है कि आने वाले वर्ष रणनीतिक आर्थिक साझेदारियों से परिभाषित होंगे और



भारत इस बदलाव फायदा उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है।''

उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक वातावरण चुनौतियां पेश कर सकता है, लेकिन ''भारत वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है।'' वित्त मंत्री ने कहा, ''अधिक विखंडित वैश्विक अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना, जिसमें पुनर्परिभाषित गठबंधन तथा बदलते व्यापार तरीके शामिल हैं...वास्तव में भारत के लिए लाभकारी हो सकता है। जैसे-जैसे राष्ट्र अपनी आपूर्ति शृंखलाओं का पुनर्मूल्यांकन करते हैं, भारत को उम्मीद है कि वह वस्तुओं व सेवाओं के अपने स्रोतों में विविधता लाने की चाह रखने वाले कई देशों के लिए एक प्रमुख भागीदार बन जाएगा।''

भारत की आर्थिक नीतियों पर इस व्याख्यान का आयोजन कोलंबिया के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में दीपक एवं नीरा राज सेंटर द्वारा किया गया था। सीतारमण मैक्सिको की यात्रा संपन्न करने के बाद रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचीं। मैक्सिको में उन्होंने ग्वाडलजारा में टेक लीडर्स राउंडटेबल की अध्यक्षता की थी। मंत्री ने ग्वाडलजारा में टीसीएस मुख्यालय का दौरा भी किया था।

न्यूयॉर्क में उन्होंने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में 'भारत में निवेश के अवसर' पर एक गोलमेज सम्मेलन को संबोधित किया। साथ ही आईबीएम के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरविंद कृष्ण के साथ उन्होंने भारत के दशकीय आर्थिक सुधारों तथा आर्थिक वृद्धि पर एक चर्चा में हिस्सा लिया।

न्यूयॉर्क से सीतारमण वाशिंगटन डीसी जाएंगी। वहां वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) तथा विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों, जी-20 वित्त मंत्रियों व केंद्रीय बैंक गवर्नर (एफएमसीबीजी) की बैठकों, जी-20 एफएमसीबीजी, पर्यावरण मंत्रियों एवं विदेश मंत्रियों की संयुक्त बैठक और जी-7 - अफ्रीका मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगी।

## एड्रेस बदलने के लिए 1,340 करोड़ का टैक्स! प्रॉफिट बढ़ने के बाद भी बढ़ गया कंपनी का घाटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टॉक ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म ग्रो ने इस साल मई में अपनी मूल इकाई को अमेरिका से भारत में शिफ्ट किया। इसके लिए कंपनी को अमेरिका में 1,340 करोड़ रुपये यानी 16 करोड़ डॉलर टैक्स देना पड़ा। इस कारण कंपनी को 31 मार्च, 2024 को समाप्त फाइनेंशियल ईयर में 805 करोड़ रुपये का नेट लॉस हुआ। ऑपरेशनल लेवल पर बेंगलुरु की इस फिनटेक ने 535 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया जो फाइनेंशियल ईयर 2023 में 458 करोड़ रुपये था। इससे पहले वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फोनपे अक्टूबर 2022 में सिंगापुर से भारत शिफ्ट हुई थी। उसने भारत सरकार को एक अरब डॉलर का टैक्स चुकाया था। फोनपे ने अपनी भारतीय और सिंगापुर यूनिट्स के बीच शेयर स्वैप डील को अंजाम दिया था। लेकिन ग्रो ने यूएस की अपनी मूल इकाई का अपनी भारतीय इकाई के साथ विलय किया है। इस कारण उसे अमेरिका में टैक्स का भुगतान करना पड़ा। पीक ङ्क्ष पार्टनर्स के निवेश वाली इस स्टार्टअप का अंतिम मूल्यांकन 2021 में 3 अरब था। कंपनी ने तबसे कोई बड़ा इंस्टीट्यूशनल इक्विटी राउंड नहीं जुटाया है। पेमेंट सेक्टर की प्रमुख कंपनियां रेजरपे और पाइन लैब्स और ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जेप्टो भी भारत मेंरिवर्स-फ्लिप करने की तैयारी में हैं।

## डीयू की डिग्री, टाटा मोटर्स कीस्टीयरिंग और इरादे कुछ अलग, दिल्ली के संजय पासी ऐसे बने 2690 करोड़ के मालिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संजय पासी की गिनती दिल्ली के जाने-माने बिजनेसमैन में होती है। कभी टाटा मोटर्स की डीलरशपि के साथ उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी। आज संजय 2,690 करोड़ रुपये की कंपनी के मालिक हैं। वह



पास्को ग्रुप के चेयरमैन हैं। संजय दिल्ली यूनिवर्सिटी के पढ़े हैं। हमेशा से वह कुछ बड़ा करना चाहते थे। इसी चाहत ने उन्हें बुलंदियों तक पहुंचाया। आइए, यहां संजय पासी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। संजय पासी पास्को ग्रुप के प्रमुख हैं। वह हमेशा से ही मीडिया की चकाचौंध से दूर रहना पसंद करते हैं। उन्होंने चंडीगढ़ में परिवार की टाटा मोटर्स डीलरशिप की बागडोर संभालकर अपनी बिजनेस यात्रा शुरू की। संजय ने इसे करोड़ों का वेंचर बना दिया। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से क्चष्टश्व्र (ऑनर्स) करने के बाद संजय ने बिना देर किए पारिवारिक व्यवसाय में कदम रखा।

# दुनिया की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनी ने भी माना भारत का लोहा, कहा- हम साथ मिलकर चिप बनाने को तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी एनवीडिया ने भी भारत की प्रतिभा का लोहा माना है। इस कंपनी ने भारत के साथ मिलकर चिप बनाने की इच्छा जताई है। इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार मामले से परिचित लोगों ने बताया कि एनवीडिया ने भारत के साथ मिलकर एक चिप विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि कंपनी भारत की मजबूत सेमीकंडक्टर डिजाइन प्रतिभा का लाभ उठाना चाहती है। साथ ही वह इस बढ़ते बाजार में अपनी पकड़ और मजबूत करना चाहती है। एनवीडिया अभी दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा मूल्यवान कंपनी है। एप्पल पहले स्थान पर है। हालांकि दोनों कंपनियों में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है। जिस तरह से एनवीडिया की ग्रोथ बढ़ रही है, वह जल्दी ही एप्पल को पीछे छोड़ दुनिया की




सबसे मूल्यवान कंपनी बन सकती है।

### पीएम मोदी को दिया था प्रस्ताव

भारत के साथ मिलकर काम करने का प्रस्ताव कंपनी के फाउंडर और सीईओ जेन्सन हुआंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया था। यह प्रस्ताव इन्होंने तब दिया था जब दोनों इस साल की शुरुआत में अमेरिका में मिले थे। हुआंग इस हफ्ते के अंत में भारत आ रहे हैं। इस बारे में केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इकनॉमिक टाइम्स को बताया,हां, हम एनवीडिया के साथ, द्ध चिप के विकास पर चर्चा कर रहे हैं। हालांकि चर्चा प्रारंभिक चरण में है।

### क्या चाहती है एनवीडिया

कुछ अधिकारियों के मुताबिक एनवीडिया भारत के विशाल चिप डिजाइनिंग बेस का इस्तेमाल करना चाहती है। यह कंपनी भारत के लिए एक विशिष्ट चिप विकसित करना चाहती है। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार इस मामले में अभी कुछ चीजों को लेकर विचार कर रही है।

### सरकार को क्या होगा फायदा

अधिकारी के मुताबिक इस तरह मिलकर चिप बनाने से इसके कई लाभ हो सकते है। जैसे रेलवे में सुरक्षा प्रणालीकवच में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। साथ ही भारतीय स्टार्टअप, कंपनियां आदि के लिए भी यह चिप काफी कारगर साबित हो सकती है।

# महंगाई से निपटने के लिए सरकार ने मांगी अंबानी से मदद! रिलायंस रिटेल में मिलेगा सस्ता आटा-चावल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार महंगाई पर लगाम लगाने के लिए भारत ब्रांड का आटा, चावल और दाल रिटेल चेन के जरिए बेचने पर विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक इसके लिए सरकार मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस रिटेल से बातचीत कर रही है। हालांकि आम चुनावों के दौरान कीमतों में स्थिरता लाने के लिए भारत ब्रांड के उत्पादों को रिलायंस के जियोमार्ट, ऐमजॉन और बिगबास्केट सहित ई-कॉमर्स फर्मों के साथ पहले भी अल्पकालिक व्यवस्थाएं की गई हैं। लेकिन यह पहली बार है कि सरकार अपने बफर स्टॉक से खाद्य उत्पादों को रियायती कीमतों पर बेचने के लिए एक निजी खुदरा विक्रेता के साथ दीर्घकालिक व्यवस्था पर विचार कर रही है।

सूत्र ने बताया कि सरकार इसी तरह की व्यवस्था के लिए खुदरा श्रृंखला डीमार्ट और अन्य किराना खुदरा विक्रेताओं के साथ भी बातचीत शुरू करने पर विचार कर रही है। रिलायंस ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की, जबकि डीमार्ट की मूल कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने टिप्पणी के लिए भेजे ईमेल का तुरंत जवाब नहीं दिया। भारत ब्रांड के तहत सरकार रियायती कीमत पर खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुएं लोगों को उपलब्ध कराती है।



### रिलायंस के स्टोर

सरकार ने 2023 में लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए भारत आटा, भारत दाल और भारत चावल लॉन्च किया था। यह योजना खासकर उन लोगों के लिए है जो गरीबी रेखा से नीचे नहीं हैं। इसलिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त अनाज के पात्र नहीं हैं। भारत-ब्रांडेड उत्पाद वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ और नेफेड द्वारा अपने आउटलेट और मोबाइल स्टोर सहित केंद्रीय भंडार के माध्यम से बेचे जाते हैं। सूत्र ने बताया कि एक बड़े खुदरा विक्रेता के साथ गठजोड़ करने से भारत ब्रांड के उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी, जिससे वे अधिक लोगों तक पहुंच सकेंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा कंपनी रिलायंस रिटेल देश में 2,700 से अधिक किराना स्टोर संचालित करती है। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार इन स्टोर्स में ताजे फल और सब्जियां, डेयरी और अनाज से लेकर मसाले, प्रसंस्कृत खाद्य और पेय पदार्थ और घरेलू और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद बेचे जाते हैं।

### बढ़ गई कीमत

इस बीच सरकार ने भारत ब्रांड आटा, चावल और दाल की कीमतों में इजाफा किया है। सूत्रों के मुताबिक 10 किलो का भारत आटा अब 300 रुपये में मिलेगा जबकि 10 किलो भारत चावल की कीमत 340 रुपये होगी। इसी तरह चना दाल की कीमत भी बढ़ा दी गई है। पहले 10 किलो आटे की कीमत 275 रुपये थी जबकि 10 किलो चावल 290 रुपये में मिलता था। इसी तरह भारत ब्रांड की एक किलो चना दाल 60 रुपये में मिलती थी। इसी कीमत अब 70 रुपये कर दी गई है।

## करोड़ों पॉलिसी होल्डर्स का डेटा लीक! पकड़ में आई कमजोरी, हरकत में आई सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पॉलिसीधारकों का डेटा लीक होने के हालिया मामले में इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने दो बीमा कंपनियों को निर्देश दिए हैं। इरेडा ने उन्हें एक इंडिपेंडेंट



ऑडिटर के जरिए अपने आइटी सिस्टम्स का विस्तार से ऑडिट कराने को कहा है। किसी भी कंपनी का नाम न लेते हुए बीमा नियामक ने कहा, 'हाल में दो बीमा कंपनियों से डेटा लीक की रिपोर्ट्स आई हैं। इरेडा डेटा सिक्योरिटी को बहुत जरूरी मानता है और बीमा कंपनियों के आइटी सिस्टम्स पर साइबर अटैक और उनके डेटा में सेंध लगने को बहुत गंभीरता से लेता है।' पिछले दिनों स्टार हेल्थ इंश्योरेंस में डेटा लीक की रिपोर्ट्स आई थीं, जिनमें कहा गया था कि 3 करोड़ से अधिक कस्टमर्स के डेटा में सेंध लगी है। एक हैकर &enZen ने दावा किया था कि कंपनी के चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर ने डेटा बेचे थे। हालांकि कंपनी ने इस दावे का खंडन किया था। बीमा नियामक ने कहा, 'संबंधित बीमा कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे एक इंडिपेंडेंट ऑडिटर की नियुक्ति करें, जो उनके आइटी सिस्टम की विस्तार से जांच करेगा। इसमें यह देखा जाएगा कि आइटी सिस्टम में कोई खामी है या नहीं और आइटी सिस्टम कंपनियों के कामकाज की जटिलता के हिसाब से ठीक है या नहीं।'

# देखते रह गए कुमारमंगलम बिड़ला, अडानी ने कर दिया खेल, खरीद ली बिड़ला ग्रुप की सीमेंट कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी ने एक और सीमेंट कंपनी को खरीद लिया है। अडानी ग्रुप की कंपनी अंबुजा सीमेंट ने मंगलवार को घोषणा की कि वह 8,100 करोड़ रुपये के इक्विटी मूल्य पर ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड का अधिग्रहण करेगी। ओरिएंट सीमेंट सीके बिड़ला ग्रुप की कंपनी है। यह सौदा 395.4 रुपये प्रति शेयर के भाव पर हुआ है। अंबुजा ने साथ ही कंपनी में अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए ओपन ऑफर पेश किया है। इस अधिग्रहण से अडानी सीमेंट को देश के मुख्य बाजारों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने और सीमेंट मार्केट में अपनी हिस्सेदारी में 2 प्रतिशत की वृद्धि करने में मदद मिलेगी। अडानी ग्रुप देश की दूसरी बड़ी सीमेंट कंपनी है। आदित्य बिड़ला ग्रुप की कंपनी अल्ट्राटेक पहले नंबर पर है।

अंबुजा सीमेंट ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि 3-



4 महीनों के भीतर ओपन ऑफर स्त्रस्ञ्ज से नियमों के प्रावधानों के अनुसार पूरा हो जाएगा। ओपन ऑफर 395.40 रुपये प्रति इक्विटी शेयर पर किया जा रहा है। इस घोषणा के बाद शुरुआती कारोबार में दोनों सीमेंट कंपनियों के शेयर में तेजी दिख रही है। अंबुजा के शेयर 1.49 प्रतिशत बढ़कर 580 रुपये पर पहुंच गए जबकि ओरिएंट सीमेंट के शेयर 9:20 बजे तक 1.65 प्रतिशत बढ़कर 358.25 रुपये पर कारोबार कर रहे थे।

### कितनी बढ़ेगी क्षमता

डील के मुताबिक ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड के मौजूदा प्रमोटरों और कुछ सार्वजनिक शेयरधारकों से अंबुजा 46.8 प्रतिशत शेयर हासिल करेगी। अधिग्रहण को पूरी तरह से आंतरिक स्रोतों से फंड किया जाएगा। अंबुजा सीमेंट्स के डायरेक्टर करण अडानी ने कहा कि यह अधिग्रहण अंबुजा सीमेंट्स की विकास यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। अंबुजा के अधिग्रहण के दो वर्षों के भीतर सीमेंट क्षमता में 30 MTPA की वृद्धि हुई है। ह्रष्टरु के अधिग्रहण से अंबुजा वित्त वर्ष 2025 में 100 MTPA सीमेंट क्षमता तक पहुंचने के लिए तैयार है।

अडानी ने कहा कि ओसीएल के पास स्ट्रैटजिक लोकेशन, हाई क्वालिटी वाले चूना पत्थर के भंडार और सभी तरह के जरूरी अप्रूवल हैं। निकट भविष्य में इसी सीमेंट उत्पादन क्षमता 16.6 एमटीपीए तक बढ़ सकती है। अडानी ग्रुप ने अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी लिमिटेड को 10.5 अरब में स्विट्जरलैंड के होलसिम ग्रुप से खरीदा था। इस साल अगस्त में अंबुजा सीमेंट्स ने गुजरात में सांघी इंडस्ट्रीज को 5,000 करोड़ रुपये में खरीदा।

# पहली बार प्रॉफिट में आई पेटीएम

### सितंबर तिमाही में कंपनी को करीब 930 करोड़ का मुनाफा

### पिछले साल समान तिमाही में हुआ था 290.5 करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस पहली बार मुनाफे में आई है। कंपनी ने मंगलवार को अपनी दूसरी तिमाही का रिजल्ट जारी किया। सितंबर तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 928.3 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 290.5 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी को अपने टिकटिंग प्लेटफॉर्म को जोमैटो को बेचने से 1,345 करोड़ रुपये का एकमुश्त लाभ हुआ। हालांकि इस दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व में 34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,660 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में इसका परिचालन राजस्व 2,518 करोड़ रुपये था। इस बीच कंपनी के शेयरों में करीब छह फीसदी गिरावट दिख रही है। बीएसई पर कंपनी का शेयर 6.01 प्रतिशत की तेजी के साथ 682.25 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। कारोबार के दौरान यह 669.65 रुपये तक नीचे गया। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 992.05 रुपये और न्यूनतम स्तर 310.00 रुपये है। पेटीएम का शेयर 2021 में आया था। इसका इश्यू प्राइस 2150 रुपये था लेकिन यह कभी भी उस स्तर पर नहीं पहुंच पाया।

### कैसे हुआ मुनाफा

पिछली तिमाही के आधार पर कंपनी के जीएमवी में 5 प्रतिशत की बढ़ा है। बेहतर डिवाइस रिसीट और वित्तीय सेवाओं से राजस्व में 34 प्रतिशत के कारण पेटीएम का राजस्व पिछली तिमाही के आधार पर 11 प्रतिशत बढ़ा है। अगस्त में पेटीएम ने अपने मूवी टिकटिंग बिजनस और इवेंट बिजनस को जोमैटो को बेच दिया। यह एग्रीमेंट 2048 करोड़ रुपये का था। इससे कंपनी को 1,345.4 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ। इसी रकम के चलते कंपनी पहली बार मुनाफे में आने में सफल रही।

गेंदबाजी का भविष्य बताया

# मयंक यादव भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे: मोहम्मद शमी



**गुरुग्राम (हरियाणा), एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव की तारीफ की है और उन्हें भारतीय गेंदबाजी का भविष्य बताया है। शमी ने खुद को 100 फीसदी फिट और गेंदबाजी के लिए तैयार बताया है। उनका मानना है कि मयंक यादव और हर्षित राणा जैसे युवा भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभाल सकते हैं। चोट के बावजूद इस टूर्नामेंट में खेलने वाले 34 वर्षीय शमी ने 10.70 की शानदार औसत से 24 विकेट लेकर भारत को 2023 वनडे विश्व कप में उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी अब अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रहे हैं। फरवरी में लंदन में सर्जरी के बाद यह तेज गेंदबाज बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपनी रिकवरी पर काम कर रहा है।

शमी ने कहा, भारतीय क्रिकेट के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि हमारी तेज गेंदबाजी की ताकत वास्तव में बढ़ गई है। पहले हमारे पास कुछ ही गेंदबाज हुआ करते थे जो 140-145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते थे, लेकिन अब बेंच पर बैठे गेंदबाज भी 145 से ऊपर की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे हैं। तेज गेंदबाजी में जिन नामों ने मुझे वास्तव में प्रभावित किया है उनमें से एक नाम मयंक यादव का है। वह वास्तव में प्रभावशाली हैं, वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो भविष्य में भारतीय तेज गेंदबाजी की बागडोर संभालेंगे।

शमी ने कहा, हमने 2014 से एक इकाई के रूप में काम किया है। भारत के पास कभी भी एक समय में तीन गेंदबाज नहीं थे जो 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकें। अब हमारे पास बेंच पर कुछ ऐसे हैं जो 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकते हैं। यह पीढ़ी जानती है कि कैसे जवाबी हमला करना है और हमने विदेशों में यह दिखाया है।

निकले दोनों से आगे

# आंद्रे रसेल और ट्रेविस हेड से भी खतरनाक हैं अभिषेक शर्मा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के दूसरे मैच में भारत को यूएई पर 7 विकेट से जीत मिली। इस जीत में भारतीय ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी साथ ही रसिक सलाम की घातक गेंदबाजी का बड़ा योगदान रहा। भारत ने इस मैच में रसिक की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 107 रन पर आउट कर दिया और फिर जीत के लिए मिले 108 रन के टारगेट को 10.5 ओवर में हासिल कर लिया।

भारत की पहली पारी में इस टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन जहां लाजवाब रहा तो वहीं दूसरी पारी में जब टीम इंडिया बल्लेबाजी करने आई तब ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की बल्लेबाजी दर्शनीय रही। अभिषेक शर्मा ने मैदान पर आते ही तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी शुरू कर दी और इस पारी दूसरे ओवर में 22 रन ठोक डाले। इस मैच में अभिषेक शर्मा ने अपना अर्धशतक सिर्फ 20 गेंदों पर पूरा कर लिया। उनकी इस पारी ने टीम को जल्दी जीत दिलाने में भी बड़ी भूमिका निभाई जिससे टीम का नेट रन रेट भी सुधर गया। अभिषेक ने अपनी इस पारी के दम पर आंद्रे रसेल और ट्रेविस हेड जैसे बल्लेबाजों को भी पीछे छोड़ दिया।

आंद्रे रसेल और ट्रेविस हेड दोनों दुनिया के बेहद खतरनाक बल्लेबाजों में शुमार किए जाते हैं, लेकिन अभिषेक शर्मा जिस तरह से बल्लेबाजी करते हैं उसके बाद वो इन दोनों से भी ज्यादा खतरनाक नजर आते हैं। साल 2024 में अभिषेक ने अपनी इस पारी के बाद रसेल और हेड जैसे बल्लेबाजों को भी पीछे छोड़ने का काम किया। साल 2024 में अब अभिषेक शर्मा (कम से कम 500 रन बनाने वाले) सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

अभिषेक ने इस साल यानी 2024 में अब तक 623 रन बनाए हैं जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 197.0 का है तो वहीं आंद्रे रसेल दूसरे नंबर पर चले गए हैं जिन्होंने अब तक 185.6 की स्ट्राइक रेट के साथ 1045 रन बनाए हैं।

यूरोपियन क्लब कप शतरंज

## गुकेश और अर्जुन की जीत से शुरुआत, प्रज्ञानन्दा हुए उलटफेर का शिकार



**वेर्नयचक बनयाह , सर्बिया, एजेंसी।** यूरोपियन क्लब शतरंज कप 2024 का आरंभ यहाँ सर्बिया में कल रात हो गया है । 27 अक्टूबर तक खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में भारत से करीब 13 खिलाड़ी विभिन्न प्रतिष्ठित शतरंज क्लब का प्रतिनिधित्व कर रहे है । भारत से अर्जुन एरीगैसी , डी गुकेश , आर प्रज्ञानन्दा , विदित गुजराती , अरविंद चितांबरम, पेंटाला हरीकृष्णा , निहाल सरीन , एसएल नारायनन , लियॉन मेन्दोंसा, आर्यन चोपड़ा , दिव्या देशमुख , आर वैशाली के नाम प्मौंख है ।पहले दिन सुपर चैस के लिए खेलते हुए डी गुकेश नें गैम्बिट क्लब के मारगेर पेटुरसान को सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए पराजित किया , गुकेश अगेल माह होने वाली विश्व चैंपियनशिप के पहले आखिरी बार कोई क्लासिकल टूर्नामेंट खेल रहे है ऐसे में दुनिया की नजरे उन पर लगी हुई है । हालांकि सुपर क्लब के दूसरे बोर्ड पर आर प्रज्ञानन्दा को उलटफेर का सामना करना पड़ा , उन्हे खुद से करीब 375 अंक कम के खिलाड़ी गोर्ड़ेट फ्रेंकोइस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा । हालांकि सुपर चैस नें 5-1 से पहला राउंड अपने नाम कर लिया । वहीं दुनिया के नंबर 3 खिलाड़ी अर्जुन एरीगैसी नें अलकलोइड क्लब से काले मोहरो से बाजी खेलते हुए वासका एसके के टॉम वेदबेर्ग को मात दी इसी क्लब से खेल रहे एसएल नारायनन नें डान क्रमलिंग को पराजित करते हुए अंक बनाया और टीम को 5.5-0.5 से जीतने में मदद की ।

आर्चरी वर्ल्डकप



## भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका ने जीता रजत पदक, धीरज ने किया निराश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकीं। भारत के लिए विश्व कप फाइनल में सिर्फ डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता है। भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने पेरिस ओलंपिक की निराशा को पीछे छोड़ते हुए विश्व कप फाइनल में रजत पदक जीता। वह फाइनल में चीन की लि जियामैन से 0-6 से हार गईं। दिसंबर 2022 में अपनी बेटी के जन्म के बाद विश्व कप फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में तीसरी वरीयता मिली थी। सेमीफाइनल तक दीपिका को कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली जियामैन से हार गईं। दीपिका नौवीं बार विश्व कप फाइनल खेल रही थीं। भारत के लिए विश्व कप फाइनल में सिर्फ डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता था जब दुबई में 2007 में वह अव्वल रही थीं। सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकीं। पहला सेट उसने एक अंक से (26-27) गंवाया। दूसरे सेट में वापसी की, लेकिन ली ने 30-28 से जीता। तीसरे सेट में ली ने 27-25 से जीत दर्ज की। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा 4-2 से आगे रहने के बावजूद पहले दौर में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक से हार गए। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज अकेले भारतीय चुनौती पेश कर रहे थे। उन्हें 4-6 ( 28-28, 29-26, 28-28, 26-30, 28-29) से पराजय झेलनी पड़ी। पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे। भारत की झोली में सिर्फ एक पदक आया। विश्व कप में रजत पदक जीतने पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने दीपिका कुमारी को बधाई दी। मांडविया ने एक्स पर लिखा, दीपिका कुमारी को मैक्सिको में हुए विश्व कप फाइनल में रजत पदक और ओवरऑल छठा पदक जीतने पर बधाई।

# केन विलियमसन दूसरे मुकाबले से भी बाहर

पुणे टेस्ट से पहले न्यूज़ीलैंड को लगा बड़ा झटका




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे में खेला जाएगा. दूसरे मुकाबले से पहले न्यूजीलैंड की टीम को बड़ा झटका लगा है. टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन इस मैच में भी नहीं खेल पाएंगे. वह अभी भी अपनी ग्रोइन इंजरी से उबर रहे हैं. विलियमसन को हाल ही में हुए श्रीलंका टेस्ट सीरीज के के दौरान चोट लगी थी. टीम को उम्मीद थी कि वह दूसरे मुकाबले से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे. लेकिन ऐसा नहीं हो सका है और अब वह अपने फिटनेस पर काम करने लिए न्यूजीलैंड में ही रहेंगे.

न्यूजीलैंड के हेड कोच गैरी स्टीड ने बताया कि विलियमसन फिलहाल रिहैब कर रहे हैं. उनकी इंजरी काफी हद तक ठीक हो गई है, लेकिन वह अभी टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार नहीं है. स्टीड नहीं विलियमसन को लेकर हड़बड़ी नहीं दिखाना चाहते हैं. उन्होंने रिकवरी और तैयारी के लिए पूरा समय देने की बात कही है. स्टीड ने तीसरे टेस्ट में विलियमसन की वापसी की उम्मीद जताई है.भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट गुरुवार 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा. ऐसे में मैनेजमेंट को उम्मीद थी कि टीम के सीनियर खिलाड़ियों में से एक केन विलियमसन अपने ग्रोइन इंजरी से रिकवर कर जाएंगे. लेकिन ऐसा नहीं हो सका है. इससे न्यूजीलैंड को बड़ा झटका है. उनके पास टीम इंडिया को लगातार दूसरा मैच हराकर भारत में पहली बार सीरीज जीतने का मौका था. विलियमसन के होने से टीम को उनके अनुभव का फायदा मिलता. लेकिन उनके नहीं होने से यह काम मुश्किल हो सकता है.

एशिया में शानदार हैं विलियमसन के आंकड़े

एशिया में विलियमसन का रिकॉर्ड बेहद शानदार है. वह स्पिन काफी अच्छा खेलते हैं, इसलिए उनका रिकॉर्ड एशिया में काफी अच्छा है. उन्होंने 24 टेस्ट मैच में 48.85 की औसत से रन बनाए हैं. इसमें यूएई में 64.70 की औसत से बनाए 647 रन शामिल नहीं हैं. हालांकि, भारत में उनका रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है. उन्होंने भारत में खेले 8 टेस्ट मैचों में 33.53 की औसत से रन बनाए हैं.

टीम इंडिया बेंगलुरु में मिली हार के बाद वापसी का रास्ता तलाश रही है. इसके लिए अब टीम पुणें में स्पिन फ्रेंडली पिच बनाने का फैसला किया है. ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक पुणे की पिच सूखी होगी और यहां कम उछाल होगा. बेंगलुरु की तरह इस मुकाबले में भी टीम इंडिया तीन स्पिनर्स के साथ उतरेगी.

चेस

## कार्लसन फिर भारत में खेलेंगे, अगले महीने होने वाले टूर्नामेंट में प्रज्ञानंद भी लेंगे हिस्सा



**कोलकाता, एजेंसी।** पिछले सत्र तरह टूर्नामेंट में 'ओपन' और 'महिला' वर्ग की श्रेणियों में रैपिड और ब्लिट्ज मुकाबलों के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। इससे पहले कार्लसन ने 2019 में हिस्सा लिया था और विजेता भी बने थे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन 13 से 17 नवंबर तक यहां होने वाले 'टाटा स्टील शतरंज भारत' के छठे सत्र में मुख्य आकर्षण होंगे। नॉर्वे के स्टार खिलाड़ी दूसरी बार टूर्नामेंट का हिस्सा बनेगा। उन्होंने इससे पहले 2019 में इसमें भाग लिया था और इसके विजेता बने थे। बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अर्जुन एरिगैसी, प्रगनानंदा और विदित गुजराती भी हिस्सा लेंगे। 'ओपन' वर्ग में निहाल सरीन और एसएल नारायणन भी चुनौती को पेश करेंगे।पिछले सत्र तरह टूर्नामेंट में 'ओपन' और 'महिला' वर्ग की श्रेणियों में रैपिड और ब्लिट्ज मुकाबलों के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। इससे पहले कार्लसन ने 2019 में हिस्सा लिया था और विजेता भी बने थे। ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद ने कहा, इस साल मैग्नस कार्लसन के नेतृत्व में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह साल भारतीय शतरंज के लिए उत्सव की तरह है। इस आयोजन से और बढ़ावा मिलेगा।

# बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने से विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई: साक्षी मलिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि पिछले साल विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का एशियाई खेलों के ट्रायल्स से छूट लेने के फैसले से बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई क्योंकि इससे यह अभियान स्वार्थी दिखने लगा। साक्षी इस विरोध प्रदर्शन के तीन मुख्य पहलवानों में से एक थीं, उन्होंने हाल में रिलीज हुई अपनी किताब 'विटनेस में इसके अलावा अपने करियर के संघर्षों के बारे में भी लिखा है।

उन्होंने लिखा कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इन तीनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख शरण सिंह पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद तदर्थ समिति ने कुश्ती का कामकाज देखना शुरू किया जिसने बजरंग और विनेश को 2023 एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट दी लेकिन साक्षी ने अपने साथियों के सुझाव के बावजूद ऐसा नहीं करने का फैसला किया। अंत में साक्षी हिस्सा नहीं ले सकीं लेकिन विनेश खेलों से पहले चोटिल हो गईं और बजरंग पदक जीतने में असफल रहे। साक्षी की आत्मकथा के जोनाथन सेल्वाराज सह लेखक हैं। इसमें साक्षी ने हालांकि उन लोगों के नाम का खुलासा नहीं किया जिन्होंने बजरंग और विनेश को प्रभावित किया। साक्षी ने लिखा, 'पहले की तरह स्वार्थी सोच फिर से हावी होने लगी। बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू कर दिया। वे खेलों के लिए ट्रायल्स से छूट लेने की बात करने लगे। उन्होंने लिखा, 'बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने का अच्छा असर नहीं पड़ा। इससे हमारे विरोध प्रदर्शन की छवि बुरी तरह प्रभावित हुई। इससे हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए जिसमें कई समर्थकों ने यह सोचना शुरू कर दिया कि हम अपने स्वार्थ के लिए यह विरोध कर रहे हैं।

# रणजी के दूसरे चरण के लिए मुंबई टीम का ऐलान; पृथ्वी शॉ हुए टीम से बाहर

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे चरण के लिए टीम की घोषणा कर दी। टीम के ओपनर पृथ्वी शॉ को त्रिपुरा के खिलाफ होने वाले मैच के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने टीम में कुछ बदलाव किए हैं। पृथ्वी शॉ, सूर्यकुमार यादव और तनुश कोटियन रणजी ट्रॉफी 2024-25 के अगले दौर के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। उनकी जगह अखिल हेरवाडकर और कर्ष कोठारी को टीम में वापस बुलाया गया है।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने टीम के चयन को लेकर जो प्रेस रिलीज जारी की उसमें पृथ्वी शॉ को बाहर करने का कारण नहीं बताया गया। पृथ्वी शॉ को अगले मैच से बाहर




किया जाना उनके लिए एक चेतावनी की तरह है जिसका संबंध अनुशासन और उनकी फिटनेस के साथ है। माना जा रहा है कि संजय पाटिल (अध्यक्ष), रवि ठाकुर, जीतेंद्र ठाकरे, किरण पोवार और विक्रांत येलिगेटी वाली मुंबई चयन समिति ने महसूस किया कि शॉ को कम से कम एक मैच के लिए टीम से बाहर रखा जाना चाहिए।

अभी ये कहना मुश्किल है कि उन्हें अगले मैच के लिए टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं, लेकिन चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन का मानना है कि एक मैच से ड्रॉप किया जाना उनसे लिए एक सबक हो सकता है। पृथ्वी शॉ पर ये एक्शन तब लिया गया जब वो नेट और अभ्यास सत्र के दौरान उपलब्ध नहीं रहे। वहीं उन्हें फिटनेस संबंधी समस्या भी है, टीम प्रबंधन का मानना है कि उनका वजन पहले से ही अधिक है। यह भी देखा गया है कि वह नेट अभ्यास सत्रों को गंभीरता से नहीं लेते हैं और उनमें अनियमित रूप से भाग लेते हैं। पृथ्वी शॉ इस घरेलू सीजन में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है और उन्होंने 6 पारियों में 139 रन बनाए हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन ईरानी कप में देखने को मिला था जहां उन्होंने दूसरी पारी में 76 रन बनाए। मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने वडोदरा में बड़ोदा के खिलाफ मुंबई की 84 रन की हार में 7 और 12 रन बनाए थे। वहीं उन्होंने दूसरे रणजी ट्रॉफी मैच में महाराष्ट्र पर मुंबई की नौ विकेट की जीत में 1 और नाबाद 39 रन बनाए। पृथ्वी शॉ अपनी फिटनेस को लेकर भी सवालों के घेरे में हैं। साल की शुरुआत में घुटने की चोट से उबरने के बाद से ही वे अपनी फिटनेस के स्तर को बरकरार नहीं रख पाए हैं।

### रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे दौर के लिए मुंबई की टीम

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अखिल हेरवाडकर, श्रेयस अय्यर, सिद्धेश लाड, सूर्यांश शेडगे, हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), सिद्धांत अद्धतराव (विकेटकीपर), शम्स मुलानी , कर्ष कोठारी, हिमांशु सिंह, शार्दुल ठाकुर, मोहित अवस्थी, मो. जुनेद खान, रॉयस्टन डायस।

# सन ऑफ सरदार 2 में विजय राज की जगह संजय मिश्रा को मिला किरदार



**सन** ऑफ सरदार 2 फिल्म में संजय मिश्रा को विजय राज की जगह किरदार मिला। इस हेर फेर को लेकर संजय मिश्रा ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह सब बिजनेस का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि उन्हें अजय देवगन का फोन आया था। अभिनेता का वह एक कॉल ही उन्हें फिल्म में आने और विजय राज को बाहर करने के लिए काफी था।

### मेरे अच्छे अभिनय पर ध्यान दिया

संजय मिश्रा ने कहा कि मैं फिल्म में विजय राज की जगह आए थे इसलिए उनके दिमाग में एक ही बात थी। उन्होंने कहा कि मेरे दिमाग में था कि मुझे अच्छा अभिनय करना चाहिए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए क्योंकि मैंने विजय जैसे बेहतरीन अभिनेता की जगह ली है। वह दर्शकों और अजय को निराश नहीं करना चाहते, जिन्हें उन पर इतना भरोसा था।

### संजय मिश्रा को सन ऑफ सरदार 2 में किरदार

एक रिपोर्ट के अनुसार अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 विजय राज आने वाली फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे थे, खबरों की मानें को उन्हें फिल्म से हटा दिया गया है। वहीं, उनकी जगह संजय मिश्रा के कहा कि उन्होंने सन ऑफ सरदार 2 में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। संजय मिश्रा ने कहा कि विजय राज उनके दोस्त हैं इसलिए फिल्म में उनकी जगह लेना उनके लिए आसान नहीं था।

# नायरा बनर्जी ने शूटिंग के दौरान आई चुनौतियों के बारे में की खुलकर बात



**फिल्म और टीवी इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री नायरा बनर्जी तेलुगू, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में कई सफल शो देने के बाद अब अपने आगामी शो 'चेकमेट' के लिए तैयार हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने शो में आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की और कई खुलासे किए।**

फि 'दिव्य दृष्टि' और 'जुबान संभालकर' जैसे टेलीविजन शो में काम कर लोकप्रिय हुई अभिनेत्री ने साझा किया कि उनके शो में उनका किरदार उनसे काफी मिलता-जुलता है। शो रहस्यमय हत्याओं, रोंगटे खड़े कर देने वाले अपराधों और सस्पेंस से भरा है। शो में वह मुख्य महिला की भूमिका निभा रही हैं, जिसमें उनके किरदार का नाम नीलम है। उनका किरदार शो में पति शेखर के साथ घुटन भरे विवाह के बंधन में फंस जाता है। अभिनेत्री ने बताया कि शेखर काफी रहस्यमयी व्यक्ति हैं। नाखुश शादी के इस जाल से बाहर आने का संघर्ष, उनका लचीलापन, ताकत और शक्ति ही शो का सार है। शो के बारे में बात करते हुए नायरा ने कहा 'मेरा मानना है कि यह शो अपने आप में बहुत अच्छी तरह से शूट किया गया है।

आज की दुनिया में इस तरह की धोखाधड़ी हमारे समाज में बहुत आम है, लेकिन हम कभी-कभी इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं या बात नहीं कर पाते हैं। इस भूमिका को जीवंत बनाने का मौका दिया।

दर्शक देख सकते हैं कि शो हर एपिसोड के साथ अपने रहस्य को कैसे उजागर करता है। शो में नायरा बनर्जी के साथ शालीन मल्होत्रा, रोहित खंडेलवाल और अरफीन अल्वी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। नायरा ने शो को फिल्माने के दौरान अपने सबसे कठिन शॉट को साझा करते हुए कहा 'मेरा मानना है कि एक रहस्य ड्रामा को फिल्माना अपनी अनूठी चुनौतियों के साथ आता है, क्योंकि दर्शकों के लिए एक रोमांचक और रहस्यपूर्ण अनुभव बनाना हमारी जिम्मेदारी है। सबसे कठिन सीन के बारे में अभिनेत्री ने बताया कि इनमें से सबसे कठिन हत्या का प्रयास वाला सीन था।

# सिंघम करने के लिए खुद को लकी मानती हैं काजल अग्रवाल



**अभिनेत्री** काजल अग्रवाल सिंघम फिल्म में अजय देवगन के साथ नजर आईं थीं। सिंघम फिल्म को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म को लेकर काजल अग्रवाल ने कुछ बातें कही हैं। सिंघम फिल्म को 18 अक्तूबर को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान अजय देवगन और रोहित शेट्टी ने प्रशंसकों से बात की थी। ये फिल्म साल 2011 में पहली बार रिलीज की गई थी। इस फिल्म में अजय देवगन को पहली बार बाजीराव सिंघम की भूमिका में देखा गया था, हिंदी सिनेमा में इस फिल्म के जरिए काजल ने भी डेब्यू किया था।

### बॉलीवुड में सेट किया नया ट्रेंड

एक इंटरव्यू के दौरान काजल ने बात की। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों के साथ मुझे इसके जरिए दोबारा मिलने का मौका मिला है। सिंघम बहुत ही स्पेशल फिल्म है। यह बॉलीवुड में ट्रेंड सेट करने वाली खास फिल्मों में से एक है। फिल्म को बहुत सारे प्रशंसक मिले हैं। ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।

### टीवी पर भी अक्सर आती है फिल्म

काजल ने कहा कि बहुत से प्रशंसक आज भी सिंघम फिल्म को टीवी या ओटीटी पर देखना पसंद करते हैं। काजल ने कहा, लोग आज भी इस फिल्म को देखते हैं। वहीं, कई ऐसे लोग हैं, जो मेरे पास आते हैं और मुझे बताते हैं कि ये टीवी पर भी कई बार दिखाई जा चुकी है। ये फिल्म एक्शन और ह्यूमर से भरी हुई है, जिसके लिए रोहित शेट्टी जाने जाते हैं।

### फिल्म का हिस्सा होने को लेकर बोलीं काजल

सिंघम में काम करने से पहले काजल को तमिल फिल्मों में देखा जाता था। काजल ने कहा, मैंने अपना करियर रीजनल सिनेमा से शुरू किया था। मैं लकी हूं कि मुझे कुछ बहुत ही अच्छी फिल्में करने का मौका मिला है। सिंघम फिल्म मुझे खास तौर पर बहुत पसंद है। मुझे मालूम है कि मैं बहुत बड़ी फिल्म का हिस्सा हूं, लेकिन बड़ा बनने के लिए मैंने ये फिल्म नहीं की थी।

हैं।

# करण ने की खास दोस्त करीना की खिंचाई





**फिल्म** इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक सफल फिल्में देने वाले लोकप्रिय फिल्म निर्माता करण जौहर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें जौहर अपनी बेस्ट फ्रेंड करीना कपूर खान की सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के बारे में खुलकर बात करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान वह बेबो की खिंचाई भी करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो टॉक शो कॉफी विद करण के एक एपिसोड का है। वीडियो में करण जौहर बेबो की खिंचाई करते हुए कहते नजर आ रहे हैं कि उन्होंने कभी खुशी कभी गम के एक सीन में पूरी तरह से और एक्टिंग की है। करीना कपूर और शाहिद कपूर उस वक्त कथित तौर पर एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। वीडियो में करण जौहर शो में शाहिद से कहते नजर आ रहे हैं कि करीना फिल्म के एक अंतिम संस्कार वाले सीन में रोती हैं। बाद में उन्होंने करण से पूछा कि फिल्म में किस किरदार की मौत हुई है। जब करण जौहर ने उन्हें बताया कि सीन में अमिताभ बच्चन की मां का किरदार था, तो करीना ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्होंने ओवर एक्टिंग की है।

हाल ही में एक कॉमेडी टॉक शो के दौरान करीना ने अपनी बहन के बारे में एक बड़ा खुलासा किया, जब उनसे करिश्मा के पहले बॉलीवुड क्रश के बारे में पूछा गया। इस पर करीना ने तुरंत जवाब दिया मुझे लगता है, सलमान खान, जिससे उनकी बहन लोलो हैरान रह गई और चौंक पड़ीं। एपिसोड में करीना ने यह भी खुलासा किया कि वह अपने पति सैफ अली खान के लिए सबसे पहले अपने प्यार का इजहार करने वाली थीं और यहां तक कि उन्होंने सैफ को अपने नाम का टैटू बनवाने के लिए भी मजबूर किया।

करिश्मा ने यह भी बताया कि ऐसे कई मौके आए हैं जब उन्होंने अपनी बहन से फ़िल्में देखने के लिए कहा, लेकिन बाद में उन्हें निराशा हाथ लगी क्योंकि वे फिल्में देखने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं थीं। शो में एक समय पर अभिनेता-कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक अपने चाचा गोविंदा की पोशाक पहनकर आए। कृष्णा अभिषेक के साथ बातचीत करते हुए करिश्मा ने बताया कि वह गोविंदा के साथ एक दिन में ही गाने की शूटिंग कर लिया करती थीं।

# पसुपु दंचदम समारोह से शुरू हुई शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य के शादी की रस्म



साउथ फिल्म जगत की खूबसूरत अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला और स्टार नागा चैतन्य जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। दोनों के विवाह की रस्में शुरू हो चुकी हैं, जिसकी प्यारी सी झलक एक्ट्रेस ने दिखाई। सोमवार को मेड इन हेवन अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पसुपु दंचदम समारोह की तस्वीरें साझा की। यह समारोह दक्षिण भारतीय संस्कृति में विवाह समारोह की शुरुआत का प्रतीक है। इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को अभिनेत्री ने भावनाओं से सजाया। लिखा 'गोधुमा राय पसुपु दंचदम और इस तरह यह शुरू हुआ'। इस अवसर के लिए अभिनेत्री कोरल रेशमी साड़ी को सुनहरे ब्लाउज के साथ पहने नजर आईं। अभिनेत्री अपने लंबे बालों को बांधकर उसमें गजरा लगाए नजर आईं। इसके साथ सोने के गहने और हरी हरी चूड़ियों के साथ प्री-वेडिंग इवेंट लुक को पूरा किया। साझा की गई कई तस्वीरों में अभिनेत्री हल्दी पीसने के साथ पुजारी और अपने परिवार के वरिष्ठों से आशीर्वाद लेती नजर आईं। तस्वीरों में वह बहन, दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ शानदार समय बिताते नजर आ रहीं। कुछ अन्य फ्रेम में वह कैमरे के लिए खूबसूरत पोज देती नजर आ रही

अभिनेत्री जल्द ही नागा चैतन्य के साथ जिंदगी की नई शुरुआत करने जा रही हैं।

शोभिता और नागा चैतन्य की इस साल अगस्त में हैदराबाद में सगाई हुई थी। इस अवसर पर दोनों के परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए थे। शोभिता रमन राघव, शेफ, कालाकांडी, गूडचारी, समीरा, मूथोन, रोजी, द बॉडी, घोस्ट स्टोरीज, पोन्नियिन सेल्वन में अपनी एक्टिंग का जौहर दिखा चुकी हैं।

# मैं दिल तुम धड़कन शो की अभिनेत्री राधिका मुथुकुमार ने ऑन-स्क्रीन मां बनने के अपने अनुभव को साझा किया



**एक** मां होने के अनुभव को अक्सर प्यार और ताकत की सबसे सुंदर अभिव्यक्ति माना जाता है, और हर स्त्री में यह एक स्वाभाविक भाव होता है। 'शेमारू उमंग'के शो मैं दिल तुम धड़कन में वृंदा का किरदार निभाने वाली राधिका मुथुकुमार के लिए ऑनस्क्रीन मां की भूमिका निभाना एक बेहद संतोषजनक अनुभव रहा है।

यह पहली बार है जब राधिका किसी शो में मां का किरदार निभा रही हैं और उन्होंने बताया कि कैसे यह किरदार उनके दिल के करीब आ गया है। राधिका मुथुमुकर अपने और वृंदा के किरदार के बीच गहरे संबंध को साझा करते हुए बताती हैं, वृंदा का किरदार निभाना मेरे लिए एक खास यात्रा रही है। पहली बार मुझे ऑनस्क्रीन मां का किरदार निभाने का मौका मिला और जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट सुनी, तो मुझे तुरंत लगा कि मैं इसके लिए तैयार हूं। मेरा मानना है कि हर औरत के अंदर एक स्वाभाविक मातृत्व की भावना होती है; मातृत्व का एहसास सिर्फ जैविक संबंधों तक सीमित नहीं होता।

जब मैंने अपने ऑनस्क्रीन बेटे कान्हा के साथ काम करना शुरू किया, तो मैंने उसे कभी सिर्फ एक किरदार के रूप में नहीं देखा। मैंने उसे हमेशा अपने बच्चे की तरह ही महसूस किया। सेट पर और सेट के बाहर भी, हमारी बॉन्डिंग बिल्कुल प्राकृतिक है। हम साथ खेलते हैं, मैं उसकी देखभाल करती हूं और जब मैं सेट पर नहीं होती, तो वो मुझे ढूंढता है। यह जुड़ाव मेरे लिए बिल्कुल स्वाभाविक है। वह आगे कहती हैं, जब भी हम ऐसे सीन शूट करते हैं, जहां कान्हा को वृंदा से अलग किया जाता है, तो यह मेरे लिए बेहद भावुक पल होता है।

# भाई हूं मैं, तू फिक्र ना कर

## • सलमान खान के समर्थन में उतरे मीका, बिश्नोई गैंग को दी खुली चुनौती!



**भाईजान** को अपने करीबी दोस्त और गायक मीका सिंह का साथ मिल गया है। गायक लाइव इवेंट में सलमान खान को अपना समर्थन देते नजर आए हैं। साथ ही उन्हें धमकी देने वालों को ललकारते देखा गया है।

सलमान खान को हाल ही में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने धमकी दी थी और कथित तौर पर दुश्मनी खत्म करने के लिए पांच करोड़ रुपये की मांग की थी। बढ़ती धमकियों को देखते हुए सलमान खान ने अब अपने सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं। अभिनेता ने अतिरिक्त सुरक्षा के लिए अपने बेड़े में बुलेटप्रूफ वाहन शामिल किया है। सलमान के करीबी रहे बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं, अब भाईजान को अपने करीबी दोस्त और गायक मीका सिंह का साथ मिल गया है। गायक लाइव इवेंट में सलमान खान को अपना समर्थन देते नजर आए हैं। साथ ही उन्हें धमकी देने वालों को ललकारते देखा गया है।

### सलमान को मिला मीका का साथ

जान से मारने की धमकियों के बीच, सलमान के करीबी दोस्त और गायक मीका सिंह ने हाल ही में फिल्म शूटआउट एट लोखंडवाला से अपने हिट ट्रैक ए गणपत के बोल समर्पित करके उन्हें एक संदेश भेजा। एक शो के दौरान उन्होंने कहा, सलमान खान के लिए एक लाइन है कि भाई हूं भाई, तू फिकर ना कर। उसकी मां की, उसकी बहन की, जो देखे इधर। अपुन को बता दे कभी हो गयी फंटर। सबकी फटती अपने नाम से अपुन जाए जिधर। थोड़ा कोक-शोक हो तो अपुन के दोस्त को दे ना यार।

### वीडियो पर लगी प्रतिक्रियाओं की लड़ी

मीका सिंह का वीडियो देख सलमान खान के प्रशंसक उनके साहस की सराहना करते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, दिल जीत लिया मीका भाई। दूसरे ने मीका को सलमान का सच्चा दोस्त बताया। वहीं, एक यूजर ने टिप्पणी की, भाई क्यों फालतू में लॉरेंस बिश्नोई से पंगा ले रहे हो। एक अन्य ने लिखा, भाई नया पंगा मोल मत लो।

### बिग बॉस 18 की मेजबानी के दौरान छलका सलमान का दर्द

हाल ही में सलमान ने बिग बॉस 18 की मेजबानी करते हुए साझा किया कि वह एपिसोड शूट नहीं करना चाहते थे लेकिन काम की प्रतिबद्धताओं के कारण उन्हें ऐसा करने की आवश्यकता महसूस हुई। उन्होंने कहा, यार, कसम खुदा की कि मैं अपनी जिंदगी में किस दौर से गुजर रहा हूं और मुझे आकर इसे संभालना पड़ रहा है। मुझे लगता है कि मुझे आज यहां नहीं आना चाहिए था, लेकिन आपको जो करना है वो तो करना ही होगा।

-साभार एजेंसी